डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 82,962.71 +1,439.55

डॉलर 83.938 -0.051

रांची सर्राफा

10 ग्राम ₹ 72,290 | 01 किलो ₹91,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

अश्विन शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 03 अक्टूबर 2024, वर्ष-30, अंक- 345, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com


## तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण



| योजना लागत | फ्लाईओवर की लम्बाई | फ्लाईओवर की चौड़ाई |
|---|---|---|
| ₹224.94 करोड़ | 2240 मीटर | 16.6 मीटर |

**₹3264.00 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन**

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत **₹2471.90 करोड़**

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत **₹792.10 करोड़**

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री संजय सेठ**
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

**श्रीमती महुआ माझी**
माननीय सांसद, राज्यसभा

**श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची

### उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

### शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतगर्त मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरिखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**

PR No. 337917 (IPRD) 2024-25

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

## एक नजर

### दो घरों से मोबाइल व रुपए की चोरी

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के हरिहर चौक (बगीचा) निवासी जितेन्द्र कुमार व गुलाम सरवर ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर दो लोगों के खिलाफ मोबाइल और 5000 रुपए नकदी चोरी कर लेने का आरोप लगाया है। जितेंद्र कुमार ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि गर्मी की वजह से वह अपने कमरे का दरवाजा खुला रख कर सो रहे थे। छत से घर के अंदर प्रवेश कर चोरों ने उनका मोबाइल फोन व 5000 रुपए नकदी चुरा कर भाग गए। इस बीच पड़ोसी गुलाम सरवर शोर मचाते हुए घर से निकले की उनके घर से भी मोबाइल फोन की चोरी कर चोर भाग गए हैं। दोनों भुक्तभोगियों ने बगल के मुहल्ले के दो लोगों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि इस संबंध में आवेदन मिला है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### खादी ग्रामोद्योग में मनाई गयी गांधी जयंती

**हरिहरगंज।** खादी उत्पत्ति प्रशिक्षण सह बिक्री केंद्र, हरिहरगंज में बुधवार को गांधी जयंती मनायी गयी। राष्ट्रपिता बापू के चित्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि गांधी के गरिमा एवं उनकी विचारधारा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। हरिहरगंज के विभाग प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि गांधी जयंती, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ एवं अन्य त्योहारों के अवसर पर खादी वस्त्रों पर 20 फीसदी, जबकि रेडीमेड खादी वस्त्रों पर 25 फीसदी तक की छूट दिए जाने की बात बतायी। मौके पर सहायक कौशल किशोर, करण कुमार, अमित कुमार, कुंदन कुमार, अंकु कुमार सहित कई लोग मौजूद थें।

### एसडीओ का विदाई समारोह

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा के सम्मान में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।पुलिस प्रशासन के लोगों व स्थानीय प्रबुद्धजनों द्वारा आयोजित सादे समारोह में उन्हें पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान भावुक होते हुए एसडीओ पीयूष सिन्हा ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के लोगों से जो प्रेम, स्नेह तथा सहयोग मिला उसे सदा याद रखेंगे। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने भी उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों को याद कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।मौके पर नवपदस्थापित एसडीओ कृष्कान्त कनवड़िया, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, बीडीओ, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुदामा मेहता, टिंकू चौधरी, सुजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### गांधी आश्रम में मनाई गई गांधी जयंती, प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता को किया नमन

# गांधी के बताये मार्गों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : नरेंद्र सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** पलामू प्रमंडल का एकलौता गांधी आश्रम नावा बाजार प्रखंड के कंडा में उनके सैकड़ों अनुयायियों ने आश्रम स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पहले वहां के सैकड़ों स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी गांधी आश्रम से शुरू होकर गांव के सभी मुख्य मार्ग होते हुए आश्रम पहुंचकर सम्पन्न हुई । प्रभात फेरी में शामिल बच्चे गांधी जी अमर रहे का नारा बुलंद किया। जयंती समारोह में शामिल अनुयायियों ने उनका प्यारा भजन रघुपति राघव राजाराम गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहां उपस्थित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके साथ ही सभी लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी चौक पहुंचकर वहां के सभी 10 स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि मुखिया नरेंद्र सिंह ने कहा कि गांधी जी के बताए मार्गों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कंडा एक ऐसा गांव है, जहां प्रमंडल का एकलौता न सिर्फ गांधी आश्रम है, बल्कि यहां के 10 वीर सपूतों ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर अपना नाम स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अमर किया है। यह कंडावासियों के लिए गौरव की बात है। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर आश्रम उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर भारती, सचिव योगेंद्र विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष गिरजा शंकर राम, रमेश कुमार, सत्यनारायण विश्वकर्मा, रामप्रवेश सिंह समेत कई लोगों ने उपस्थित होकर गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### दोनों महापुरूषों के बताए मार्गो पर चलने की जरूरत : आशीष सिन्हा



**सतबरवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती बुधवार को सामजिक कार्यकर्ता अशीष कुमार सिन्हा ने पोंची अपने पोंची स्थित आवासी परिसर में मनायी। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर फूल माला अर्पित कर किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने देश की आजादी में अपना जीवन समर्पित कर दिया। इनके बताये मार्गो पर चलने की जरूरत है। तभी देश का विकास होगा। मौके पर सासंद के सतबरवा प्रतिनिधि मनीष कुमार ने कहा कि लाल बहादुर शस्त्री ने महात्मा गांधी के आह्वान से प्रेरित होकर 1920 में असहयोग आंदोलन में भाग लिया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई। लाल बहादुर शास्त्री ने नमक सत्याग्रह (1930), भारत छोड़ो आंदोलन (1942) में भाग लिया। कई बार जेल भी गए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अशोक राम, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्प पप्पू सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रीती गुप्ता, उदय सिंह, आरती सिन्हा, रंजू देवी ,अनिता देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

## लटपौरी सहित सभी पंचायतों में विशेष ग्रामसभा, याद किए गए बापू

- आगामी वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक कार्य योजना व श्रम बजट का लिया गया प्रस्ताव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी सहित सभी ग्राम पंचायतों में बुधवार को विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। इससे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर का माल्यार्पण कर जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया। लटपौरी पंचायत के मुखिया उमेश राम ने बताया कि पंचायत सचिवालय में आयोजित विशेष ग्राम सभा में मुख्य रूप से महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्य योजना और श्रम बजट के प्रस्ताव लिए गए हैं।इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग मद से भी कार्यान्वयन के लिए जरूरी योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। विशेष ग्राम सभा का आयोजन उप विकास आयुक्त सह अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक के पत्र के आलोक में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी के निदेर्शानुसार किया गया। ग्राम सभा में उनके अलावा उपमुखिया शशि देवी, पंसस मालती देवी, पंचायत स्वयंसेवक मुन्ना कुमार, सभी वार्ड सदस्य व ग्रामीण शामिल थे। इसी प्रकार मोहम्मदगंज में मुखिया कमला देवी, रामबांध में अबूनसर सिद्दिकी, कोल्हुआ-सोनबरसा में प्रिया सिंह, कादलकुर्मी में अनीता देवी, गोड़ाडीह में शोभा देवी, पंसा में विकास सिंह और बरडंडा में सुदर्शन राम की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई है।

## स्वच्छता अभियान को सफल बनाना बापू को सच्ची श्रद्धांजलि : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका नमन किया। उन्होंने बापू के स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार करने के लिए इसे लेकर भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराए गए कूड़ा संग्रह वाहन का उचित तरीके इस्तेमाल करते हुए बापू जी की कल्पना को मूर्तरूप देने के लिए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की जरूरत है। यही बापू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने को लेकर पंचायत सचिव को दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर सीओ रणवीर कुमार व दुकानदार संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पंचायत सचिव अविनाश कुमार के अलावा नीरज कुमार अग्रवाल, कमलेश मेहता, राकेश कुमार सिंह, विजय कुमार,चंदन कुमार,भरत मेहता, दिनेश मेहता , शशि मेहता , शंकर प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता,रौशन कुमार, मनीष कुमार व दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बदलाव यात्रा से पांकी विधानसभा में आएगा परिवर्तन : लाल सूरज

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के नेता लाल सूरज बुधवार को बदलाव यात्रा रथ का शुभारंभ लेस्लीगंज के गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। बदलाव यात्रा रथ को पार्टी का झंडा दिखा कर रवाना किया गया। पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने बदलाव यात्रा रथ को रवाना करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह बदलाव यात्रा रथ पूरे पांकी विधानसभा में घूमेगा। पांकी विधानसभा में जनता में पूर्व एवं वर्तमान विधायक के कार्य कलापों के प्रति लोगों में आक्रोश है। उनके छोटे-छोटे समस्याओं पर कोई काम नहीं हुआ है। मौके पर कांग्रेस पार्टी के कृष्णकांत दुबे, भीम शुक्ला, रिंकू सिंह, कमेश सिंह रवि, सुदेश्वर राम, अनिल कुमार वर्मा, कमलेश सिंह ,बलकेश पासवान ,कमलेश कुमार, हाजीअकमल खान सहित कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### पोल्डीह पंचायत के 34 लाभार्थियों को मिला वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति

**हुसैनाबाद।** गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर हुसैनाबाद प्रखंड के पोल्डीह पंचायत सचिवालय परिसर में एक समारोह आयोजित कर पंचायत की मुखिया संजू देवी पंचायत के विभिन्न गांवों की 34 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री वृद्धापेंशन योजना की स्वीकृति प्रदान की गई।इस मौके पर मुखिया ने कहा कि एसटी एससी के 50 व जेनरल महिला व पुरुषों की 60 वर्ष को पूरी पारदर्शिता के साथ उक्त लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पेंशन योजना चला कर एक सराहनीय कदम उठाया है। इस मौके पर अनार देवी, शांति देवी, सूरजी देवी,अंजू देवी, मीना देवी, महेन्द्र सिंह, प्रसीद्ध राम,संध्या देवी,पुष्पा देवी, सरस्वती देवी,उषा देवी,मालती देवी, जयंती देवी के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### मजदूर किसान महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**पांकी।** प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के मौके पर पांकी के कर्पूरी चौक, शहिद भगत सिंह चौक,अंबेडकर चौक सहित अन्य सरकारी संस्थाओं में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पांकी पूर्वी के पूर्व जिला पारिषद सदस्य सह भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता ने कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने छात्रों से अपने घर मुहल्ला ,सड़क, महाविद्यालय समेत आसपास की जगह को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ दिलीप कुमार राम,सचिव बिंदेश्वरी सिंह, समाजसेवी साधु मांझी, संतू सिंह, बरमेश्वर सिंह,गौरव कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पहली बार बाजार की स्वच्छता के लिए किया कूड़ा गाड़ी का इंतजाम

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड प्रशासन ने बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती पर स्थानीय बाजार क्षेत्र की स्वच्छता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके तहत पहली बार बाजार क्षेत्र की नियमित सफाई के लिए पेयजल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प प्रदत्त कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, अंचलाधिकारी रणवीर कुमार व अन्य कई लोगों ने कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाई। मौके पर बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था के संचालन के लिए दुकानदार संघ की कमेटी गठित की गई। इस कमेटी के मनोज कुमार सिंह अध्यक्ष, नीरज कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष, राकेश कुमार सिंह सचिव व कमलेश कुमार मेहता कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। इसके अलावा कमेटी में बतौर सदस्य पंकज कुमार, विजय कुमार, चंदन कुमार, भरत मेहता, धर्मेंद्र गुप्ता, राजू चौरसिया, शंकर प्रसाद गुप्ता, शशि मेहता, मो. जनरल, दिनेश मेहता और बाबूराम साव को शामिल किया गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि के रूप में रौशन कुमार के अलावा मनीष कुमार व अन्य कई लोग भी उपस्थित थे।

## नगर परिषद का स्वच्छता पखवाड़ा का समापन, सफाई मित्रों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा पिछले 15 दिनों से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा का समापन गांधी जयंती के अवसर पर किया गया। सुबह में स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली भी निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम गांधी चौक के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नप अधिकारियों,नप प्रतिनिधियों व स्थानीय गण्यमान लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उसके बाद लोगों ने स्वच्छता का शपथ लिया।कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न स्कूलों में आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता के विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत व संचालन नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, एनामुल हक गुड्डू, सिटी मैनेजर प्रभात कुमार, सुबोध केशरी, दीपक चंद्रवंशी, रवि कुमार, विजय कुमार रवि, मजमुदिन अंसारी, राजेश प्रसाद, आनंद कुमार, संदीप कुमार, रमेश कुमार, प्रवीण कुमार, कमलेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**पोलपोल।** श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ के 48वें अधिवेशन का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु, महिला और पुरुष रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर कलश लेकर यज्ञ मंडप तक पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गई। श्रद्धालु जल यात्रा के दौरान पैदल औरंगा नदी तक गए और विधिपूर्वक पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल तक पहुंचे। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रों और 'जय श्री राम' के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में डूब गया। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं की पंक्तिबद्ध उपस्थिति और श्रद्धालुओं के जयकारे मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। आचार्य और पंडितों ने विधिवत कलश स्थापना करवाई। गुरुवार से अयोध्या से पधारे विद्वानों द्वारा श्री रामचरितमानस का संगीत मय पाठ शुरू होगा, जो अगले नौ दिनों तक चलेगा। रात में कथा प्रवचन और देर रात रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। यज्ञ की पूणार्हुति 12 अक्टूबर को होगी। इस अवसर पर यज्ञ मंडप को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह, उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, महासचिव लीलेश्वर सिंह, सूरज प्रकाश सिंह, सचिव शशि सिंह, विनोद ठाकुर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा

**हुसैनाबाद।** रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ समिति के तत्वावधान में शहर के महावीर जी भवन परिसर में आयोजित 44 वां रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा की शुरूआत जपला महावीर जी भवन यज्ञस्थल से की गयी। जो नगर भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी पहुंची। जहां मानस नगरी रजवरिया से पधारे आचार्य धर्मराज पांडेय व मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, संजय पाठक ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। साथ ही पुनः कलशयात्रा में शामिल लोग यज्ञस्थल पहुंचे। इसके बाद आचार्य द्वारा कलश स्थापित की गयी। संपूर्ण महायज्ञ अनुष्ठान आचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में संपन्न होगा। तीन अक्टूबर से मानस पाठ की शुरूआत होगी। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बिनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, विनय सिंह यादव, प्रकाश लाल अग्रवाल, लोकनाथ केशरी, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, राकेश तिवारी, मंटू अग्रवाल, योगेंद्र सिंह,संतोष कुमार, शनि कुमार, सूरज प्रसाद गुप्ता, पप्पू कुमार, श्रवण अग्रवाल, कामख्या नारायण सिंह, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, नजीर अहमद, उदयनाथ विश्वकर्मा, कल्लू, पप्पू, संतोष गुप्ता, उदय सोनी, राजकुमार कश्यप, राजकुमार गुप्ता, अजीत अग्रवाल, माईकल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विभिन्न दलों के नेताओं ने महात्मा गांधी व शास्त्री को याद कर नमन किया

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में गांधी चौक पर आदमकद प्रतिमा पर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर जिले के मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था, देश के नागरिकों के मन से डर निकालने और आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए जागरुक करने वाले गांधी जी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का दर्जा हासिल है। मौके पर राजद के पूर्व विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार,रवि यादव, विनय कुमार सिंह यादव,प्रमुख राजकुमारी देवी, रामजनम सिंह, सुदेश्वर राम, रवि याधव, विजय गुप्ता, देव कुमार बोस,जेएमएम के एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ.एजाज आलम, भाजपा के विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह,अजय प्रसाद गुप्ता, श्रवण कुमार, एनसीपी के गुड्डू सिंह, जिशान हसन,रविंद्र कांस्यकार, प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुहैल आलम,पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, अखिलेश यादव, राजकुमार कश्यप, अर्जुन प्रसाद गुप्ता सहित कई लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के प्राथमिकी अभियुक्त अंकित सिंह उर्फ नीतीश सिंह उम्र 22 वर्ष पिता ललू सिंह साकिन सुल्तानी थाना हरिहरगंज। जिला पलामू के घर हरिहरगंज थाना के सहयोग से स्थानीय मुखिया विनय कुमार सिंह एवं उपस्थित ग्रामीण के समक्ष अभियुक्त के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया। इसके अलावे इश्तेहार की प्रति चौक चौराहे पर भी चिपकाया गया है। इस दौरान अभियुक्त के परिजनों को अभियुक्त को न्यायालय में आत्मसमर्पण कराने को कहा गया है। इस आशय की जानकारी देवरी ओपी प्रभारी बबलू गुप्ता ने दी।

### जय मां दुर्गा युवा क्लब ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**पांडू।** जय मां दुर्गा युवा क्लब पूजा कमेटी ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने और समन्वय के लिए पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ को सम्मानित किया। पूजा कमेटी के सदस्यों ने आज थाना प्रभारी से मुलाकात कर उन्हें पूजा की तैयारियों की जानकारी दी और स्मृति चिह्न भेंट कर आभार प्रकट किया। थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने कमेटी को पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन का आश्वासन देते हुए, सभी से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और कमेटी का समन्वय पूजा के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर मोहित सिंह, बिट्टू सिंह, मयंक सिंह, आदर्श सिंह, अंकुश सिंह, और आर्यन सिंह मौजूद थे।

### कचरा से होने वाली बीमारियों से मिलेगा छुटकारा : मुखिया

**सगालीम।** पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल ने आसेहार पंचायत को कचरा फेंकने के लिए एक तीन पहिया वाहन सौंपा। इस अवसर पर आसेहार पंचायत के मुखिया देवसागर राम ने फीता काटकर एवं वाहन को चलाकर शुभारंभ किया। स्थानीय लोग ने कहा कि मुखिया के इस पहल को स्वच्छता के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। इससे पंचायत में सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। आसेहार मुखिया देवसागर राम ने कहा कि यह वाहन कचरे के समुचित निपटारा में मदद करेगा और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया। तीन पहिया वाहन के जरिए कचरा संग्रहण की प्रक्रिया को तेज करने की योजना है, जिससे पंचायत में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से यहां के ग्रामीण को कोई दिक्कत की सामना नहीं करना पड़े। यह कदम स्वच्छ भारत मिशन के तहत उठाया गया है,जिससे पंचायत स्वच्छ रह सके। मौके पर राकेश मेहता,अख्तर हुसैन,विशाल कुमार,दिलीप कुमार,मुकेश राम,रवि कुमार, डिगर कुमार,बसंत कुमार , मनोज राम,के साथ दर्जनों लोग शामिल थे।

### नवविवाहिता की मौत मामले में 6 पर प्राथमिकी दर्ज

**हरिहरगंज।** मेन रोड़ स्थित पंचमंदिर के सामने 20 वर्षीय नवविवाहिता मिंकी कुमारी की मौत मामले में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना अंतर्गत तेंदुआ भुसौली गांव निवासी मृतका के पिता दूधेश्वर प्रसाद गुप्ता के आवेदन के आधार पर ससुराल वालों के खिलाफ स्थानीय थाना में मामला दर्ज किया गया है। आवेदन में कहा गया है कि मिंकी कुमारी का विवाह अप्रैल 2024 में हरिहरगंज में किया गया था। शादी के बाद से ही ससुराल वालों का रवैया सही नहीं था। दहेज को लेकर मृतका के पति सौरभ गुप्ता, ससुर सूर्यदेव साव, सास मुन्नी देवी, जेठ प्रफुल्ल प्रसाद, जेठानी संध्या देवी सहित देवर मैक्स कुमार पर मिंकी कुमारी की रस्सी से गला दबाकर हत्या करने की बात कही गयी है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। मालूम हो कि बीते मंगलवार को मृतका का शव संदिग्ध अवस्था में उसके कमरे से बरामद हुआ था।

### पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में भी पिण्डदान की रस्म अदायगी की

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीमचूल्हा में कोयल नदी के तट पर पितृपक्ष में पितरों को पिण्डदान की रस्म अदायगी भी शुरू हो गई है। चालू पितृपक्ष में भीमचूल्हा शिव मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी ने कादलकुर्मी व अन्य गांवों के यजमानों का पिण्डदान कराया। उन्होंने बताया कि पहली बार यहां कोयल नदी के पावन तट पर 10 से अधिक यजमानों के पिण्डदान के रस्म अदायगी पूरी कराई गई। अंतिम दिन बुधवार को सर्व पित्र तर्पण श्राद्ध के साथ पितृपक्ष का समापन हुआ। बता दें कि भीमचूल्हा पर्यटकों के लिए आकर्षण के साथ ही मकरसंक्रांति, कार्तिक पूर्णिमा, सावनी सोमवारी, महाशिवरात्रि व चैती छठ महापर्वको लेकर श्रद्धालुओं की आस्था का भी केंद्र बन गया है। जहां मांगलिक कार्यक्रम के बाद अब पितरों के पिण्डदान का भी प्रचलन शुरू हो गया है।

### पुलिस ने जावा महुआ व शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया

**नीलांबर पीतांबरपुर।** नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बुधवार को अवैश शराब बनाने व बिक्री करने के वालों के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान में थाना क्षेत्र के ग्राम कुराईन पतरा एवं कठौंधा में अलग-अलग जगह से 150 किलों जावा महुआ और शराब बनाने वाले उपकरणों को भी विनष्ट कर दिया गया। पुलिस आने की सूचना मिलते ही अवैध शराब चुलाई के धंधे में शामिल लोग पुलिस को देखते ही भाग खड़े हुए। छापेमारी अभियान को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम कुराईन पतरा एवं कठौंधा में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया गया है। जिसमें लगभग 150 किलों जावा महुआ एवं शराब बनाने वाले उपकरण को विनष्ट किया गया है। उन्होंने कहा की शराब बनाने वाले पर पुलिस कार्रवाई करेगी। अवैध शराब के व्यापार को रोकने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे। छापेमारी अभियान में एसआई राजू मांझी,रंजीत कुमार के अलावा थाना पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की रास्ते में मौत, महिला घायल

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत मोहम्मदगंज-जपला मुख्य सड़क पर नागबाबा मंदिर के पास मंगलवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए मेदिनीनगर ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घायल युवक की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के बहरपुरा गांव निवासी रविंद्र राम के 28 वर्षीय पुत्र अभिमन्यु कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अभिमन्यु अपने गांव से मोहम्मदगंज की ओर जा रहा था। सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने के क्रम में दुर्घटना में अभिमन्यु गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला को भी मामूली चोटें आईं हैं। महिला का इलाज मोहम्मदगंज के एक निजी क्लीनिक में किया गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीण बिट्टू सिंह, राहुल सिंह ने त्वरित 108 एंबुलेंस की मदद से अभिमन्यु को हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करा कर घटना की सूचना उसके परिजनों को सूचना दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### पारा शिक्षक के साथ शिक्षिका के पति ने की मारपीट, थाने में शिकायत

**हुसैनाबाद।** राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय लंबी गली हुसैनाबाद के पारा शिक्षक मोहम्मद इरफान ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर अपने ही विद्यालय की शिक्षिका फरजाना खातून के पति पर विद्यालय में आकर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि वह अपना कार्य कर रहे थे। इसी बीच विद्यालय की शिक्षिका फरजाना खातून के पति वहां आकर गाली गलौज करने लगे। माना करने पर उन्होंने मारपीट भी की। इस मारपीट ने उनकी उंगली टूट गई है। इरफान ने आवेदन में कहा है कि फरजाना खातून के पति बच्चों की हाजिरी उपस्थिति पंजी में बढ़ाकर बनाने का दबाव बना रहे थे। जब उनसे बोला की आप कौन होते हैं आदेश देने वाले, तो उन्होंने कहा कि उनकी बीवी शिक्षिका है। वह जो कहेंगे, तुम्हे करना पड़ेगा। मोहम्मद इरफान ने थाना प्रभारी से जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 03 अक्टूबर 2024, वर्ष-30, अंक-345, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 14



मध्य पूर्व में युद्ध की आहट

जी-7 ने बुलाई ...

संसेक्स
84,266.29 -33.49

डॉलर
83.944 +0.037

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 76,270
01 किलो 91,300

## शारदीय नवरात्र

### प्रथम : शैलपुत्री



यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से प्रथम रूप है। मां शैलपुत्री चंद्रमा को दर्शाती हैं और इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष खत्म हो जाते हैं।

वन्दे वांछित लाभाय
चन्द्रार्द्धकृत शेखराम।
वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्री
यशस्विनीम॥

नवरात्र पूजन के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन होता है। पर्वतराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया है। मां शैलपुत्री दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प लिये अपने वाहन वृषभ पर विराजमान होती हैं। नवरात्र के इस प्रथम दिन की उपासना में साधक अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। शैलपुत्री का पूजन करने से 'मूलाधार चक्र' जागृत होता है और यहीं से योग साधना आरंभ होती है, जिससे अनेक प्रकार की शक्तियां प्राप्त होती हैं।

# घुसपैठियों का वोट बैंक बनाने झारखंड की ही बलि दे रही सरकार

**संथाल में डेमोग्राफी बदल गई और झामुमो सरकार अदालत में हलफनामा देकर घुसपैठ से इनकार कर रही**



**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को झारखंड के हजारीबाग में परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ, भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो, कांग्रेस और राजद पर जोरदार हमले किए। बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या को भयावह बताते हुए पीएम मोदी ने कहा सत्ता में बने रहने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने अपना एक नया वोट बैंक तैयार करने के लिए झारखंड को ही बलि पर चढ़ा दिया है। वोट बैंक का खेल कितना खतरनाक है, संथाल परगना इसका जीता जागता सबूत है, जहां आदिवासी आबादी लगातार कम हो रही है। डेमोग्राफी में इतना तेज बदलाव और आदिवासियों एवं हिंदुओं की घटती आबादी का सच हर किसी को दिख रहा है, लेकिन झारखंड सरकार को यह नहीं दिखता। वे मानने को तैयार नहीं हैं कि जनसंख्या संतुलन बिगड़ रहा है। हाईकोर्ट ने इसे गंभीर मामला बताते हुए चिंता जताई है, लेकिन झामुमो सरकार अदालत में हलफनामा देकर घुसपैठ से इनकार कर रही है।

**केंद्र की योजनाओं में जमकर लूट मचा रखी है :** उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार ने राज्य की योजनाओं के साथ-साथ केंद्र की योजनाओं में जमकर लूट मचा रखी है। ये लोग गरीब के राशन और पानी का पैसा तक हड़प रहे हैं। जल जीवन मिशन में राज्य में हुए कथित शेष पृष्ठ 13 पर

## जमीन विवाद में पति-पत्नी घायल, दोनों की स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के रांकी खुर्द मंगर बांध में बुधवार को जमीन विवाद में पति-पत्नी को लाठी व धारदार हथियार से मार कर घायल कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में मेदिनीनगर के नारायणा मल्टी सुपर स्पेशियलिटीअस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांकी खुर्द मंगर बांध के पारा शिक्षक अर्जुन मेहता का जमीनी विवाद रांकी खुर्द के ही सतेंद्र उरांव व अन्य लोगों के साथ चल रहा था। बुधवार की सुबह पारा शिक्षक अर्जुन मेहता ट्रैक्टर लेकर जमीन जोतने गये। इसी बीच दूसरे पक्ष के लोगों से विवाद बढ़ जाने पर धारदार हथियार से लैस दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला बोल दिया। पारा शिक्षक अर्जुन मेहता को धारदार हथियार से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया, बीच बचाव करने गई पत्नी को भी मार कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि घटना जमीनी विवाद को लेकर घटी है। जो बात अभी पुलिस के संज्ञान में आई है,वह यह है कि गांव के सत्येंद्र उरांव,बेलास भुइयां, गोविंद भुइयां,हरचन भुइयां व अन्य लोगों के साथ जमीनी विवाद था। जमीन जोतने को लेकर हुई विवाद में यह घटना घटी है। अभी तक लिखित आवेदन नहीं मिला है। लिखित आवेदन मिलने के बाद ही पूरा मामला का पता चलेगा। हालांकि घटना में शामिल लोग घर में ताला लगाकर फरार हैं। आरोपियों के धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## बम विस्फोट कर रेलवे ट्रैक उड़ाया, लोगों की सजगता से बड़ा हादसा टला

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहेट में अज्ञात अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। दरअसल, मंगलवार की आधी रात में पश्चिम बंगाल फरक्का एमजीआर ट्रैक पर बम विस्फोट हुआ है, जिससे पटरी क्षतिग्रस्त हो गयी है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व एनटीपीसी के अधिकारी छानबीन कर रहे हैं। जानकारी शेष पृष्ठ 13 पर

## बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं : हेमंत सोरेन



**रांची।** गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीटर पर लिखा है, गांधी जयंती के अवसर पर झारखण्ड समेत समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं। अहिंसा, प्रेम, सत्याग्रह और स्वतंत्र जीवन के बापू के विचार मानव जाति को व्यवस्थित और संकल्पित होकर समाज के समग्र विकास में महती भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन। हेमंत सोरेन ने देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें भी याद किया है और ट्वीट कर लिखा है कि देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शत-शत नमन।

### जनजातीय समुदाय के लिए 83 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण, कहा-

## आदिवासियों के विकास के लिए समर्पित है केंद्र सरकार




**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गांधी जयंती पर हजारीबाग की धरती से जनजातीय समुदाय के विकास से जुड़ी 83 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जोहार से अपना संबोधन शुरू से करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड की विकास योजनाओं में सहभागी होने पर उन्हें काफी खुशी है। ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं। ये परियोजनाएं भारत सरकार की ओर से आदिवासी समाज को मिल रही प्राथमिकता का प्रमाण हैं। आज पूज्य बापू की जन्म जयंती है। आदिवासी विकास के लिए उनके विचार हमारी पूंजी हैं। बापू का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब जनजातीय समाज का विकास हो।

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान :** प्रधानमंत्री ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया, जिसकी लागत 79,156 करोड़ रुपये है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की योजना देश के आदिवासी बहुल गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और जनजातीय आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्यों पर केंद्रित है। यह योजना 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों के 2,740 ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले करीब 63,000 आदिवासी बहुल गांवों को कवर करेगी और इससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस अभियान के तहत आदिवासी गांवों में 20 लाख आवास, 25 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण, हर घर को स्वच्छ पेयजल, गैस और बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसके अलावा 100 आदिवासी मार्केट सेंटर, आश्रम एवं स्कूल, चलित स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास केंद्र की स्थापना की जानी है। इस अभियान के तहत जनजातीय समूहों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, बागवानी को प्रोत्साहित करना और जनजातीय संस्कृति, विरासत एवं परंपराओं को संरक्षित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**झारखंड को तोहफा :** प्रधानमंत्री ने हजारीबाग से 40 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत 1108.2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 25 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। उन्होंने 1173.55 करोड़ रुपये की लागत से बनी 1387 किलोमीटर लंबी सड़क को भी राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही जनमन के तहत घरों के शेष पृष्ठ 13 पर

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

आधारभूत संरचना का हो रहा विकास
अबुआ आभार हेमन्त सरकार

ट्रांसपोर्ट नगर फेज 1 सुकुरहुटू का उदघाटन एवं फेज- II का भूमि पूजन



ट्रांसपोर्ट नगर फेज I की विवरणी:
- योजना लागत ₹113.24 करोड़
- कुल क्षेत्रफल 40.68 एकड़
- निर्माण अवधि 24 माह
- अधिकतम 22 मीटर लम्बाई वाले भारी मालवाहक वाहनों हेतु 424 पार्किंग
- 3400 एवं 6100 वर्गमीटर का वेयरहाउस
- 120 टन क्षमता के दो धर्मकांटा
- मालवाहक वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु सर्विस स्टेशन इत्यादि

ट्रांसपोर्ट नगर फेज II की विवरणी:
- योजना लागत ₹57.82 करोड़
- कुल क्षेत्रफल 9.12 एकड़
- निर्माण अवधि 18 माह
- अधिकतम 14 मीटर लम्बाई वाले भारी मालवाहक वाहनों हेतु 256 पार्किंग
- G-3 इंटीग्रेटेड बिल्डिंग
- मालवाहक वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु सर्विस स्टेशन इत्यादि

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति
श्री संजय सेठ — माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद, रांची लोकसभा
श्री हफीजुल हसन — माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग, झारखण्ड
श्रीमती महुआ माझी — माननीय सांसद, राज्यसभा
श्री समरी लाल — माननीय विधायक, कांके

दिनांक 03 अक्टूबर 2024
समय: मध्याहन् 12:00 बजे
स्थान: सुकुरहुटू ITBP कैंप के निकट, रिंग रोड, रांची



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 337919 (IPRD) 2024-25
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

## पावर प्लांट, सीमेंट फैक्ट्री के नाम पर नौजवानों को ठगा गया: पंकज

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी गांव में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा और झामुमो छोड़कर सैकड़ों लोगों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। बसपा नेता पंकज चौबे ने पार्टी का पट्टा पहना कर लोगों को पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए बसपा नेता पंकज चौबे ने कहा कि भवनाथपुर क्षेत्र में पिछले बीस वर्षों में विकास का एक भी काम नहीं हुआ है। वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक ने पिछले 20 वर्षों से पावर प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री लगवाने का झांसा देकर जनता का वोट ठगने का काम किया है। लेकिन आज भी क्षेत्र का नवजवान रोजगार के लिए बाहरी राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। बाहरी राज्यों से इनका शव आता है और जनप्रतिनिधियों इनके शव पर राजनीतिक करते हैं।उन्होंने कहा की इस बार भवनाथपुर की जनता बदलाव चाहती है। विधानसभा चुनाव में जनता मौका देती है तो भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का तस्वीर और तकदीर बदलने का काम करूंगा।भवनाथपुर के नौजवान को रोजगार का अवसर मिलेगा उन्हें दुसरे राज्यों में पलायन करना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर धृष्टद्युम्न यादव, रौबीन यादव,शम्भू यादव, संतोष यादव, सिनीयर प्रजापति, डिकु उरांव, इंद्रदेव यादव, चमन साहू, प्रवेश चेरो, दुलार चेरो, मनोज साह, बाल्मिकी साह, रामाशीष यादव, इंदरवाशी कुंवर, सरिता देवी, दुर्गावती देवी, मनीष यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गांधी व शास्त्री को याद किया

**रमना।** भारत के दो महान विभूतियों जयंती पूरे प्रखंड में मनाया गया। सिलिदाग पंचायत सचिवालय में मुखिया अनिता देवी, पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह और उपस्थित ग्रामीणों के साथ सत्य अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सादगी और सरल जीवन जीने वाले स्व. लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर फूल अर्पित कर देश हित में किये गये कार्यो को याद किया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, विनय ठाकुर, नैना देवी, ग्रामीण सरदार उरांव, सतेंद्र पाल, इत्यादि उपस्थित थे। पंचायत सचिवालय में उपस्थित सोशल ऑडिट टीम के टीम लीडर सुनीता कुमारी ने बताया कि पूरे प्रखंड में अभी आवास का सोशल ऑडिट हो रहा है। जिसका काम लगभग पूरा हो चूका है। ग्राम सभा 3 अक्टूबर को और जनसुनवाई 4अक्टूबर को प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में होगा।

पूर्व मंत्री का परिवर्तन यात्रा मेराल पहुंचा

# भ्रष्टाचार मुक्त गढ़वा के लिए परिर्वतन जरूरी: गिरिनाथ सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** हाई स्कूल के मैदान में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री डॉ. भीम राव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पण किया गया। गिरिनाथ सिंह, सुरेश प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण यादव, सूरज सिंह ,आशिक अंसारी, दुखन चौधरी, अवध सिंह, डॉक्टर इलियास अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस अवसर पर अवध सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बड़ा फूल माला पहना कर गिरिनाथ सिंह का स्वागत किया। सबसे पहले गिरिनाथ सिंह ने उपस्थित लोगों को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए हाथ उठाकर शपथ दिलाया। विभिन्न दलों को छोड़ कर भोलाराम, मोती राम, देवेन्द्र कुमार,विन्हाई राम सहित दर्जनों लोगों को माला पहना कर अपने साथ शामिल किया। इसी तरह जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव ने कहा कि जल जंगल जमीन की बात करने वाला वर्तमान झामुमो सरकार खनिज संपदा पर नजर बनाए हुए है। गढ़वा में बालू, रमकंडा में पत्थर तथा भंडरिया में कोयला का अवैध दोहन किया जा रहा है। राजद के जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि बिना पैसे के लोगों को अबुआ आवास एवं कुआं नहीं मिल रहा है, इसलिए परिवर्तन जरूरी है। इसके अलावा मेराल मंडली के दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दुखन चौधरी उत्तरी मंडल अध्यक्ष रामाधार राम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशिक अंसारी,अवध सिंह,कुर्बान अंसारी डॉक्टर इलियास अंसारी,शिवनाथ चौधरी, मोहम्मद साजिद, मौलाना संजर,शाहिद अंसारी, आशा देवी,लाली कुमारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सुनील चंद्रवंशी, हरिवंश राम, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, लाल सिंह, बाबुल सिंह ,ईश्वर सिंह, अमित सिंह , प्रज्ञा सिंह, बकरीदु अंसारी , मोहम्मद मकसूद अंसारी,वासुदेव निराला, लाली यादव ,जगदीश बैठा, लक्ष्मी साह, रामप्रीत यादव, विजयमल साहू, मानीकचंद यादव, ललसु यादव, रामप्रसाद यादव ,जगदीश राम, दीनानाथ चौधरी, लखन यादव, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लोगों को असली और नकली की पहचान करना होगा

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि मेराल प्रखंड के लोग उनके हृदय में बसते है। उन्होंने कहा आपके मतों से विधायक की चुनाव जीतने के बाद इस प्रखंड के सभी किसानों को प्राथमिकता से सिंचाई के लिए डीपबोर लगवाएंगे। मेराल में मूलभूत सुविधा बहाल करने के लिए मेराल को नगर पंचायत का दर्जा दिलाएंगे। साथ ही नौजवानों को नौकरी उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना कराएंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगों को असली और नकली की पहचान करना होगा। श्री सिंह ने कहा कि अभी तो ये झांकी है ,पूरी लड़ाई तो अभी बाकी है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए परिवर्तन जरूरी है।

## न्यूज बॉक्स

### मां दुर्गे की आराधना आज से शुरू, तैयारी पूरी

**डंडाई।** थाना क्षेत्र के 20 स्थलों पर गुरुवार से शुरू हो जाएगी मां दुर्गे की आराधना। एकम से नवमी तक नौ रूपों में होगा मां का पूजन। थाना क्षेत्र के कई सामाजिक संस्था और पूजा कमेटियों ने पूजा कार्यक्रम को लेकर विशेष तैयारी किया गया है। डंडाई के देवी धाम परिसर, लवाही के विद्यालय परिसर, रारो के धरती चौपाल रारो बाजार और बेलवाटिकर गांव स्थल, सोने हारा के बाजार परिसर, जरही के बाजार समिति परिसर, झोतर के मध्य विद्यालय परिसर, पचोर के पुराना मध्य विद्यालय परिसर के साथ अन्य स्थलों को भी विशेष रूप से साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना को लेकर भी कई गांव में तैयारी की गई है। शिल्पकार भी मां की प्रतिमा का स्वरूप देने में पूरी तरह जुट गए हैं। उनके द्वारा अलग-अलग रूपों में उनका स्वरूप देने का काम किया जा रहा है। डंडाई के देवी धाम पर शिल्पकारों द्वारा मां के स्वरूप को लगभग रूप देने की प्रक्रिया पूरा कर लिया गया है। साथ ही नाटक मंचन कार्यक्रम के साथ-साथ कलश स्थापना को लेकर भी ऊंच नीच भूखंड को पूरी तरह बराबर करा दिया गया है। डंडाई गांव का देवी धाम स्थल मां दुर्गे की प्रतिमा विराजमान का एक चिन्हित स्थल बन गया है। पिछले 50 वर्षों से उक्त स्थल पर मां दुर्गे की प्रतिमा रख ग्रामीण विधि विधान के साथ पूजन कार्य करते आए हैं। दुर्गा पूजा के उपलक्ष में कई तरह के कार्यक्रम भी सामाजिक संस्थाओं के द्वारा होते आया है। ग्रामीण डीहवार प्यारी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मां की महिमा बहुत ही निराली है।

### संविधान की शपथ दिलायी

**मेराल।** प्रखंड परिसर में गांधी जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में बीडीओ जागो महतो ने गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पीत कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, जनसेवक रामनाथ चौधरी, सेवानिवृत सहायक राजेंद्र प्रसाद, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा, प्रियंका कुमारी, प्रखंड सहायक सुनील कुमार, उप मुखिया अली शेर अंसारी, डॉ. अनिल साव मौजूद थे। कार्यक्रम में बीडीओ ने लोगों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर लालमोहन ने किया।

### गांधी व शास्त्री के विचारों को अपनाने की जरूरत: ब्रजेश मिश्रा

**मेराल।** गांधी जयंती के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के कई शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व स्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के एसडी मेमोरियल एकेडमी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित की गई। शुरूआत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित करने के बाद माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच असाइनमेंट तथा चित्र बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक दोनों महापुरुषों की तस्वीर बनाई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत संगीत के साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी का योगदान ओर उनका मूल मंत्र,अहिंसा परमो धर्मः सत्याग्रह, करो या मरो की नारा,तथा स्वच्छता अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी की तरह अच्छे कर्म,उच्च विचार तथा समर्पण,के साथ घर परिवार, समाज तथा राष्ट्र के उन्नति में भागीदार बनें। गांधी व शास्त्री के विचारों को अपनाने की जरूरत। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अरुण कुमार द्वारा किया। गया इस अवसर पर शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्र मृत्युंजय पांडे अजय कुमार सिंह रंजीत शाह जयप्रकाश पांडे देव कीर्ति टोप्पो अनिमा कुजूर,मीणा केरकेट्टा,अंशु कुमारी,नसरीन निशा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## एक नजर

### हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के परो निवासी सुभाष सिंह को हाथी ने पटककर मार दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत गई। जानकारी के अनुसार सुभाष सिंह के साथ अन्य दर्जनों ग्रामीण परो के जंगल में हाथी भागने गए थे। इसी क्रम में गुस्साये हाथी के झुंड ने सुभाष सिंह को अपने सूड़ के लपेटे में लेकर पटक दिया। घटना मंगलवार अपराह्न की है। ग्रामीणों पर हाथियों के झुंड के द्वारा हमले किए जाने पर ग्रामीण अपना-अपना जान बचाकर भागने लगे। बाद में देखा कि सुभाष सिंह नहीं है। खोजबीन करने पर अरार के जंगल से उनका शव मिला। वन विभाग एवं भंडरिया थाना घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**केतार।** थाना की पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना पर छापेमारी कर खोनहर गांव के पंडा नदी से अवैध बालू का उठाव कर परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया की उक्त ट्रैक्टर से बालू का परिवहन अजनीयां गांव में किया जा रहा था। उक्त ट्रैक्टर पर कारवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है।

### गांधी व शास्त्री की जंयती मनाई

**मेराल।** बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन विद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिक्षकों तथा बच्चों ने जयंती मनाई। इस अवसर पर शिक्षक रामाशीष राम, अखिलेश्वर मिश्र, करण कुमार कौशल, सनिर्मला, आकाशदीप, पंकज चौधरी सहित बच्चे उपस्थित थे।

## गांधी के विचारों को अपनाने पर बल



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय श्री बंशीधर नगर में जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे के नेतृत्व में धूमधाम से गांधी जयंती मनाई गई। इस मौके पर जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे ने कहा कि आज 2 अक्टूबर है और न सिर्फ पूरा हिंदुस्तान बल्कि पूरी दुनिया बापू को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। उनके महान विचारों संघर्ष और आजादी दिलाने में उनके बड़े योगदान को याद किया जा रहा है। महात्मा गांधी का जो सोच थी सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का वह आज हमें बहुत कुछ सिखाती है ।सेवा दल के मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने कहा कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सभी स्कूलों में कई तरह के कार्यक्रम होते हैं, ताकि बच्चे गांधी जी के विचारों से रूबरू हो सके। प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद ने कहा कि गांधी जी के विचार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नगर पंचायत के शहरी मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने गांधी जी का विचार जन जन तक पहुंचाने के लिए सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है ।कार्यक्रम में मुनेश्वर शाह, सैयद अंसारी, मिथिलेश कुमार, विश्वजीत गुप्ता, नागेंद्र सिंह, छोटू विश्वकर्मा, नीरज कुमार, जावेद खान, दिलीप श्रीवास्तव ,मुस्ताक अहमद,आशीष जायसवाल, सुधीर सिंह, महेंद्र उरांव, अभिषेक यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे: रामचंद्र केसरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** डॉ. राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जयंती समारोहे पूर्व मंत्री सह मंच के संरक्षक रामचन्द्र केसरी ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने कहा कि अविभाजित भारत में कोहाट क्षेत्र में 9 व 10 सितम्बर 1924 को हुए दंगे में जान माल की क्षति हुई थी। 2 अक्टूबर 1924 को मोहनदास करमचंद गांधी ने दंगे के खिलाफ 21 दिन का अनशन रखने का फैसला लिया था। उन्होंने कहा कि वह अहिंसा के पुजारी थे। दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने की अपील की। डॉ. राम मनोहर चेतना मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संघर्ष,उनके महान विचारों को आज पूरा याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को पूरे विश्व की नागरिकता प्राप्त थी। उन्होंने देश की आजादी के लिये जो संघर्ष किया वह अद्वितीय था संघर्ष के लिये उनका हथियार सत्य व अहिंसा था। लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री के रूप में ईमानदारी व वफादारी के लिये भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। देश व दुनिया के लोग उक्त दोनों महापुरुषों के विचारों से प्रभावित हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से इनके विचारों को आत्मसात करने की अपील की। मौके पर विश्वनाथ भंडारी, मथुरा पासवान, मो. नईम खलीफा, इब्राहिम अंसारी, कमलेश बिहारी,अरुण कुमार, शिव महतों, सत्येन्द्र कुमार ठाकुर, इस्लाम खलीफा, अरुण बिहारी, रमेश प्रसाद,हीरा प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

छात्रों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों की शानदार प्रस्तुति




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बुधवार को मिलिनियम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली गोसाईबाग से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए नगर उंटारी थाना गेट तक निकली। रैली के दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छ भारत, सुंदर भारत सहित अन्य नारों का उद्घोष कर रहे थे। विद्यालय के निदेशक मुमताज राही ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मिलिनियम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छ भारत महात्मा गांधी का सपना था, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। स्वच्छता को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानते हुए इसे अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। नगर प्रबंधक रवि कुमार ने कहा कि श्री बंशीधर नगर पंचायत जल्द ही सरकार के स्वच्छता उद्देश्यों को पूरा करके एक स्वच्छ नगर पंचायत के रूप में उभरकर सामने आएगा। दूसरे कार्यक्रम में विद्यालय में स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता के महत्व को दशार्ने के लिए विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं ने स्वच्छता से संबंधित लघु नाटक, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 1 और 2 के छात्रों द्वारा स्वच्छता पर आधारित नृत्य था, जिसमें उन्होंने नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का प्रभावी संदेश दिया। कक्षा 6 की छात्राओं ने स्वच्छता की ज्योति जागे रे, गीत पर अपनी प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने खूब सराहा। स्वच्छता के महत्व और उसके लाभों को मनोरंजक और सरल तरीके से प्रस्तुत किया गया। बच्चों की यह प्रस्तुति दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ स्वच्छता का महत्वपूर्ण संदेश भी दे रही थी। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्राओं को चेयरपर्सन नूरजहां बेगम द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार, संजय कुमार चौधरी, शोभित शर्मा, असगर अली, मनोज कुमार, माया देवी, अर्पणा, आरजू बानो, किरण कुमारी, कृति पूर्णिमा, नागेंद्र सिंह, धीरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पलामू की खबरें...

### महिला कॉलेज में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती मनाई गई

**मेदिनीनगर।** वाईएसएनएम कॉलेज में बुधवार को एनएसएस द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मिनी टुडू ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा गांधी जी का मानना था कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना सफाईकर्मी स्वयं होना चाहिए। डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने कहा कि बापू का सपना था स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत। ये तभी संभव है जब हम अपने आसपास सफाई करेंगे। एनएसएस की स्वयंसेवक ईशा दुबे ने अपने कविता के माध्यम से बापू के सपने को बताया।

शहर में महालया पर निकली भव्य शोभायात्रा

## शेरावालिए के बुलावे पर उमड़ा जनसैलाब

### माता रानी के आगमन का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, पलामू द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा के दौरान बुधवार को महालया दिवस पर माता रानी के आगमन का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। शोभायात्रा का आयोजन दुर्गा मंडप, शहर थाना मार्ग से किया गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोयल तट स्थित दुगार्बाड़ी पर समाप्त हुआ। शोभायात्रा की शुरूआत महिलाओं के समूह से हुई, जो पीले वस्त्र धारण कर सबसे आगे चल रही थीं। उनके पीछे भारी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल थे। शोभायात्रा के दौरान माता रानी के जयकारों ने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। माता के भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। पारंपरिक वाद्य यंत्रों, जैसे सिंघा और शंखनाद के साथ निकली शोभायात्रा, पूरे शहर के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई। इस अवसर पर श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, पलामू के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी, अविनाश देव, सोनू सिंह नामधारी, बबलू गुप्ता, नवीन तिवारी, वीएम पांडेय, हरिशंकर सिंह, रमेश शुक्ला, अमिताभ मिश्रा, संजय राज, अविनाश सिन्हा छोटू, कमल गुप्ता, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, लीलावती देवी, ज्योति कुमारी, सतीश जौरिहार, टुनटुन तिवारी, अजय सहाय, बबलू चावला, अमित सिन्हा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## गांधी जयंती और अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गांधी जयंती और अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ₹बालिकाओं के भविष्य की दृष्टि₹ थीम के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित हुआ, जिसका नेतृत्व जिला समाज कल्याण अधिकारी नीता चौहान ने किया। उनके साथ यूनिसेफ पलामू के डॉ. तबरेज, के.डी. पासवान (प्रोटेक्शन ऑफिसर), प्रकाश पासवान (डीसीपीओ), प्रणव, धीरेंद्र (सीडब्ल्यूसी सदस्य) और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम उपायुक्त शशि रंजन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान मुख्य आकर्षण रहा। इस अभियान का उद्देश्य निरीक्षण गृह, बाल गृह और बालिका गृह के निवासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। अधिकारियों ने स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेते हुए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। इसके बाद सतत स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य और अनुशासन पर विशेष सत्र आयोजित किए गए, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास और पुनर्वास को बढ़ावा देने पर केंद्रित थे। कार्यक्रम में बाल गृह और बालिका गृह के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीता चौहान ने गांधी जयंती और बालिका दिवस की संयुक्त महत्ता पर जोर देते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'यह दिन हमें महात्मा गांधी के आदर्शों की याद दिलाता है और हमें बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देता है।₹ इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की और सामूहिक रूप से इसे सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### गांधी जयंती पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने की । संचालन लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कारा बंदियों से कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर कराया। मौके पर अर्पित श्रीवास्तव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, जेलर प्रमोद कुमार, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, उत्तम कुमार, पीएलभी नीरज कुमार आदि उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बन्दियों को कानून में प्रदत मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## नाराजगी

शांति समिति की बैठक में रूट को लेकर नाराज हुए पूजा समिति के सदस्य

# विरोध में बाजार को बंद कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति कि बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह की अध्यक्षता में हुई। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार समेत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा समिति के अध्यक्ष, सदस्य समेत अन्य मौजूद थे। प्रखंड क्षेत्र के मदगड़ी गांव में विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा सरकार के द्वारा जारी किए लाइसेंस के मार्ग से मुर्ति विसर्जन का जुलूस रोकने को लेकर हो रहे विवाद को देखते हुए सरकारी पदाधिकारियों द्वारा तीसरी बार शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया था। वहां प्रशासन व मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा रुट होने के बावजूद भी मुर्ति विसर्जन का जूलुस गंतव्य स्थान तक नहीं जाने देने से आहत होकर पूजा समिति के अध्यक्ष समेत गण्यमान्य लोगों ने दुर्गा पूजा नहीं करने का निर्णय करते हुए शांति समिति के बैठक से बाहर चले गए। उपस्थित लोगों का कहना है कि पूर्वज के समय से ही हम सब को लाइसेंस प्राप्त है। जिसमें सड़क मार्ग अंकित है। जब तक अंकित मार्ग तक हम सबों का जुलूस नहीं जाने दिया जाएगा। तब तक हम सब दुर्गा पूजा नहीं करेंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने मदगड़ी गांव पहुंच गांव में लगने वाले हाट बाजार समेत पूरे दुकान को बंद कर प्रशासन के ऊपर नाराजगी जाताया। शांति समिति की बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावा जिप सदस्य हिरवंती देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष राजू घांसी, करचाली पंचायत मुखिया मोनीका खलखो, मदगड़ी पंचायत मुखिया प्रेमी देवी, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, रामवृक्ष सिंह, रामचंद्र महतो, कौलेसर सिंह, सुनील यादव, मनोज

## एक नजर

### ऑल इंडिया लियाफी अभिकर्ता हितों के लिए सदैव तत्पर : ऋषिकेश दुबे

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया संस्था का 60 वां स्थापना दिवस बुधवार को केजरीवाल बिल्डिंग के भारतीय जीवन बीमा निगम डालटनगंज सभागार में मनाया गया। अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों अभिकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटकर और आपस में मिठाई बांटकर समारोह को सेलिब्रेट किया। मौके पर अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1964 से संस्था ने अभिकर्ताओं के हित के लिए अनेक कार्य किया है। अभिकर्ताओं के लिए ग्रैच्युटी, ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिक्लेम सहित अनेक सुविधा संस्था ने सरकार और प्रबंधन से अपने दायरे में रहते हुए संघर्ष कर दिलाया है। फेडरेशन आगे भी अभिकर्ता हित के लिए हर संभव प्रयास और संघर्ष के लिए तत्पर है। मंच का संचालन सचिव राम लखन प्रसाद ने किया। मौके पर कोषाध्यक्ष मनोज पाठक, संयुक्त सचिव नरेंद्र पांडेय, इरशाद आलम, सत्येन्द्र पांडेय, उमेश त्रिपाठी गुड्डू शरण,सत्येन्द्र ठाकुर, पवन यादव, उमेश दुबे, बसंत प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, मनीष अग्रवाल, सीएस दुबे, रंजीत कुमार सहित काफी संख्या में अभिकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थें।

### अबुआ आवास योजना की समीक्षा बैठक में 31 पंचायत सचिवों पर कार्रवाई, वेतन स्थगित

# जियो टैग में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीडीसी



**जियो टैग में प्रगति शून्य, सचिवों को कड़ी फटकार**

बैठक के दौरान डीडीसी ने पंचायत सचिवों को चेतावनी देते हुए कहा कि जियो टैगिंग में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछले पांच दिनों में शून्य प्रगति वाले सचिवों को विशेष रूप से फटकार लगाई गई। समीक्षा बैठक में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, जिला समन्वयक और प्रशिक्षण समन्वयक भी उपस्थित थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत और प्रथम किस्त के विरुद्ध प्लिंथ लेवल आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में 111 पंचायतों के पंचायत सचिव शामिल हुए, जिनमें से कई की प्रगति न्यून पाई गई। प्लिंथ लेवल का जियो टैग नहीं करने के कारण 31 पंचायत सचिवों का पांच दिनों का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, उन्हें अगले एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत प्लिंथ लेवल आवास निर्माण और जियो टैगिंग का निर्देश दिया गया। यदि अपेक्षित प्रगति नहीं होती है तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## जीएलए कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनएसएस व एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई किया गया एवं आस-पास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को भी जागरूक किया। अभियान के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आईजे खल्खो, एनएसएस विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बिरेन्द्र कुमार ने सभी से स्वच्छता को अपनाने व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. रविशंकर, डॉ. संजय बाडा, प्रो. विकास टोपनो, अभिषेक कुमार, ऋषभ शुक्ला, रामाशंकर पासवान, कौशिक, सुमन, अंजली, अंगद, तेजप्रताप सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## प्राइवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन की बैठक चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से चिंतित प्राइवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन ने बुधवार को आपात बैठक का आयोजन किया। यह बैठक आशी केयर हॉस्पिटल में हुई, जहां अध्यक्ष मनीष तिवारी के घर पर हुई चोरी की घटना पर गहरी चिंता जताई गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चोरी की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाना आवश्यक है। इस विषय में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शब्बीर अहमद से मुलाकात की और ठोस कार्रवाई की मांग की। डीडीसी ने सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन देते हुए मौके पर ही एसडीपीओ से बात कर मामले की जांच के निर्देश दिए। हालांकि, गांधी जयंती के कारण उपायुक्त और पलामू एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन एसोसिएशन ने आने वाले दिनों में जिले के पुलिस कप्तान से मिलने का संकल्प लिया है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे आंदोलन करेंगे। बैठक में आशी केयर हॉस्पिटल के मनीष तिवारी, विंध्याचल हॉस्पिटल के मनीष सिंह, आनंद नर्सिंग होम के आनंद सिंह, सोना नर्सिंग होम के अरुण सिंह, मंगलम हॉस्पिटल से मोहम्मद मंसूर, मां गुलाबी सेवा सदन से सुरेश मेहता, रजा हॉस्पिटल से इस्लाम रजा, क्योर एंड केयर हॉस्पिटल से मोहम्मद इस्लाम, मातृछाया अस्पताल से चंद्रकांत, मईयां बाबू अस्पताल से डॉक्टर संतोष मेहता, लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल से डॉक्टर ए अंसारी, अंशु हॉस्पिटल से सुनील कुमार सहित जिले के अन्य प्रमुख निजी अस्पतालों के संचालक उपस्थित रहे।

### पटना पुलिस ने पलामू पुलिस को पत्र लिखा

**मेदिनीनगर।** उत्पाद सिपाही बहाली में दौड़ में बिहार के मुंगेर जिला करण राज के मौत मामले में पटना पुलिस ने पलामू पुलिस को पत्र लिखा है। बताते चले की उत्पाद सिपाही भर्ती से जुड़े एक अभ्यर्थी की मौत पटना के रुबन हॉस्पिटल मे चार सितंबर को इलाज क्रम में मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर पटना स्थित पाटलिपुत्रा थाना ने मेदिनीनगर शहर थाना को पत्र लिख मृतक के संबंध में पूरी जानकारी दी है। करण राज (25 वर्ष) का 29 सितंबर को पलामू के चियांकि हवाई अड्डा में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ के दौरान बेहोश हो गया था। उसके बाद उसके दोस्त रूपेश कुमार(मुंगेर) ने इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती कराया था।

## न्यूज बॉक्स

### गांधी जयंती पर विशेष

### महात्मा गांधी व शास्त्री का जीवन एक आदर्श : राजेंद्र सिन्हा

**मेदिनीनगर।** झामुमो जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो के नेताओं ने राष्ट्रपिता और शास्त्री जी की तस्वीरों पर को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। जिला अध्यक्ष ने इस कहा कि संपूर्ण विश्व को शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले महात्मा गांधी और शास्त्री का जीवन अपने आप में एक आदर्श था। गांधी के स्वदेशी, स्वराज के विचार सदियों को प्रेरित करते रहेंगे। साथ ही शास्त्री का राजनीतिक जीवन सकारात्मक और जमीनी राजनीति करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता हाजी ललन, झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, संगठन सचिव शाहबाज खान, व्यवसायिक मोर्चा के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, अखिलेश सिंह, रोहित सिंह, सौरभ पाठक, ' रजी अहमद, उदय भुइया, रंजन कुमार, मन्नू पाल, राज विजय दुबे, बीरेन्द्र पासवान उपस्थित थे।

### बापू ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था: कौशल

**मेदिनीनगर।** माई भारत संगठन ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत तरहसी प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय में सफाई कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद युवा मंडल द्वारा किया गया। युवा मंडल अध्यक्ष कौशल कुमार ने कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता आवश्यक है। स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का वास होता है। उन्होंने कहा किराष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती है। बापू ने भारत को एक स्वच्छ भारत बनाने का सपना देखा और इसके लिए हमेशा कठिन प्रयास किया। मौके पर विवेक कुमार, प्रभात कुमार सिंह, राहुल कुमार, संजय सिंह सहित युवा मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में हवन अनुष्ठान संपन्न

**मेदिनीनगर।** रांची रोड, दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में पितृ पक्ष और अमावस्या के शुभ अवसर पर हवन अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से हवन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सुधा सिंह द्वारा हवन अनुष्ठान से की गई। विद्यालय के प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती ने कहा कि इस प्रकार के हवन और पूजन कार्यक्रम शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नकारात्मकता को दूर करते हैं। उन्होंने बताया कि अमावस्या तिथि पर हवन-अनुष्ठान से ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है, और पितरों का तर्पण करने से पितृ प्रसन्न होते हैं, जिससे राहु का बुरा प्रभाव भी कम हो जाता है। प्राचार्य भारती ने कहा, अर्पण, तर्पण और समर्पण भारतीय संस्कृति के आधारभूत स्तंभ हैं। आज हम जो कुछ भी हैं, वह हमारे माता-पिता और पूर्वजों के आशीर्वाद से है। पितृ पक्ष आत्म-अस्तित्व और हमारी जड़ों से जुड़ने का एक दिव्य महोत्सव है। उन्होंने इस अवसर पर सभी से अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा भाव रखने का आग्रह किया। हवन अनुष्ठान कार्यक्रम का संचालन आचार्य अमित रंजन मिश्रा ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण और अन्य अतिथि, जैसे सुधा सिंह, वेद प्रकाश दुबे, स्नेह सुरभि, सब्या कुमारी, रीता सिन्हा, प्रिया रंजनी तिवारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।



## मगधी अग्रवाल समाज ने गणेश लाल अग्रवाल की जयंती मनायी



**मेदिनीनगर।** मगधी अग्रवाल समाज डालटनगंज ने बुधवार को गणेश लाल अग्रवाल की जयंती मनाई। जीएलए कॉलेज स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनपीयू के पूर्व कर्मी संतोष कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने शिक्षाविद गणेश लाल अग्रवाल के उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणेश लाल अग्रवाल पलामू में शिक्षा का अलख जगाने वाले प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने आने वाले दिनों में मगधी समाज द्वारा गणेश बाबू की प्रतिमा का जीर्णोद्धार कर सुसज्जित बनाने की बात भी कही। जीएलए कॉलेज के प्राचार्य ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर मगधी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, सचिव भोलानाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, संरक्षक डॉ. एनसी अग्रवाल, संरक्षक अशोक कुमार अग्रवाल, संरक्षक बैजनाथ प्रसाद अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, चंदन अग्रवाल सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# कलश स्थापना के साथ आज से शुरू होगा शारदीय नवरात्र

## पराक्रम, स्वावलंबन और आत्मविश्वास की प्रतिमूर्ति हैं नवदुर्गा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नवरात्रि यानी मां दुर्गा की उपासना का पावन पर्व। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। शारदीय नवरात्रि यानि देवी मां की उपासना का महापर्व. हिंदू धर्म में इस पर्व को विशेष महत्व दिया गया है. अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 03 अक्टूबर दिन गुरुवार से शारदीय नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। दुर्गा मां का ये पवित्र पर्व 12 अक्टूबर को महानवमी को संपन्न होगा. कलश स्थापना के साथ देवी के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। इस वर्ष माता पालकी पर सवार होकर आ रही हैं। प्रतिपदा तिथि तीन अक्तूबर की अर्ध रात्रि 12 बजकर 18 मिनट पर शुरू हो रही है और चार अक्तूबर की रात 2 बजकर 58 मिनट तक रहेगी। इस बार कलश स्थापना का समय सुबह 6 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। इस तरह कलश स्थापना का समय कुल 1 घंटा 6 मिनट रहेगा। इसके अलावा कलश स्थापना अभिजीत मुहूर्त में भी की जा सकती है। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 46 मिनट से दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक रहेगा। यानि 47 मिनट का समय मिलेगा। नवरात्र संस्कृत का शब्द है। इसका अर्थ नौ रात है। इन नौ दिनों में उपवास रखकर दुर्गा देवी की पूजा की जाती है। दुर्गा सप्तसती का पाठ, दुर्गा स्त्रोत और दुर्गा चालीसा के साथ राम चरितमानस का भी पाठ किया जाता है। भक्ति भाव से आराधना करने से दुर्गा मां प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि पूजन का आरंभ कलश बैठाकर किया जाता है। वैसे बहुत से लोग बिना कलश बैठाये ही नवरात्रि की साधना करते हैं। शांति कलश बैठाने के पीछे मत यह है कि इस कलश में सभी तीर्थ और देवी-देवताओं का वास होता है जो देवी उपासना में आने वाली बाधाओं को दूर करने में सहायक होते हैं। शांति कलश की स्थापना करके देवी की साधना करने से साधना पूजन का फल सहज मिलता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और घर में सुख शांति का वास होता है।

### विभिन्न रूपों की होगी पूजा



- तीन अक्टूबर : माँ शैलपुत्री
- चार अक्टूबर : माँ ब्रह्मचारिणी
- पांच अक्टूबर : माँ चंद्रघंटा
- छह अक्टूबर : माँ कुष्मांडा
- सात अक्टूबर : माँ कुष्मांडा
- आठ अक्टूबर : माँ स्कंदमाता
- नौ अक्टूबर : माँ कात्यायनी
- 10 अक्टूबर : माँ कालरात्रि
- 11 अक्टूबर : माँ महागौरी व सिद्धिदात्री
- 12 अक्टूबर : विजयादशमी

### नवरात्र के दौरान दुर्गा पाठ करने से सकारात्मकता का वास होता है

**लोहरदगा।** पुरोहित आनन्द पाठक, अनूप चौधरी, बृजमोहन पाठक, रामाधार पाठक, डीएन पाठक, बसन्त पाठक आदि ने बताया कि कलश स्थापना का विशेष महत्व है। कलश में ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र, नवग्रह, सभी नदियों, सागरों, सात द्वीपों समेत अन्य देवी-देवताओं का वास माना जाता है। नवरात्र के दौरान दुर्गा पाठ करने से सकारात्मकता का वास होता है। कहा कि पहले तीन दिन हम दुर्गा देवी का ध्यान करते हैं जो पराक्रम, स्वावलंबन और आत्मविश्वास की प्रतिमूर्ति है अगले तीन दिन हम देवी लक्ष्मी जो शुभता व धन्यता की प्रतिमूर्ति है और अंतिम तीन दिन देवी सरस्वती का ध्यान करते हैं जो ज्ञान की प्रतिमूर्ति है, अर्थात नवरात्रों में हम अपने भीतर पराक्रम, स्वावलंबन, शुभता और ज्ञान जगाने का प्रयास करते हैं। मां के इन नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंद्रघंटा, चतुर्थी कुष्मांडा, पंचम स्कंदमाता, अष्टम कात्यायनी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी, नवम सिद्धिदात्री नवरात्रों में इन नौ देवियों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन हस्त नक्षत्र, ऐन्द्र योग व जयद योग में पूजन होगा। मां दुर्गा का आगमन इस बार पालकी पर और विदाई चरणायुध (मुर्गे) पर होगा। इसके कारण मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शारदीय नवरात्र में चतुर्थी तिथि दो दिन छह व सात अक्टूबर को रहेगा। अष्टमी व महानवमी का व्रत एक ही दिन 11 अक्टूबर शुक्रवार को होगा। 12 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व मनेगा। नवरात्र के दौरान एक तिथि की वृद्धि व दो तिथि एक दिन होने से दुगार्पूजा 10 दिनों का होगा।

### कलश स्थापना की विधि व सामग्री

कलश स्थापना के लिए आवश्यक सामग्री में 7 तरह के अनाज, चौड़े मुंह वाला मिट्टी का एक बर्तन, पवित्र स्थान से लायी गयी मिट्टी, कलश, गंगाजल, आम या अशोक के पत्ते, सुपारी, जटा वाला नारियल, लाल सूत्र, मौली, इलाइची, लौंग, कपूर, रोली, अक्षत, लाल वस्त्र और पुष्प की जरूरत पड़ती है। सुबह स्नान करके मां दुर्गा, भगवान गणेश, नवग्रह कुबेरादि की मूर्ति के साथ कलश स्थापन करें। कलश के ऊपर रोली से ॐ और स्वास्तिक लिखें। कलश स्थापना के समय अपने पूजा गृह में पूर्व के कोण की तरफ अथवा घर के आंगन से पूर्वोत्तर भाग में पृथ्वी पर सात प्रकार के अनाज रखें। संभव हो, तो नदी की रेत रखें। फिर जौ भी डालें। इसके उपरांत कलश में गंगाजल, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, रोली, कलावा, चंदन, अक्षत, हल्दी, रुपया, पुष्पादि डालें। फिर 'ॐ भूम्यै नमः' कहते हुए कलश को सात अनाजों सहित रेत के ऊपर स्थापित करें। अब कलश में थोड़ा और जल या गंगाजल डालते हुए 'ॐ वरुणाय नमः' कहें और जल से भर दें। इसके बाद आम का पल्लव कलश के ऊपर रखें। तत्पश्चात जौ अथवा कच्चा चावल कटोरे में भरकर कलश के ऊपर रखें। अब उसके ऊपर चुन्नी से लिपटा हुआ नारियल रखें। फिर हाथ में हल्दी, अक्षत पुष्प लेकर इच्छित संकल्प लें। इसके बाद 'ॐ दीपो ज्योतिः परब्रह्म दीपो ज्योतिर्र जनार्दनः ! दीपो हरतु मे पापं पूजा दीप नमोस्तु ते। मंत्र का जाप करते दीप पूजन करें। कलश पूजन के बाद नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे !' से सभी पूजन सामग्री अर्पण करते हुए मां शैलपुत्री की पूजा करें।

### नवरात्र को लेकर सजीं पूजन सामाग्री की दुकानें

शारदीय नवरात्र को लेकर पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। माता के श्रृंगार से लेकर पूजा का सामान और कपड़ों की दुकान पर ग्राहकों ने खरीदारी शुरू कर दी है। इस बार नवरात्र पर विशेष पूजा की थाली और पूजा पैकेट ग्राहकों की पसंद बने हैं। ग्राहकों की डिमांड और बाजार में चहल-पहल को देखते हुए दुकानदारों को त्योहारी सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। नवरात्र के साथ ही इस महीने दशहरा, करवाचौथ, धनतेरस, दीपावली और विवाह का सीजन भी है। इसे देखते हुए दुकानदार तैयारियों में जुट गए हैं। फिलहाल नवरात्र की बात करें तो पूजा की दुकानों में माता की चुनरी, प्रसाद, गंगाजल, गोला, कलश, थाली, धूप, कपूर, रोली, चंदन युक्त विशेष पूजा की थाली सभी की पसंद बनी है। नौ दिन का व्रत रखने वाले श्रद्धालु पूजन-पाठ, फल, नारियल, कपड़ा, मिट्टी का घड़ा आदि की खरीदारी भी कर रहे है। वहीं बाजार में पूजन सामग्री, मां का श्रंगार व मंदिरों की सजावट का अन्य सामान की खरीदारी शुरू हो गई है। दुकानदार कुणाल अभिषेक, मनीष अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। बाजार में कपूर 900 रुपये मिल रहा है। यह फुटकर बाजार में 10 रुपये का 10 ग्राम मिलेगा। लौंग 10 रुपये की 10 ग्राम हैं। थोक में यह 900 रुपये प्रतिकिलो मिलेंगी। जायफल तीन रुपये प्रतिनग, पूजा सामग्री 20 रुपये की 100 ग्राम मिल रही हैं। काजू 900 से 1200 प्रति किलो, किशमिश 250 से 1000 किलो, छुहाड़ा 300 से 500 किलो, बादाम गिरी 700 से 1200 किलो, मखाना 150 से 200 रुपये प्रति 250 ग्राम, अखरोट 500 से 1000 रुपये, देशी घी 600 से 1000 लीटर, कुट्टू का आटा 140 से 160 प्रति किलो, साबूदाना 90 से 120 प्रति किलो, अंजीर 1200 से 1800 किलो, मूंगफली 140 से 180 प्रति किलो, सिंघाड़े का आटा 130 से 150 प्रति किलो, नारियल 25 प्रति पीस, चूनरी 10 से 100 रूपया प्रति पीस, हवन सामग्री 50 से 200 रुपये बिक रहा है। वही मिट्टी के दीपक, कलश चंबुक, आदि की भी बिक्री हो रही है। इधर नवरात्र को लेकर धार्मिक पुस्तकों की भी बिक्री बढ़ गई है। पूजा सामग्री की दुकानों पर दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा, रामचरित मानस पाठ, सुन्दरपाठ समेत अन्य धार्मिक पुस्तकों की बिक्री शुरू हो गई है।

## एक नजर

### 200 यूनिट फ्री बिजली का प्रमाण पत्र वितरण आज से

**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत ऐसे घरेलू उपभोक्ता जो 200 यूनिट प्रतिमाह जो पूरे वर्ष में 2400 यूनिट खपत करने वाले श्रेणी में आते है। उनका दिनांक 31.08.2024 तक का विद्युत बकाया राशि माफ किया गया है। इसका प्रमाण पत्र वितरण का शिविर 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक विभिन्न जगहों पर लगाया जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल लोहरदगा दीपक खलखो ने बताया कि 03 अक्टूबर को पतराटोली स्थित विद्युत शक्ति उपकेंद्र, 04 अक्टूबर को ब्लॉक परिसर सेन्हा, 05 अक्टूबर को कुडू के टीको स्थित विद्युत शक्ति उपकेंद्र मे शिविर आयोजित किया गया है। जिसमे सभी लाभुक उपभोक्ताओ को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### श्री श्री महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव आज

**लोहरदगा।** अग्रवाल सभा, अग्रवाल उप समिति, अग्रवाल यूथ सोसायटी, अग्रवाल महिला समिति की अगुवाई में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री श्री अग्रसेन जयन्ती महोत्सव 2024 समारोह का आयोजन आश्विन शुक्ल प्रतिपदा, दिनांक 03 अक्टूबर 2024, गुरूवार को मनाया जाएगा। इस वर्ष जयन्ती समारोह का आरम्भ ध्वजारोहन के साथ शोभा यात्रा, श्री अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना के बाद प्रतिभा पुरस्कार वितरण (मेडल एवं प्रमाण पत्र) के साथ संपन्न होगा। श्री अग्रसेन भवन के जीर्णोद्धार के कारण इस वर्ष रात्रि का मुख्य जयन्ती समारोह नहीं किया जायगा। सभी कार्यक्रम समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**भंडरा।** यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भंडरा पुलिस की ओर से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के तहत मंगलवार को एस आई पप्पू गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के रांची लोहरदगा मुख्य पथ के थाना मोड़ पर चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों को चेक किया। वाहन चेकिंग में पुलिस के द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहनों की डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण, फिटनेस सहित कई कागजातों की जांच की गई। तथा चार पहिया वाहनों की डिक्की की तलाशी भी ली गई। वहीं वाहन के कागजात नहीं पाए जाने पर कुल 5 वाहन को जब्त किया गया।

## जयंती पर याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



**लोहरदगा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को अपर बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक, नगर प्रशासक समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपिता के विचारों को याद किया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे राष्ट्रपिता थे। उन्हें प्यार से लोग बापू जी कहते थे। उन्होंने अहिंसा परमो धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दुनिया को सिखाया है। उनके विचार व आदर्शो को आत्मसात करने की जरूरत है।

## अज्ञात ग्रामीणों ने काट दिए 45 पीस साल पेड़



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** जंगलों की कटाई बड़े पैमाने पर हो रही है। विशेष कर सुदुर्वर्ती पहाड़ी क्षेत्र में जारी है। जिसकी सूचना वन विभाग कर्मियों को मिलते ही छपेमारी दल गठित कर जंगल बचाव अभियान चलाया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत पेशरार प्रखंड कर अति सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र बिड़नी ग्राम के समीप जंगल की कटाई की सूचना वन विभाग कर्मियों को प्राप्त हुआ।सूचना के आलोक में टीम गठित कर छपेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पता चला कि ग्रामीणों द्वारा बिजली तार कनेक्शन ले जाने के लिए बिजली तार पॉल से सट रहे पेड़ों का अवैध कटाई किया गया था। जिस पर वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम के तहत कानूनी कारवाई की जा रही है। बताया जाता है कि बीड़नी से मुंगो मोड़ के बीच लगभग 45 पीस साल पेड़ को अवैध रूप से अज्ञात ग्रामीणों द्वारा काटा गया था। जिसे वन विभाग कर्मियों के द्वारा साल पेड़ का सभी बोटा को जप्त कर बक्सीडीपा स्थित वन विश्रामगर परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया। वन विभाग द्वारा अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध नियम संगत कानूनी कारवाई किया जा रहा है।

### लोहरदगा में भाजपा अब भी गंभीर नहीं, दिखाया फ्लॉप शो

## पिछले चार विधानसभा चुनावों से विधायक के चेहरे की तलाश

▶ *योगी आदित्यनाथ, रवि किशन, मनोज तिवारी, भानु प्रताप, संजय सेठ में से कोई नहीं आया*



राहुल कौशल

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सघनु भगत पूर्व मंत्री के बाद भाजपा को चेहरे की तलाश है । 2005 में कांग्रेस से सुखदेव भगत विधायक बने,2009 में पहली बार आजसू पार्टी से कमल किशोर भगत विधायक बने 2014 में दुहराया जबकि 2019 में कांग्रेस से डॉ रामेश्वर उरांव जीते जो वर्तमान में राज्य के वित्त मंत्री भी हैं। पिछले चार विधानसभा चुनावों में भाजपा का अपना कोई चेहरा नहीं बन पाया । इस बार भी भाजपा कमजोर पड़ सकती है ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि चर्चा है कि यह सीट आजसू गठबंधन में न चली जाए। 27 सितंबर को भाजपा की परिवर्तन यात्रा में योगी आदित्यनाथ के आगमन की बात बताकर घरों तक कार्यकताओं ने अक्षत वितरण किया गया । हिमंता विस्वसर्मा और सांसद भोजपुरी स्टार रवि किशन, सांसद मनोज तिवारी और भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही,केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री व सांसद संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बाबूलाल मरांडी के आगमन की बात कही गई। बाबूलाल मरांडी का कद झारखंड की राजनीति में बड़ा है और उनके आने से शायद भाजपा को थोड़ी राहत मिली लेकिन जब संजय सेठ भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे, तब भाजपा की स्थिति और भी कमजोर दिखाई देने लगी। लोहरदगा में चर्चा है कि भाजपा ने विपक्षियों को शायद वाकओवर देने का मन बना लिया है।

## न्यूज बॉक्स

### एसपी से मिला लोहरदगा सर्राफा एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**लोहरदगा।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में लोहरदगा सरार्फा एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। निकटवर्ती जिलों में स्वर्ण व्यवसाईयों के प्रतिष्ठान में चोरी,डकैती, लूटपाट, हत्या से स्थानीय सरार्फा व्यवसायी भयभीत है। ये अपराधी रात्रि में जहां सेंध मार के या शटर तोड़कर चोरी कर रहे हैं,वही दिन में हेलमेट पहन कर, गमछा लपेटकर,मास्क लगाकर, काले वस्त्र धारण करके सीधे बंदूक की नोक पर लूटपाट कर के निकल जाते हैं तथा कई बार व्यवसायी को जख्मी व हत्या भी कर देते हैं। ऐसे में उनकी जान माल की सुरक्षा बहुत जरूरी हो जाती है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान लेते हुए कहां की लोहरदगा के सभी व्यापारियों की सुरक्षा प्रदान कराना मेरा दायित्व है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच मोटरसाइकिल में 10 पुलिसकर्मी हूटर बजाते हुए पूरे शहरी क्षेत्र में निगरानी करने तथा सराफा दुकानों में विभाग द्वारा क्यूआर कोड लगाया जाएगा, जिसे स्कैन करके 112 इमरजेंसी नंबर से दुकानदार जुड़ जाएगें ताकि व्यापारी सीधे कंट्रोल रूम से जुड़कर मदद मांग सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रात्रि दस्ता भी बढ़ा दिया जाएगा एवं किसी भी व्यापारियों को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन पर शक हो तो कंट्रोल रूम के फोन नंबर 7004400718 पर या मेरे मोबाइल में कभी भी फोन कर सकते हैं, त्वरित कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि आप बंदूक का लाइसेंस लेना चाहते हैं तो आपको अवश्य मिलेगा। साथ ही साथ अपने प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी अवश्य लगाए। प्रतिनिधि मंडल में एसो. के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद खत्री, संजय बर्म्मन,सचिव प्रवीण तमेडा, कोषाध्यक्ष शशांक बर्म्मन थे।

### एकलव्य आदर्श विद्यालय सेन्हा का पीएम ने किया ऑनलाइन उद्घाटन



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड के उगरा पंचायत के उगरा ग्राम में नवनिर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन लोकार्पण गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर बुधवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय लोकार्पण के मौके पर अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे। वही ग्रामीणों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम का सुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही विद्यालय ऑनलाइन लोकार्पण पर प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया. मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फुलझरी देवी, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, मुखिया बसन्ती उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### श्री रामचरित्र मानस नवाह्न परायण महायज्ञ समिति की बैठक हुई



**लोहरदगा।** श्री रामचरित्र मानस समिति लोहरदगा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर गुदरी बाजार,लोहरदगा में श्री रामचरित्र मानस नवाह्न परायण महायज्ञ समिति लोहरदगा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। तीन अक्टूबर 2024 को पावरगंज स्थित प्राचीन देवी मंदिर से सुबह 7:00 कलश लेते हुए एक वृहत रूप से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो की ठाकुरबाडी.मंदिर परिसर गुदरी बाजार में पहुंचकर कलश की स्थापना करते हुए नवरात्रि का पूजन प्रारंभ होगी। शोभा यात्रा पारंपरिक ढोल नगाड़ों और झंडों पताकों के साथ निकाली जाएगी। समिति ने सभी सनातनियों से आग्रह किया है कि इस शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या मे अवश्य शामिल हो। नव दिन तक नवाह्मण परायण पाठ वाराणसी के यज्ञ आचार्य श्री विष्णु चित जी महाराज अपने साथ 14 ब्राह्मणों के द्वारा करेंग। प्रति दिन रात्रि में 7:00 से अयोध्या से पधार रहे महाराज गौरव कृष्ण मिश्र के द्वारा संगीतमय प्रवचन करेंगे। संरक्षक ओमप्रकाश सिंह एवं अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद खत्री ने सभी माता रानी भक्तों से आग्रह किया है कि नवरात्रि में शक्ति की देवी माता रानी के कलश अनुष्ठान के इस सभी कार्यक्रमों पर प्रत्येक दिन अवश्य उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने।

### 'स्वच्छता ही सेवा' के समापन-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## गांधी जी व शास्त्री जी ने आधुनिक भारत की संरचना अपने विचारों से की : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस (2-11अक्तूबर 2024) का भी शुभारंभ किया गया। दोनों कार्यक्रमों का उद्घाटन उपयुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां व जिला के अन्य पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान अंतर्गत जिला में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक व संवेदनशील बनाने के लिए साइकिल रैली, मैराथन दौड़ समेत कई अन्य कार्यक्रम किए गए। इस कार्यक्रम के जरिए लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संचार हुआ। विशेष कर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की पदाधिकारियों द्वारा इसमें बेहतर प्रयास किए गए। इसके जरिए लोहरदगा जिला में स्वच्छता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया है और मुझे पूर्ण भरोसा है की यह संकल्प आगे भी जारी रहेगा। उपायुक्त ने कहा 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। वे ना सिर्फ राजनीति से जुड़े थे बल्कि महान विचारक भी थे। उन्होंने आधुनिक भारत की संरचना अपने विचारों से की। आज बच्चे किताबों में दोनों महापुरुषों के बारे में पढ़ते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय-जवान,जय-किसान' का नारा दिया। इसी तरह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता के लिए कई कार्य किये। उन्होंने अपने आंदोलन के जरिए समाज सुधार के कई कार्य किये। स्वच्छता के लिए अभियान चलाया और लोगों को इसके लिए प्रेरित भी किया। जो उनके विचारों को मानते थे, वे उनके द्वारा बताए गए कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने गांव-गांव में स्वच्छता के लिए अभियान चलाया। स्थानीय लोग उन कार्यक्रमों में जुड़ते चले गए। स्वच्छता की परंपरा आज की नहीं बल्कि ढाई हजार वर्ष पहले भी देश में थी। सिंधु घाटी सभ्यता में हमें नाली, स्नानागार आदि का जिक्र मिलता है। स्वच्छता से हमारा पुराना नाता है। गांव-गांव में लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं।



### गांधी जी व शास्त्री जी ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी : एसपी

पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि आज दो महापुरुषों का जन्म दिवस है। दोनों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और शांति का रास्ता दिखाया, वह अकल्पनीय है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए और उनका संस्मरण करना चाहिए। महात्मा गांधी ने स्वच्छता के लिए दो महत्वपूर्ण बातें कहीं हैं। उसमें स्वयं की स्वच्छता एवं अपने आसपास के जगह की स्वच्छता का जिक्र है। अगर आप स्वयं स्वच्छ रहते हैं और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सफाई नहीं रखते हैं तो आप अपने जीवन का विनाश करते हैं। स्वच्छता के माध्यम से ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। हमें स्वच्छता के मिशन को आगे ले जाना है।

## लापता किशोरी का शव कुएं से पुलिस ने किया बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा से लापता किशोरी का शव कुएं से पुलिस द्वारा बरामद किया गया। शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर कारवाई जुट गई है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के मुस्लिम मुहल्ला सेन्हा निवासी मुबारक अंसारी के 15 वर्षित पुत्री कशिश खातून अपने घर से मंगलवार सुबह राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय के लिए निकली थी। जो स्कूल छुट्टी होने के बाद भी काफी देर तक घर नही पहुंची तो परिजनों द्वारा छानबीन किया जाने लगा।और इसकी सूचना सेन्हा थाना को देते हुए किशोरी के लापता होने की बात से अवगत कराया गया था। वही परिजनों द्वारा खोज बिन के क्रम में बुधवार को पता चला कि कब्रिस्तान के पूरब खदवा गढ़ा दोहर में स्कूली जूता फेका हुआ है। जिसके बाद परिजनों द्वारा पहचानी किया गया। अगल बगल छानबीन के दौरान बेलाल अंसारी के नवनिर्मित कुएं में शव मिलने की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को दिया गया। घटना की सूचना मिलने के पश्चात थाना प्रभारी स्वंय एवं एस आई मनीष कुमार,अविनाश राम दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कुएं से निकलवा कर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।इस संदर्भ पुलिस का कहना है। प्रथमदृष्टया किशोरी की मौत कुएं में डूबने से होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच आरम्भ कर दिया गया है।

## एक नजर

### चैनपुर पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**चैनपुर।** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत भवन में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर पंचायती राज विभाग से निदेर्शानुसार विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है- सुशील दीपक मिंज ( मुखिया बेंदोरा)। वहीं बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित करते हुए विशेष ग्राम सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मकसद बुजुर्गो के योगदान को सम्मानित करना और महिलाओं, युवाओं, तथा समाज के अन्य वर्गों की भागीदारी से समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।

### महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया माल्यार्पण

**गुमला।** बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर गुमला के गांधी पार्क में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह समेत जिले के अन्य वरीय अधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, एसडीओ सदर, डीसीएलआर, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खेल पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी समेत कई विभागीय पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सिद्धांतों और आदर्शों का स्मरण किया। अधिकारियों ने गांधी जी के शांति, सत्य और अहिंसा के संदेश को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के योगदान को नमन करते हुए समाज में उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।

### कार्तिक उरांव पुस्तकालय का पूर्व आईपीएस डॉ. अरुण उरांव ने किया निरीक्षण

**गुमला।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय का पूर्व आईपीएस डॉ. अरुण उरांव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपलब्ध किताबों और साफ-सफाई की सराहना की। डॉ. उरांव ने पुस्तकालय संचालन समिति और लाइब्रेरियन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय भरनो के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने जिला प्रशासन और पूर्व डीसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुस्तकालय का माहौल बच्चों के लिए अत्यंत अनुकूल है, जहां हिंदी और अंग्रेजी मीडियम की सभी प्रतियोगी पुस्तकों का समावेश है। खासकर, सरकारी स्कूलों के हिंदी मीडियम के छात्रों के लिए यह एक उत्तम सुविधा है, जहाँ उन्हें घर से भी बेहतर माहौल में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा।

### गांधी जयंती राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

**सिसई/ गुमला ।** बुधवार को सिसई प्रखंड के मुर्गू पंचायत भवन में गांधी जयंती के अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता कुमारी मिंज रेफरल अस्पताल सिसई के निर्देश पर राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रेफरल अस्पताल सिसई के वरीय चिकित्सा प्रवेक्षक शिवनारायण सिंह, स्वास्थ्य पदाधिकारी शुभम कुमार, एएनएम प्रतिमा कुमारी, एवं साहियाओं का विशेष योगदान रहा एवं इनके द्वारा ग्रामीणों का मुफ्त सिकल सेल जांच, टी बी संभावित रोगी की जांच सुगर बीपी जांच, एवं अन्य स्वास्थ संबंधित जांच किये गए। इस शिविर में यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम की अहम भूमिका रही, जहा पर जांच में चार टी बी,के संभावित रोगी। बी पी सुगर के तीन संभावित रोगी।और दस व्यक्तियों में कमजोरी पाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यक्ष्मा को मूल रूप से समाप्त कर यक्ष्मा मुक्त भारत बनाना है।

# गांधी जयंती पर वार्षिक ग्राम सभा का आयोजन



**सिसई (गुमला)।** बुधवार को मुर्गु पंचायत भवन में मुखिया बंदीराम उरांव की अध्यक्षता में वार्षिक ग्राम सभा किया गया। जिसमें लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं एक्स टू जस्टिस फाउंडेशन के सहयोग से निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के बीच संस्थान के क्षेत्रीय कार्यकर्ता द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इसमे बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, और यौन शोषण के रोक थाम जैसे मुद्दे शामिल थे। जिसमें वार्षिक प्लान भी तैयार किया गया। इस प्लान के तहत तालाब, बागवानी, कुआ, शेड, पुल पुलिया, पीसीसी पथ निर्माण, एवं कई सारे सरकारी योजनाओं को अपने ग्राम पंचायत में लागू कराना है। इस सभा में ग्राम प्रधान- शंकर पहान, वार्ड सदस्य- मोनिका देवी, तारा देवी, फुलमती देवी, राजेंद्र उराँव,के साथ साथ अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति भी रही।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**

**e-Procurement Notice**

**e-Tender Ref No- 5/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 952**

**Dated:- 30.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Local Nala H.L. Bridge over Daltonganj-Lesliganj-Panki Road At Chainage: - 32+200 Km, 34+100 Km & 36+600 Km for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 6,92,54,100.00 (Rupees Six Crore Ninety Two Lacs Fifty Four Thousand One Hundred) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 6,92,600.00 (Rupees Six Lacs Ninety Two Thousand Six Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 12 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 15.10.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 06.11.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 12.11.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of eProcurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**

For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 337786Road(23-24)D

## गांधी जयंती पर 28 किलोमीटर की हुई मैराथन दौड़

**घाघरा गुमला।** घाघरा मिडिल स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर विकास भारती बिशुनपुर द्वारा आयोजित घाघरा मिडिल स्कूल से चिंगरी 28 किलोमीटर विकास मैराथन दौड़ का उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्मा श्री अशोक भगत ने बापू के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुवे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मा श्री अशोक भगत ने कहा कि आजादी के बाद गांधी जी ने जो सपने देखे थे उन्हें पूरा करने का काम युवाओं के ही कंधों पर है। गांधी जी के बताए गए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। वहीं भाजपा नेता अशोक उरांव ने कहा कि युवावों के सर्वांगीण विकास के लिए विकास भारती हमेशा से प्रयत्नशील रही है और इसी कड़ी में विकास भारती के सचिव पद्मा श्री अशोक भगत द्वारा विगत 40 वर्षों से अनवरत विकास मैराथन दौड़, साइकिल रेस सहित अन्य आयोजन कराए जाते है। विकास मैराथन कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी हमेशा से सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उसी प्रकार प्रतिभागी धावक बगैर छल कपट के सत्य के राह पर दौड़ लगाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/17/2024-25/Gr_2(2nd call)**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम डाटम में जर्जर ऑगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण | 1819800 | 36400 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.10.2024 से दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.337894 Rural Development(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/11/2024-25/(2ND CALL)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पोखरी खुर्द छेछानी में औरंगा नदी पर पुल निर्माण कार्य। | 8,51,52,700 | 17,03,100 | 10,000 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.10.2024 से दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 337892 Rural Development(24-25)D

**कार्यालयः जिला अभियंता, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना**

**ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 32/2024-25**

1. कार्य का नाम :–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत चेटर ग्राम लटदाग में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 02.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–09.10.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 14.10.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 337900 Rural Development (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/16/2024-25(2ND CALL)**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत दुरूप ग्राम दुरूप के बसेरिया टोला नदी में पुल निर्माण।(भाग–1) | 8092700 | 161900 | 10000 | 3 माह |
| 2 | Gr_2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत दुरूप ग्राम दुरूप के बसेरिया टोला नदी में पुल निर्माण।(भाग–2) | 9977948 | 199600 | 10000 | 3 माह |
| 3 | Gr_4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू पंचायत मायापुर ग्राम डाडकोचा में पुलिया निर्माण। | 8038200 | 161000 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.10.2024 से दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.337887 Rural Development(24-25):D

## पति ने पत्नी की हत्या कर शौचालय के गटर में शव को डाला

**घाघरा गुमला।** घाघरा थाना छेत्र के टोटाम्बी जतराटोली में शराबी पति भैराम उरांव ने अपनी पत्नी आरती देवी 32 वर्ष की हत्या दुपट्टे से गला घोटकर कर दिया और बीते गुरुवार की शाम उसके शव को शौचालय के गटर में डाल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद भैयाराम ने गॉव में लोगों को गुमराह करने के नियत से बताया कि उसकी पत्नी से कहा सुनी हुवी थी जिससे उसकी पत्नी घर से भाग गई है। लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जब आरती का कोई सुराग नहीं मिला, तो चपका निवासी आरती के पिता जगन्नाथ बडाईक ने घाघरा थाना में मामले को लेकर शिकायत मंगलवार की शाम को की। पुलिस जब भैया राम से सख्ती से पूछताछ कि तो उसने पत्नी की हत्या किए जाने की बात कबूल कर लिया और शव को गटर में डालने की बात बताई। घटना की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी तरुण कुमार ने न्यायालय को घटना की सूचना दी और न्यायालय द्वारा बतौर दंडाधिकारी अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल को नियुक्त किया गया।

**कार्यालय**
**नगर परिषद्, बिश्रामपुर**

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना सं0 NPB-03/2024–25 (4th Call)**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर में आवश्यक कार्य हेतू क्षेत्र भ्रमण एवं दैनिक कार्यो के सफल निशपादन हेतु किराये पर एक चार पहिया (बिना चालक) वाहन (Mahindra Scarpio /Mahindra SUV/ Mahindra Bolero /Mahindra TUV 300 with AC or cars of same segment) की आवश्यकता है। नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा वाहन को भाडे पर लेने में प्रथम स्थान पर Mahindra Scarpio, द्वितिय स्थान पर Mahindra SUV, तृतीय स्थान पर Mahindra Bolero एवं चतुर्थ स्थान पर Mahindra TUV 300 एवं अन्य चार पहिया वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए ऑफलाईन कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता वाहन के आवश्यक कागजातों (वाहन निबंधन प्रमाण–पत्र, इंश्योरेंस, रोड टैक्स एवं प्रदुशण प्रमाण–पत्र) सहित दर के साथ बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दिनांक 05.10.2024 को अपराहृण 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरान्त न्यूनतम दर दाता को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन होने के उपरांत वाहन मालिक के साथ एक वर्ष हेतू एकरारनामा किया जायेगा। वाहन परिचालन के दौरान होने वाली सभी तरह की खराबी, सर्विसिंग की तत्काल जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालिक की होगी। कोटेशन दिनांक 05.10.2024 अपराहृण 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर परिशद्, बिश्रामपुर में खोली जाएगी। इस संबंध में नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पटट पर देखी जा सकती है।

किसी भी समय इस कार्य को रदद करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | वाहन का प्रकार | दर (प्रतिदिन) | दर (प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |

अतः उपरोक्त कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर।

PR.NO.337873 District(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 21/2024-25/RWD/GARHWAदिनांक – 28.09.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रंका | RWD/GARHWA/ 57/2024-25 | रंका रमकंडा मुख्य पथ से खपरो ग्राम में बसावटों को जोड़ने हेतु पथ निर्माण कार्य। (10.400 कि0मी0) | 1043.051 | दस करोड़ तेतालीस लाख पाँच हजार एक सौ रूपये। | 18 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 04.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 17.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–19.10.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 337733 (Rural Work Department) 24-25 (D)

**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,**
**NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR**

**Request for Proposal/E-Procurement Notice**

REQUEST FOR PROPOSAL NO. UDD/NPSBN/07/2024-25 (4th Call) Date: 28-09-24

Request for Proposal are invited on behalf of **SHRI BANSHIDHAR NAGAR, NAGAR PANCHAYAT (NPSBN),** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies/firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar, Garhwa in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 950.65 & 6064.07 | 9.50 | 25000.00 | 16 Month Construction & 20 Yrs O&M |
| 2 | Publication of Tender on Website | 28-09-2024 | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 28-09-2024 | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 15-10-2024 | | | |
| 5 | Last Date/Time for Receipt of bid Online | 22.10.2024 By 3:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 23.10.2024 By 4:00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | Administrator, NP. Shri Banshidhar Nagar | | | |
| 8 | Mobile Number | 9771198870 | | | |
| 9 | E-mail | npsbnagar@gmail.com | | | |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | | |

Only e-tenders are acceptable. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Contractor should be registered in appropriate class as per NIT.
3. Estimated cost/ Quantity may vary.

**Administrator,**
**NP. S.B. Nagar**

PR.NO.337753 Urban Development(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–17/2024–25**

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 18/10/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19/10/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 19/10/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरण:–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of Four Court Building in Court Campus Garhwa Under Garhwa for the year 2023-24. | ` 24,56,600/- | ` 49,200/- | ` 5000/- | 15 दिन |
| 2 | Renovation of S.D.P.O. Residence in Banshidhar Nagar, District Garhwa for the year 2024-25 | ` 9,69,800/- | ` 19,400/- | ` 1250/- | 15 दिन |
| 3 | Installation of Deep Boring (200x150mm dia) & 2 H.P. Submersible Pump Set in Campus of Judge (A -Type) Quarter Garhwa for the year 2024-25. | ` 4,19,100/- | ` 9,000/- | ` 750/- | 07 दिन |
| 4 | Renovation of Sub -Divisional Police Officer Residence in Ranka Under Garhwa District for the year 2024-25. | ` 6,03,400/- | ` 12,100/- | ` 1250-/ | 07 दिन |
| 5 | Heightening of Compound Wall & Parking Light in S.D.O. Residence Ranka Under Garhwa District. | ` 14,92,400/- | ` 29,900/- | ` 2500-/ | 15 दिन |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 337719 Building(24-25)D

## एक नजर

### धूम- धाम से मनाई गई गांधी व शस्त्री की जयंती



**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत भवन में मुखिया अनिता देवी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बुधवार को बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि शांति, आहिंसा और सद्भावना का मार्ग दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर नमन किया। इस मौके पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मोके पर सुजीत कुमार, मनीष कुमार , मनोरंजन कुमार, अनिल कुमार एंव सेकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### ग्रामीणों ने पटना-बलहरा मुख्य सड़क को किया जाम

**गांवा गिरिडीह।** गिरिडीह जिला अंतर्गत गावां थाना क्षेत्र के जमडार पुलिस पिकेट से बीते दिन सभी तैनात कर्मी पिकेट खाली कर चले गए हैं। इससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने बुधवार को जमडार पिकेट के समीप पटना-बलहरा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। साथ ही पिकेट को पुनः चालू करवाने की मांग करने लगे। पूर्व पंसस संतोष मरांडी ने बताया कि वर्ष 2004 में उग्रवादियों व हुड़दंगियों से निपटने के लिए जमडार पिकेट का निर्माण करवाया गया था। लेकिन सोमवार को बिना किसी सूचना के अचानक यहां के पिकेट के सभी कर्मी चले गए, जिससे लोग काफी भय में हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से पिकेट पुनः चालू करवाने की मांग की है। कांग्रेस नेता मरगूब आलम आदि ने भी पिकेट को यथावत रखने की मांग की है। बाद में सड़क

### चैनपुर पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**चैनपुर।** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत भवन में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर पंचायती राज विभाग से निर्देशानुसार विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है- सुशील दीपक मिंज ( मुखिया बेंदोरा)। वहीं बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित करते हुए विशेष ग्राम सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मकसद बुजुर्गों के योगदान को सम्मानित करना और महिलाओं, युवाओं, तथा समाज के अन्य वर्गों की भागीदारी से समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।समाज को सशक्त बनाने और ग्रामीण भारत में भविष्य के विकास को आकार देने के लिए गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया है।

उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और रोजगार जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की,कहा की अगर किसी की प्रकार की योजना की आवश्यकता है।

अनुप्रिया फाउंडेशन व झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा ने मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

# सत्य के साधक गांधी व सादगी के मिसाल थे शास्त्री : अनुप्रिया

**आज हमें गांधी जी जैसे मार्गदर्शक व शास्त्री जी जैसे नेतृत्व की आवश्यकता**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अनुप्रिया फाउंडेशन एवं झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म जयंती कार्यक्रम को बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पदयात्रा के साथ हुई जिसमें अनुप्रिया फाउंडेशन एवं झारखण्ड वैश्य समाज के सभी सम्मानित व सक्रिय सदस्यों ने पंच मंदिर प्रांगण से कुम्हार टोली स्थित गांधी स्मारक तक सत्य और अहिंसा के आचरण को आत्मसात करने की संकल्पना के साथ पदयात्रा की। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह पर फैले कूड़ा , करकट व गंदगी को भी साफ करते हुए स्वच्छ हजारीबाग बनाने का भी प्रण लिया गया। तत्पश्चात तिलक हॉल में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन एवं आदर्शों पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया साव उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड वैसे संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष उगेश्वर साहू एवं संचालन तेली समाज के जिला अध्यक्ष नारायण साव ने किया। स्वागत संबोधन में विजय साव ने प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान परिवेश में गांधी जी एवं शास्त्री जी के विचार प्रासंगिक एवं तर्कसंगत लगते हैं। मुख्य अतिथि अनुप्रिया साव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य के साधक गांधी जी व सादगी की मिसाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन कई मायनों में समान था। गांधी जी के विचारों को शास्त्री जी ने सत्ता के शीर्ष पर रहकर भी जिया।

## पूर्व सांसद ने बापू व शास्त्री के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पूर्व सांसद सीपीआई के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने बापू महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण किया। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि महात्मा गांधी और और लाल बहादुर शास्त्री दोनों की कामयाबी भारत देश के लिए महान उपलब्धि है । जबकि बापू गांधी जी को देश के अलावे विदेश में भी पूजा की जाती है। महात्मा गांधी जाति, धर्म, समुदाय, उच्च-नीच की भेदभाव को मिटाकर संपूर्ण देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया, और एक धोती मात्र पहनकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते रहे। उसके परिणाम स्वरुप 15 अगस्त 1947 में भारत देश आजाद हुआ। जबकि गांधी जी एक धोती पहनकर पूरे देश में आंदोलन किया जो आज के नेताओं को भी उनसे सीख लेनी चाहिए। जो देश के लिए अनिवार्य है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री भी प्रधानमंत्री रहते हुए, अपने ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरे भारत में ईमानदारी का शासन चलाया। यह भी आजकल के लोगों को सिखने की बात है। जबकि आज एक मामूली सी पद पाने के बाद लोग अरबो के मालिक बन बैठते हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### थाना परिसर बरकट्ठा स्थित शिव मंदिर में युगल प्रेमियों की हुई शादी, परिजनों ने दी सहमति



**बरकट्ठा।** थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में दो प्रेमियों की शादी हुई। जानकारी हो कि विकास दास पिता भोला दास ग्राम झुमरी तिलैया निवासी पिछले दो साल से पुतुल कुमारी पिता सुरेश रविदास ग्राम मरमगड्डा, बरकट्ठा निवासी के साथ प्रेमालाप कर रहा था। दोनों प्रेमी फेसबुक के माध्यम से मिले और साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे। मंगलवार को दोनों प्रेमी घर से भागकर शादी करना चाहते थे, लेकिन लड़की की परिजनों को सूचना मिलने पर दोनों प्रेमी को कोडरमा स्टेशन पर पकड़कर बरकट्ठा थाना पुलिस को सौंप दिया गया। सूचना मिलने पर दोनों प्रेमी के परिजनों ने आपसी सहमति से थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में शादी करवा दी। इस मामले को सुलझाने में पूर्व मुखिया बसंत साव, मनोज दास का अहम रोल रहा। शादी होने के लडकी को लडके के साथ झुमरी तिलैया ससुराल भेजा गया। मौके पर मोहन दास, शंकर दास, कुलदीप दास, बीना देवी, राजकुमार, राहुल कुमार, दुर्गी दास समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### एक नया दोस्त आजसू सदा आपके साथ रहेगा : सुदेश



**डुमरी।** डुमरी के बेरमो मोड़ के समीप बुधवार को आजसू पार्टी का आजसू सेवा केन्द्र का शुमारंभ हुआ। पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने केन्द्र का उदघाटन किया। इस मौके पर आयोजित उदघाटन समारोह को संबोधित करते केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजसू पार्टी गरीब, पिछड़ों की पार्टी है। इनकी सेवा करना पार्टी का लक्ष्य है। आजसू सेवा केन्द्र खोलने के पीछे पार्टी का उद्देश्य सेवा भाव है। कहा कि यह केन्द्र सात दिन चैबीस घंटे काम करेगी। आप इसके टॉल फ्री नंबर पर किसी भी समय फोन कर अपनी समस्या बता सकते है और सहायता मांग सकते हैं। मेरे लोग आपके दरवाजे पर जाकर सहयोग करेगें। कहा कि आज बहुत ऐसे लोग हैं जिन्हें किसी भी प्रकार के फार्म भरने में परेशानी होती है। प्रखंड और अन्य सरकारी कार्यालयों के बाहर दलालनुमा लोग घुमते रहते है। जो पैसे ऐंठने का काम करते हैं। कहा कि पार्टी फिलहाल प्रखंड मुख्यालयों में इस केन्द्र की शुरूआत की है। लेकिन बहुत जल्द इस सुविधा को गांवों तक पहुंचाया जायेगा। केन्द्र में आने वाला यदि कोई मामला सात दिनों तक लंबित रहेगा तो उस मामले को मैं खुद देखुंगा और उसका जबाब भी दिया जायेगा और एक नया दोस्त आजसू सदा आपके साथ रहेगा।

### भरनो स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय का पूर्व आईपीएस डॉ. अरुण उरांव ने किया निरीक्षण



**गुमला।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय का पूर्व आईपीएस डॉ. अरुण उरांव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपलब्ध किताबों और साफ-सफाई की सराहना की। डॉ. उरांव ने पुस्तकालय संचालन समिति और लाइब्रेरियन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय भरनो के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने जिला प्रशासन और पूर्व डीसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुस्तकालय का माहौल बच्चों के लिए अत्यंत अनुकूल है, जहां हिंदी और अंग्रेजी मीडियम की सभी प्रतियोगी पुस्तकों का समावेश है। खासकर, सरकारी स्कूलों के हिंदी मीडियम के छात्रों के लिए यह एक उत्तम सुविधा है, जहाँ उन्हें घर से भी बेहतर माहौल में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा।

## अटल विचार मंच ने गांधी शास्त्री को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**बरही ।** गया रोड स्थित अटल विचार मंच के कार्यालय ने गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर जयंती समारोह आयोजित किए गए. कार्यक्रम मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता शैलेंद्र सिन्हा की अगुवाई में आयोजित किया गया था. जिसमे मंच के कई सदस्य उपस्थित थे. उपस्थित सदयो ने भारत के दोनों महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर नमन किया और उन्हें याद किया. इसके साथ ही उनके आदर्शों को आम जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया. मंच के सदस्यो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा के संकल्पों को आगे ले जाने का शपथ भी लिया. वरिष्ठ सदस्य श्री सिन्हा ने बताया कि भ्रष्टाचार की लड़ाई के विरुद्ध पूर्व विदेश सह वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा अगुवाई में गठित यह पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के सपनो को साकार करने में अग्रिम भूमिका निभाएगा. मंच का हर एक जगह पर स्वागत किया जा रहा है.

आईसीएआर पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री, लिया जायजा, कहा

# पूर्वांचल के किसानों के लिए वरदान



*षि मंत्री ने केंद्र में अध्ययन रत कृषि वैज्ञानिकों से भी मुलाकात किया और उनसे बात भी किए*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरिया करमा पहुंचे. जिनका संस्थान के प्रभारी सह विशेष पदाधिकारी विशाल नाथ पांडे की अगुवाई में केंद्र के विद्यार्थियों व कर्मियो ने भव्य स्वागत किया. इस दौरान कृषि मंत्री को डॉ पांडेय ने केंद्र में संचालित कार्यक्रमों से अवगत कराया. जिसे कृषि मंत्री ने गंभीरता से समझा और केंद्र को कृषि व अनुसंधान के क्षेत्र में आगे लाने की बात कही. उन्होंने विश्वास जताया कि यह संस्थान भारत को उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिक देगा. जो कृषि के क्षेत्र में देश को विकसित करने में सहायक होंगे. उन्होंने कहा कि यह केंद्र पूर्वांचल के किसानों के लिए वरदान साबित होगा. इससे किसानों को उन्नत खेती में सहायता मिलेगी, जो किसानों को खुशहाल बनाने में मदद करेगा. उन्होंने संतोष और विश्वास पूर्वक कहा कि कृषि विकास के क्षेत्र में उठाया गया यह एक प्रमुख कदम है. कृषि मंत्री ने केंद्र में अध्ययन रत कृषि वैज्ञानिकों से भी मुलाकात किया और उनसे बात भी किए. इस दौरान कृषि मंत्री के केंद्र परिसर में पौध रोपण भी किया. मौके पर केंद्र के कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी, अध्ययन रत विद्यार्थी सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन मौजूद थे.

## गांधी जयंती के अवसर पर डिवाइन पब्लिक स्कूल में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । इस दौरान बच्चों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाया गया।मौके पर एनसीसी कैडेट्स और शिक्षक शामिल होकर स्कूल परिसर और उसके आस पास के इलाके की सफाई की और स्वच्छता का महत्व बताया। वहीं बच्चों को अहिंसा का पाठ पढ़ाया गया और राष्ट्रपिता के प्रिय गीत रघुपति राघव राजा राम का श्रवण कराया गया। बच्चों ने लाल बहादुर शास्त्री के विचारों व उनके द्वारा देशहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या स्वाति रंजन ने स्कूल के सफाई कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मनित किया । निदेशक डॉ. आई.पी. भारती ने गांधी के स्वच्छता संदेश पर प्रकाश डाला और बच्चों को गांधी के दिखाये मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी ।कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रीती प्रभा, पूनम कुमारी, अनिल कुमार, करण कुमार,मनोज कुमार, मानती लकड़ा आदि का अहम योगदान रहा।

गांधी जयंती राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

# यक्ष्मामुक्त भारत के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर में चार संभावित मिले



**सिसई/ गुमला ।** बुधवार को सिसई प्रखंड के मुर्गू पंचायत भवन में गांधी जयंती के अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता कुमारी मिंज रेफरल अस्पताल सिसई के निर्देश पर राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रेफरल अस्पताल सिसई के वरीय चिकित्सा प्रवेक्षक शिवनारायण सिंह, स्वास्थ्य पदाधिकारी शुभम कुमार, एएनएम प्रतिमा कुमारी, एवं साहियाओं का विशेष योगदान रहा एवं इनके द्वारा ग्रामीणों का मुफ्त सिकल सेल जांच, टी बी संभावित रोगी की जांच सुगर बीपी जांच, एवं अन्य स्वास्थ संबंधित जाँच किये गए। इस शिविर में यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम की अहम भूमिका रही, जहा पर जांच में चार टी बी,के संभावित रोगी। बी पी सुगर के तीन संभावित रोगी।और दस व्यक्तियों में कमजोरी पाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यक्ष्मा को मूल रूप से समाप्त कर यक्ष्मा मुक्त भारत बनाना है। इसी तरह का शिविर प्रखंड के सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी आयोजित किया गया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन

# बापू के बताए मार्ग पर चलकर ही समूचे विश्व का हो सकता है कल्याण : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को मुक्तिधाम संस्था द्वारा थाना चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान गांधी जी की समाधि स्थल पर मुख्य अतिथि उपायुक्त चंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित शहर के कई लोगों ने गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया । इसके बाद मुक्तिधाम संस्था द्वारा निर्माण कराए गए नए शेड और शव दाह के लिए बनाये गये तीन चूल्हों का विधिवत रूप से लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुक्तिधाम संस्था के कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया एवं उनके सहयोगियों ने सर्वधर्म गीत का गायन एवं प्रार्थना किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा की आज के दिन लोग अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मना रहे हैं। उपायुक्त ने कहा की आज सभी को यह संकल्प लेना चाहिए की हम बापू के बताए मार्ग पर चलेंगे।

## गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम वार्षिक ग्राम सभा का आयोजन



**सिसई (गुमला)।** बुधवार को मुर्गु पंचायत भवन में मुखिया बंदीराम उरांव की अध्यक्षता में वार्षिक ग्राम सभा किया गया। जिसमें लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं एक्स टू जस्टिस फाउंडेशन के सहयोग से निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के बीच संस्थान के क्षेत्रीय कार्यकर्ता द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इसमे बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, और यौन शोषण के रोक थाम जैसे मुद्दे शामिल थे। जिसमें वार्षिक प्लान भी तैयार किया गया। इस प्लान के तहत तालाब, बागवानी, कुआ, शेड, पुल पुलिया, पीसीसी पथ निर्माण, एवं कई सारे सरकारी योजनाओं को अपने ग्राम पंचायत में लागू कराना है। इस सभा में ग्राम प्रधान- शंकर पहान, वार्ड सदस्य- मोनिका देवी, तारा देवी, फुलमती देवी, राजेंद्र उराँव,के साथ साथ अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति भी रही।

## बीडीओ और दलित महिला प्रकरण को लेकर माले ने रखा उपवास



**तिसरी गिरिडीह।** बीते दिनों तिसरी बीडीओ और दलित महिला प्रकरण को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार यादव द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को भाकपा माले ने एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम रखा. इसके पूर्व माले के दर्जनों कार्यकर्ता तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गाँधी स्मारक के पास जुटे. जहां उन्होंने सर्वप्रथम गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. जिसके बाद प्रतिमा के पास ही उन लोगों ने बैठ कर एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया. वहीं मौके पर जुटे कार्यकर्ताओं ने तिसरी बीडीओ के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया, वहीं भाजपा पर जमकर निशाना साधा.

# महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर किया गया माल्यार्पण



**तिसरी गिरिडीह।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गाँधी स्मारक पर भारतीय जनता पार्टी तिसरी व चंदौरी मंडल के नेताओं द्वारा माल्यार्पण किया गया.इस दौरान भाजपा के जिला मंत्री श सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव, तिसरी व चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा व सुनील साव, संदीप शर्मा, अनिल साव, दिनेश विश्वकर्मा मौजूद थे.

वहीं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, सशस्त्र सीमा बल के अफसर और तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव ने भी गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. वहीं भंडारी पंचायत के ग्रामीण राजेंद्र पंडित ने स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी के नाम सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव को लिखित आवेदन देकर भंडारी पंचायत अंतर्गत तिसरी और देवरी प्रखंड के बीच स्थित सकरी नदी पर पुल निर्माण करवाने की मांग की है.

भय का सामना करें और यह आपको परेशान करना बंद कर देगा। - श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, ''योगी कथामृत'' में

संपादकीय

## पुलिस बैरक से लेकर जेल तक जातीय भेदभाव

जातीय जनगणना के फायदे गिनाकर कुछ नेता भले जातीय भेदभाव के जिन्न को बोतल से निकालने में अपना भविष्य तलाश रहें हों पर उनका छद्म समाजवाद इस भेदभाव को मिटाने का रहा नहीं अन्यथा भेदभाव से भरे सरकारी संस्थानों की परंपरा पर प्रहार अवश्य करते। पुलिस बैरक या पुलिस लाइन जहां पुलिसकर्मी रहते हैं वहां जातीय आधार पर अलग रसोई और अन्य व्यवस्था के कई उदाहरण झारखंड के भी मीडिया के माध्यम से प्रकाश में आ चुके हैं जिसमें राजधानी रांची भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को एक 'जाति आधारित भेदभाव' से जुड़ी याचिका पर अपना एतिहासिक फैसला सुनाने वाली है। सुप्रीम कोर्ट में दायर इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि देश के कुछ राज्यों के जेल मैनुअल जाति आधारित भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश बल्कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत 17 राज्यों से जेल के अंदर जातिगत भेदभाव और जेलों में कैदियों को जाति के आधार पर काम दिए जाने पर जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई 3 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ इस याचिका पर फैसला सुनाएगी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस साल जनवरी में इस याचिका पर केंद्र और उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों से जवाब मांगा था। हालांकि छह महीने बीतने के बाद भी केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया है। सदियों से चल रही इस व्यवस्था पर पिछली सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकीलों की कड़ी फटकार लगाई थी। उत्तर प्रदेश सरकार के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया था कि यूपी की जेलों में कैदियों के साथ कोई जातिगत भेदभाव नहीं होता है। डीवाई चंद्रचूड़ ने उत्तर प्रदेश की जेल नियमावली के कुछ प्रावधान पढ़कर खफा हो गए थे। इस पर उन्होंने कहा था कि, नियम 158 में मैला ढोने के कर्तव्य का जिक्र है। यह मैला ढोने का कर्तव्य क्या है? इसमें मैला ढोने वालों की जाति का उल्लेख है। इसका क्या मतलब है। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा था कि, इन राज्यों की जेल संहिता जेलों के अंदर काम के आवंटन में भेदभाव करती हैं और कैदियों की जाति के आधार पर उन्हें रखने की जगह तय होती है। याचिका में केरल जेल नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि वे आदतन और फिर से दोषी ठहराए गए दोषियों के बीच अंतर करते हैं। जिसमें कहा गया है कि जो लोग आदतन लुटेरे, घर तोड़ने वाले, डकैत या चोर हैं, उन्हें वर्गीकृत किया जाना चाहिए और अन्य दोषियों से अलग किया जाना चाहिए। याचिका में दावा किया गया कि पश्चिम बंगाल जेल संहिता में कहा गया है कि जेल में काम जाति के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए। जैसे खाना पकाने का काम प्रमुख जातियों द्वारा किया जाएगा और झाड़ू लगाने का काम विशेष जातियों के लोगों द्वारा किया जाएगा।

> सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में आरोप लगाया गया है कि देश के कुछ राज्यों के जेल मैनुअल जाति आधारित भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

# इजराइल-ईरान संघर्ष बढ़ा तो प्रभाव दुनिया भर में पड़ेगा


ललित मोहन बंसल
लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।



ईरान ने खाड़ी में अपने वर्चस्व के लिए आतंकवादी संगठनों-लेबनान में हिज्बुल्लाह, फि लिस्तीन-गाजा में हमास और यमन में हाउती को खूब पाला-पोसा। अब इन्हीं की गलतियों की सजा अगर ईरान भुगतता है तो वह समझ ले कि शिया आतंकवादियों के माई-बाप आयतुल्ला खुमैनी को खाड़ी में सिर छुपाने की भी जगह नहीं मिलेगी? इजराइल के यहूदी समुदाय की नसों में खून खौल रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु विवश होते जा रहे हैं कि वह अपनी अंतिम चाल चल दें, वहीं रूस खुले तौर पर और चीन दबे स्वर में इजराइल को घेरने की कोशिश में हैं। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेमेबंदी जारी है। ध्यान में यह भी रहे कि अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव हैं। प्रतिष्ठा के इस चुनावी माहौल में डेमोक्रेट को चुनाव जीतना है तो राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को इजराइल के पक्ष में खुल कर सामने आना होगा। बेंजामिन नेतन्याहु ने ईरान की ओर से किए गए करीब डेढ़ सौ मिसाइल और ड्रोन हमलों के तुरंत बाद कैबिनेट मीटिंग में फैसला कर लिया कि ईरान ने दूसरी बार मिसाइलों व ड्रोन से सीधे हमला कर बड़ी भारी गलती कर दी है और जल्दी ही इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

लेबनान में हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नसरुल्लाह और उसके करीब एक दर्जन कमांडरों को मौत के मुँह में धकेलने के हफ़्ते-दस दिन बाद आयतुल्लाह खुमैनी के इशारे पर सोमवार रात ईरान ने इजराइल की राजधानी 'तेल अवीव' और धर्मस्थल यरूशलम के पश्चिम तथा अन्याय शहरों को करीब डेढ़ सौ मिसाइलों और ड्रोन का सीकर बनाया है। इसमें कुछ मिसाइलें लंबी दूरी की थीं, जिन्हें लक्ष्य तक से पहले ही अमेरिका के लड़ाकू विमानों और इजराइली आयरन डोम ने निष्क्रिय कर दिया। मिसाइलों से हमले के लिए अमेरिका और इजराइल पहले से तैयार थे। इससे एक ओर सायरन बजने से लोग सचेत हो गये और घरों एवं आसपास की खंदकों/बंकरों में सिर छुपाने चले गये। वहीं, नेतन्याहु प्रशासन की नजरें व्हाइट हाउस पर टिक गयीं तो बाजुएं ईरान को छठी का दूध याद दिलाने के लिए मचल उठीं। बेंजामिन नेतन्याहु ने अपने मंत्रिमंडल में एक स्वर में फैसला कर लिया।

वहीं, आयतुल्ला खुमैनी को इजराइल पर मिसाइल छोड़ने पड़े क्योंकि गत जुलाई में राष्ट्रपति मसूद पेशकियाँ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिये को तेहरान में ही लक्ष्यभेदी मिसाइली हमले में मार गिराया था। इसके बाद लेबनान में हिजबुल्ला के प्यादों को पेजर बम, बॉकी-टॉकी बम से हैरान परेशान किया तो अब हिजबुल्ला चीफ हसन नसरुल्लाह समेत अनेक कमांडरों को जमींदोज कर दिया। हसन नसरुल्लाह को तो इजरायली सेना ने सटीक निशाना साधते हुए जमीन के 200 फीट नीचे बने सुरक्षित बंकर में ही मौत की नींद सुला दिया। इससे हिजबुल्ला, हमास सहित ईरान और खुमैनी द्वारा पोषित सभी आतंकवादी घबरा गए और उनमें भगदड़ मचने लगी। इन्हें रोके रखने के लिए ही ईरान ने इजरायल पर निशाना साध कर मिसाइलें दागीं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने भारतीय समयानुसार मंगलवार शाम को इजराइल के सेना मुख्यालय सहित तेल अवीव और यरूशलम को निशाना बनाते हुए दूसरी बार एक असाधारण कृत्य किया है। इससे पहले इजराइली सेना मंगलवार सुबह सुबह लेबनान के दक्षिण में अपने टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के साथ दलबल सहित घुस गई थी। उसने एक दिन पूर्व गाँव और बस्तियों को खाली करने की पहले चेतावनी दे दी थी। इस घटना पर मध्य पूर्व के इस्लामिक देशों में मातम पसरा हुआ है और जगह जगह से पलायन जारी है। बता दें, पिछली अप्रैल के बाद ईरान ने यह दूसरी बार इजराइल पर मिसाइल से बड़ा हमला किया है। इस घटना पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने गहरी चिंता जताई है। बुधवार को सुरक्षा परिषद् की बैठक बुलाई गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने लेबनान में भारी तबाही और हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नसरुल्लाह की ह्यहत्याह्व किये जाने पर इजराइल की कड़ी निंदा करते हुए तत्काल युद्ध विराम की माँग की है। चीन के प्रवक्ता ने भी इजरायली हमलों में हिज्बुल्लाह के मुखिया साहित दर्जन कमांडरों को लक्ष्य भेदी मिसाइलों से मार गिराये जाने पर इजराइल की निंदा की है। इसी तरह नाटो के सदस्य तुर्की के राष्ट्रपति ने भी इजराइल की निंदा करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल के खिलाफ प्रस्ताव पास किए जाने की मांग की है।

इजराइली प्रशासन का आरोप है कि पिछले वर्ष सात अक्तूबर से गाजा पट्टी के लड़ाकों के साथ-साथ लेबनान में हिज्बुल्लाह के लड़ाकों ने इजराइल के उत्तर में रॉकेट लांचर छोड़ते हुए साठ हजार यहूदियों को घर-बेघर करने में का दुस्साहस किया, वर्तमान संघर्ष उसी का परिणाम है। अमेरिका पहले दिन से कहता आ रहा है कि इजराइल उसका मित्र देश है। उनकी सुरक्षा करना अमेरिका का दायित्व है। इजरायल ने भी कह दिया है कि ईरान ने यह अब तक की सबसे बड़ी भूल कर दी है और इसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा। साफ है कि इजरायल चुप बैठने वाला नहीं है। वह हमास और हिज्बुल्ला के पूरी तरह से सफाए का अभियान चलाए हुए है। ऐसे में इजराइल ईरान के खिलाफ बदले में कार्रवाई करता है तो मध्य पूर्व के देशों में होने वाली तबाही का अनुमान लगाना मुश्किल होगा। और इसका प्रभाव सारे विश्व पर पड़ेगा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## विज्ञान लेखन आज की आवश्यकता


संजय गोस्वामी

विज्ञान लेखन एक विशेष प्रकार का लेखन है जिसे छात्रों की विज्ञान की समझ को बढ़ाने के लिए जांच-आधारित जांच में एकीकृत ज्ञान के बारे में लिखा जाता है इसकी कोई उम्र नहीं है रिटायर होने पर भी लिख कर समय व्यतीत कर सकते हैं 60 की उम्र में कार्यस्थल आपको खत्म कर देता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपने करियर के दौरान कितने सफल या शक्तिशाली थे, आप एक सामान्य व्यक्ति बनकर लौटेंगे। इसलिए, अपनी पिछली नौकरी की मानसिकता और श्रेष्ठता की भावना से चिपके न रहें, अपने अहंकार को त्यागें, अन्यथा आप सहजता की भावना खो सकते हैं! 70 की उम्र में समाज धीरे-धीरे आपको खत्म कर देता है। जिन मित्रों और सहकर्मियों से आप मिलते और मेलजोल रखते थे, वे कम हो गए हैं और आपके पूर्व कार्यस्थल पर शायद ही कोई आपको पहचानता हो। यह मत कहो, मैं हुआ करता था... या मैं कभी था... क्योंकि युवा पीढ़ी आपको नहीं जानती होगी, और आपको इसके बारे में असहज महसूस नहीं करना चाहिए! 80 की उम्र में परिवार धीरे-धीरे आपको खत्म कर देता है। भले ही आपके कई बच्चे और पोते-पोतियाँ हों, अधिकांश समय आप अपने जीवनसाथी के साथ या अकेले ही रहेंगे। जब आपके बच्चे कभी-कभार आते हैं, तो यह स्नेह की अभिव्यक्ति है, इसलिए उन्हें कम आने के लिए दोष न दें, क्योंकि वे अपने जीवन में व्यस्त हैं! 90 की उम्र में, पृथ्वी तुम्हें खत्म करना चाहती है। जिन लोगों को आप जानते थे उनमें से कुछ पहले ही हमेशा के लिए चले गए हैं। इस बिंदु पर, दुखी या शोकाकुल न हों, क्योंकि यही जीवन का मार्ग है, और हर कोई अंततः इसी मार्ग का अनुसरण करेगा! इसलिए, जबकि हमारा शरीर अभी भी सक्षम है, जीवन को भरपूर जियो! जो चाहो खाओ, जो चाहो पीओ, खेलो और वो काम करो जो तुम्हें पसंद है। याद रखें, एकमात्र चीज जो आपको खत्म नहीं करेगी वह है विज्ञान लेखन। सामान्य अर्थ संचार-माध्यमों के द्वारा गैर-वैज्ञानिक समाज को विज्ञान के विविध पहलुओं एवं विषयों के बारे में सूचना देना है। कभी-कभी यह काम व्यावसायिक वैज्ञानिकों द्वारा भी किया जाता है (तब इसे विज्ञान का लोकीकरण कहा जाता है।)। विज्ञान संचार अपने-आप में एक पेशेवर क्षेत्र बन चुका है। लेकिन कुछ लोग इसे एक पेशा व राजनीती करते हैं और जब कोई गुणवत्ता पूर्ण लेख अपनी पत्रिका में छापता है तो कोई अपने को बहुत बड़ा विज्ञान लेखक मानते हुए लेख को निकाले लाने पर क्रोधी हो जाता है लेकिन अपने लेख के बारे में नहीं देखता है विज्ञान लेखन स्वतंत्र है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

## सोशल मीडिया पर फ्लैगिंग के नए चलन से रिश्तों में आती दरार


डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

आपसी संबंधों में दरार का नया कारण सोशल मीडिया का नया चलन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समय से फ्लैगिंग का नया ट्रैंड चल रहा है। पहली बात तो यह कि सोशल मीडिया की तरफ लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है और कोढ़ में खाज यह कि सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी तेजी से चल रहा है। सोशल मीडिया पर रिएक्शन नहीं आना भी डिप्रेशन का कारण बन रहा है तो सोशल मीडिया पर कुछ अप्रिय रिएक्शन भी तनाव का कारण बनती जा रही है। इन दिनों फ्लैगिंग का दौर चल पड़ा है पर इसमें भी अधिक तो यह कि बेज फ्लैगिंग का नया ट्रेंड साथी को अधिक प्रताड़ित करने लगा है। प्रताड़ना का मतलब तनाव का प्रमुख कारण होने से है। देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। वहीं सोशल मीडिया से जुड़े लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नए ट्रेंड को भले ही सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता गंभीरता से नहीं ले रहे हो पर जिस किसी पर नए ट्रेंड के अनुसार फ्लैगिंग के माध्यम से कमेंट्स किये जा रहे हैं उसका असर अंदर तक पहुच रहा है। दरअसल पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में इशारों-इशारों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का नया चलन तेजी से चला है। एक और जहां इमोजी का प्रयोग आम है तो फ्लैगिंग का नया चलन उससे भी अधिक गंभीर है। सोशल मीडिया पर इन दिनों बेज फ्लैग का चलन कुछ ज्यादा ही चला है। बेज फ्लैग का सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि इस तरह का व्यवहार जो ना तो अच्छा है और ना ही बुरा, लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया संबंधित को सोचने को मजबूर कर देती है। खासतौर से इसका चलन आपसी रिश्तों को लेकर किया जा रहा है। इससे संबंधित में एक तरह की हीन भावना आती है और उसका दुष्परिणाम हम सब जानते ही हैं। इससे पहले साथियों को रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग का लेबल दिया जाता रहा है। हालांकि यह भी नकारात्मक ही है। रेड फ्लैग जहां समस्या से ग्रसित व्यवहार को दशार्ता है तो ग्रीन फ्लैग को अच्छे व्यवहार के रूप में देखा जाता रहा है। यानी आप अपने साथी को लेबल दे रहे हैं और वह लेबल ही साथी का आपके प्रति और आपका साथी के प्रति व्यवहार को दशार्ता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> अपने विचारों और प्रेरणाओं को प्रतिदिन लिखें। जान लें कि आप वास्तव में क्या हैं-न कि जो आप कल्पना करते हैं कि आप हैं! क्योंकि आप स्वयं को वैसा बनाना चाहते हैं, जैसा आपको बनना चाहिए।

## अपने भीतर से सर्वश्रेष्ठ को व्यक्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रत्येक व्यक्ति को अपना विश्लेषण निष्पक्ष भाव से करना सीखना चाहिए। अपने विचारों और प्रेरणाओं को प्रतिदिन लिखें। जान लें कि आप वास्तव में क्या हैं-न कि जो आप कल्पना करते हैं कि आप हैं! क्योंकि आप स्वयं को वैसा बनाना चाहते हैं जैसा आपको बनना चाहिए। अधिकांश लोग नहीं बदलते क्योंकि वे अपने दोषों को नहीं देखते। जिसने अपनी मानसिक दैनन्दिनी नहीं रखी है उसे यह हितकारी अभ्यास आरम्भ कर देना चाहिए। इस बात का ज्ञान कि वह अपने दैनिक जीवन के अनुभवों में कितना और किस तरह असफल होता है, उसे वैसा बनने के लिए और अधिक प्रयास करने की प्रेरणा दे सकता है जैसा वह बनना चाहता है। इस तरह की दैनन्दिनी रखने से तथा बुरी आदतें, जो स्वयं हमारे लिए तथा अन्य लोगों के लिए पीड़ा एवं दुःख उत्पन्न करती हैं, को नष्ट करने के लिए विवेक का प्रयोग करने से, हम उनसे छुटकारा पा सकते हैं। प्रत्येक रात्रि को हमें स्वयं से पूछना चाहिए: मैं आज ईश्वर के साथ कितनी देर रहा हमें यह भी विश्लेषण करना चाहिए कि दिन में हमने कितनी बार गहनता से विचार किया, हमने अपने कर्त्तव्यों में कितनी उपलब्धि प्राप्त की, हमने दूसरों के लिए कितना काम किया, हमने दिन भर की परिस्थितियों में स्वयं पर कितना नियन्त्रण रखा। अपने मन के लेखाचित्रों का अवलोकन करके, आप जान सकते हैं कि क्या आप प्रतिदिन प्रगति कर रहे हैं। आप स्वयं से छिपाना नहीं चाहते। आपको अपने आपको जैसे आप हैं वैसा ही आवश्यक है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आज का दोहा

**पूछो तो कैसे हुआ, अनहोना सा काम।**
**उनके बागों में लगे, बिना बौर के आम।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

देश की बात

## महिला सुरक्षा का दर्पण चेतावनी


निर्मल रानी




महिला सुरक्षा व संरक्षण के जितने दावे हमारे देश में किये जाते हैं उतने किसी देश में नहीं किये जाते। इसी तरह जितना धार्मिक होने का दिखावा हमारे देश में किया जाता है, धर्म व अध्यात्म की जितनी चर्चा हमारे देश में की जाती है शायद अन्यत्र कहीं नहीं होती। परन्तु इसके विपरीत पूरे देश में उतना ही अधिक अधर्म व्याप्त नजर आता है। कोई क्षेत्र कोई संस्था कोई विभाग ऐसा नहीं जहाँ नारी का अपमान न होता हो, जहाँ झूठ और भ्रष्टाचार सिर चढ़कर न बोलता हो। जहाँ स्वार्थ और मुफ़्तखोरी का बोल बाला न हो। परन्तु इस वास्तविकता के बावजूद सुबह से शाम तक पूरे देश में बड़े बड़े पेशेवर प्रवचन कताओं के 'सत्संग' आयोजित होते रहते हैं। देश के लाखों मंदिरों मस्जिदों व अन्य सभी धर्मस्थलों से भजन कीर्तन आरती अजान भजन शब्द प्रेयर आदि की आवाजें सुनाई देती हैं। विभिन्न धर्मों व समुदायों के धार्मिक जुलूस सड़कों पर उतर कर अपने धार्मिक होने का प्रदर्शन करते रहते हैं। कन्याओं की पूजा भी शायद हमारे देश के सिवा और कहीं नहीं की जाती। देवियों की परिकल्पना भी शायद सिर्फ हमारे ही देश में की गयी है। परन्तु हकीकत तो बिल्कुल इससे विपरीत है। नारी शोषण तथा नारी अत्याचार की जितनी घटनाएं बल्कि जितनी घिनौनी और वीभत्स घटनायें हमारे देश में होती हैं उतनी कहीं नहीं होतीं। और इससे भी शर्मनाक बात यह कि बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता का संरक्षण मिलते हुये भी देखा जा सकता है। पिछले दिनों तो ऐसी अनेक घटनाएं देश में घटीं जिन्हें सुनकर यह सोचने के लिये मजबूर होना पड़ा कि जब संभ्रांत व अभिजात वर्ग की महिलाओं का यह हाल है, वे तक सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण परिवार की या गरीब घरों की कन्याओं की सुरक्षा की बात कैसे सोची जा सकती है ? कोलकाता में गत अगस्त माह में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ उसी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहले बलात्कार किया गया उस के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। चूँकि मामला बंगाल राज्य का था इसलिये इस मामले में विरोध प्रदर्शन का स्तर काफी ऊँचा रहा। इतना ऊँचा कि लंबे समय तक राज्य के डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। खबरों के मुताबिक डॉक्टरों की इसी हड़ताल के दौरान राज्य भर में 23 मरीजों की जान भी चली गयी। इसी प्रकार 15 सितंबर को एक सैन्य अधिकारी की मंगेतर के साथ ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में पहले बदसलूकी की उसका यौन-उत्पीड़न किया, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। हद तो यह है कि पीड़िता के अनुसार थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने पहले उसके हाथ-पैर बांधे फिर उसके कपड़े उतारे उसके बाद एक पुरुष पुलिस अधिकारी ने उनके अंडरगारमेंट उतारे, फिर छाती पर लातें मारीं। उसके बाद जब थाने में इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर उसे अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं। हालांकि इस मामले के हाई प्रोफाइल हो जाने के बाद 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड होने की खबर जरूर है परन्तु इस सवाल से कैसे मुंह मोड़ा जा सकता है कि एक शिक्षित महिला अपने सैन्य अधिकारी मंगेतर के साथ जब सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण महिलाओं की इज्जत आबरू की कौन सी गारंटी? खबर यह भी है कि इस घटना के बाद सेना में भी रोष पैदा हो गया था। याद कीजिये गत वर्ष 30 अगस्त को एक बावर्दी महिला कांस्टेबल खून से लथपथ हालत में अयोध्या स्टेशन के करीब सरयू एक्सप्रेस में बर्थ के नीचे छुपी मिली थी। यानी चलती ट्रेन में दुस्साहसी अपराधियों ने उसकी वर्दी की परवाह किये बिना उसपर हमला बोल दिया था। बाद में पुलिस द्वारा दावा किया गया कि घटना के 20 दिन बाद ही आरोपी को यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। इसी तरह विभिन्न सरकारी कार्यालयों से खबरें आती हैं कि कार्यालय के वरिष्ठ या दबंग किस्म के लोग अपनी अधीनस्थ महिला कर्मियों को अपनी हवस का शिकार बनाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने मनायी गांधी व शास्त्री की जयंती

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय मे बुधवार दिन को कांग्रेसियो ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। इस दौरान कांग्रेसियों के द्वारा महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के बताये गये मार्ग पर चलने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, बीस सुत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, सदस्य तस्लीम अंसारी, चेरो संघ के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री गुडू सिंह, कांग्रेस युवा अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, विशाल पासवान, संजीत कुमार, पवन गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

**बारियातु।** पंचायती राज्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतो मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंचायती राज प्रखंड समन्वय पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि महात्मा गांधी के जयन्ति पर झारखंड सरकार के विभागीय निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों मे स्थानीय मुखिया की अध्यक्षा मे विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस पंचायत स्तरीय विशेष ग्राम सभा में संबन्धित पंचायत सचीव, प्रभारी रोजगार सेवक,स्वयम सेवक व ग्रामीण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत विशेष कैंप आज

**सिमरिया (चतरा)।** मुख्यमंत्री खुशहाली योजना के अंतर्गत 3 अक्टूबर को सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के बानासाड़ी पंचायत भवन में विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। विद्युत कर्मी जितेंद्र कुमार ने कैंप के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चतरा द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वैसे उपभोक्ता जो प्रतिमाह 200 यूनिट खपत करने वाले के श्रेणी में आते हैं को 3 अक्टूबर को बिजली माफी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### मासिक अपराध गोष्ठी में कांडों के निष्पादन का निर्देश

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय में बुधवार को पुलिस इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने मासिक अपराध गोष्ठी की। जिसमें सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक, लावालौंग थाना प्रभारी रुपेश कुमार राय व शीला ओपी प्रभारी राहुल दुबे शामिल थे। गोष्ठी में सितंबर माह के लंबित कांड, यूडी कांड एवं वारंट कुर्की के निष्पादन की समीक्षा करते हुए पुलिस निरीक्षक ने कांडों के निष्पादन के साथ अपराध और उग्रवाद नियंत्रण पर अवश्यक निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। इसके अलावा दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखने व पोस्ता की खेती पर पूर्ण प्रतिबंध की जिम्मेवारी सभी थानेदारों को दी है।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी व आदर्शों को आत्मसात करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जीवन भर निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की। आगे उन्होंने जिलेवासियों



से आग्रह करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के विचारों और उनके आदर्शो को अपने जीवन में स्मरण करते हुए उनके बताये मार्गों व आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्रनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन समेत अन्त पदाधिकारीगण के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

### गांधी जयंती पर पंचायतों में आमसभा आयोजित

**मयूरहंड (चतरा)।** गांधी जयंती के अवसर कदगांवा कला पंचायत सचिवालय समेत प्रखंड के अन्य पंचायतों में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत विशेष आमसभा का आयोजन किया गया। कदगांवा कला पंचायत सचिवालय में मुखिया अशोक कुमार व पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार एवं पंचायत सचिव विश्वजीत कुमार ने महात्म गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां सबकी योजना सबका विकास के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन मुखिया अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विशेष ग्राम सभा में गांव के विकास योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मुखिया ने वार्ड प्रतिनिधियों से कहा कि गांवों के विकास के लिए योजनाओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि जरूरत के अनुसार योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके।

## एनएसएस ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय शाखा के द्वारा आज विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। सर्वप्रथम अमर शहीद वीरेंद्र शर्मा के प्रतिमा के आसपास साफ सफाई एवं प्रतिमा का सफाई कर माल्यार्पण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को पूर्व वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने सहयोग किया एवं प्रेरणा दी। इसके बाद लातेहार रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक में स्वयंसेवकों के द्वारा एवं नवल किशोर प्रसाद एवं मनोज गुप्ता के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सफाई द्वारा स्वयं सेवकों के द्वारा लगभग 35 किलो प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर उसका निपटान किया गया। इस अवसर पर लातेहार रेलवे स्टेशन के प्रबंधक बलवंत सिंह ने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के टीम के द्वारा आज का कार्यक्रम काफी प्रेरणादायक रहा। स्वयंसेवक छात्राओं के द्वारा लातेहार रेलवे स्टेशन के मंदिर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही साथ कारगिल पार्क थाना चौक पुलिस लाइन के बाहरी हिस्सा में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर मुख्य रूप से बलवंत सिंह स्टेशन प्रबंधक मनोज गुप्ता पूर्व वार्ड पार्षद, स्वाति कुमारी, जया कुमारी, मानसी कुमारी, सेजल कुमारी, खुशी कुमारी लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, शकुंती मिंज, लालमुनी कुमारी सौम्या कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री ने किया गारू के हेठाटोली में एकलव्य विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग में आयोजित एक सभा से गारू प्रखंड के हेठाटोली में नवनिर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी बच्चों के शैक्षिक विकास और उनकी बेहतर शिक्षा के लिए एकलव्य विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनमें जनमन योजना भी शामिल है। प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन के तुरंत बाद गारू में आयोजित कार्यक्रम में सांसद





प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुमार, अंचल अधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के माध्यम से आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में जुड़कर आगे बढ़ सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा ने कहा कि एकलव्य विद्यालय की स्थापना से न केवल गारू प्रखंड बल्कि आसपास के इलाकों के बच्चों को भी फायदा होगा। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, भाजपा नेता रामलाल प्रसाद, एकलव्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुभाष राणा, सीएससी मैनेजर अमित कुमार, करवाई पंचायत के मुखिया सुनेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक मौजूद थे।

## सर्वधर्म सभा का आयोजन, गांधी व शास्त्री को याद कर किया नमन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित हरजीवन तालाब के समीप बुधवार को शहीद स्मारक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त रमेश घोलप, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिणाथ महतो समेत अन्य पदाधिकारियों ने बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। वहीं शहिद स्मारक पर लगे अन्य शहीदों की तस्वीरों पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। अधिकारियों के साथ प्रबुद्धजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री



लाल बहादुर शास्त्री के साथ ही 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के हाथों शहीद हुए सूबेदार जयमंगल पांडेय व नादिर अली को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके अलावा सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सभी धर्म व समुदाय के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए और धार्मिक ग्रंथों का पाठ किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए आपस में भाईचारा एवं प्रेम की भावना रखते हुए उनके दिखाए अहिंसा के राह पर चलने की बात सभी धर्मों के लोगों द्वारा कही गई। साथ ही चतरा के इतिहास में शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान को भी याद किया गया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति एवं सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाकर उसे आगे बढ़ना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा जिन्होंने भी इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया है उन्हें बधाई देता हूं। गांधी जी की जयंती और धर्म सभा का आयोजन इसी को कनेक्ट करने वाला गांधी जी का एक लाइन है, रघुपति राघव, राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरहो नाम सबको सम्मति दे भगवान।

### गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर ग्राम सभा का आयोजन

## स्वच्छता के प्रति दिलाई गई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** दो अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर कुंदा प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में सबकी योजना सबका विकास के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कुन्दा पंचायत सचिवालय में मुखिया मनोज साहु की अध्यक्षता में, बौधाडीह में मुखिया अनिता देवी, मरगड्डा में मुखिया उपेन्द्र पासवान, नवादा में मुखिया भरत यादव सिक्कीदाग में मुखिया अनिता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में गरीबी उन्मूलन व आजिविका,स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, स्वच्छ एवं हरित गांव, जल पर्याप्त गांव जैसे कई अन्य थीम को ली गई। साथ ही गांधी जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर जयंती मनाया गया। इस मौके पर ग्राम सभा में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने स्वच्छता के प्रति शपथ लिया। आयोजित ग्राम सभा में प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, अखलेश यादव, पंचायत समिति दिव्या भोक्ता, पंचायत सेवक, मुकेश कुमार, रामजी साव, राजू रंजन, स्वयंसेवक कमलेश कुमार, अनुज गुप्ता, दिलीप साव, कृष्ण यादव, सीएससी संचालक विनय गुप्ता, संतोष यादव, कमलदेव यादव, विजय गुप्ता, कैलास यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### हेरहंज में केदार नाथ मंदिर की तर्ज पर बन रहा है दुर्गा पूजा पंडाल

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर है। पूरे प्रखंड क्षेत्र में नौ जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा पूजा का कार्य किया जा रहा है। इसी के निमित्त हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड बुधबाजार परिसर में इस बार दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। पूजा पंडाल को श्री केदारनाथ मंदिर के प्रारूप में तैयार किया जा रहा है। समिति के संरक्षक संतोष यादव, अध्यक्ष श्रीधरकांत जायसवाल, सचिव मनीष जायसवाल ने बताया कि यहां पर दुर्गा पूजा का आयोजन बीते 2010 से किया जा रहा है और इस बार दुर्गा पूजा में और भी आकर्षक करने के लिए पूजा पंडाल को बेहतर ढंग से तैयार किया जायेगा। पूजा पंडाल को बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसे बनाने के लिए पलामू जिले के अलावे झारखण्ड के अन्य जिले से कारीगर लगे हुए हैं। पूजा समिति ने बताया की पूजा पंडाल में आकर्षक विद्युत सज्जा, आकर्षक डेकोरेशन समेत कई चीजे श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी।

## शहर से गांव तक बन रहे आकर्षक पंडाल, लोगों में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** शक्ति रुपी मां दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर प्रखंड में हर्षो उल्लास का माहौल दिख रहा है। शहर से लेकर गांव तक विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है। बात करें बालूमाथ मुख्य दुर्गा पूजा की तो देश का प्रसिद्ध धाम केदारनाथ के थीम पर बनाया जा रहा है, जो प्रशिक्षित बंगाल के कारीगरों द्वारा केदारनाथ धाम का स्वरूप दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष रवि सिंह व रवि रजक ने बताया कि पंडाल 5 लाख 51 हजार रुपए की लागत से पिछले 1 महीना से बनाई जा रही है। इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था के साथ-साथ महाआरती, महाप्रसाद के साथे 4 अक्टूबर से राजस्थान से आ रही कथा वाचिका वैदेही दासी, वीनी किशोरी द्वारा कथा का कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक होगा। सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम में भी भव्य पंडाल पिछले महीना से ही बनाया जा रहा है। देखा जाए तो यह पंडाल काफी आकर्षक लग रहा हैं। समिति के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से मनाने के लिए प्रयास की गई है। श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए हर तरह से पंडाल में व्यवस्था रखी गई है। भजन, कीर्तन नवरात्र तक होगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित दिवाकर नगर में भी पूजा की जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा, बालू, मूरपा,भागिया आदि जगह पर भी हर वर्ष की भांति धूमधाम से पूजा मनाई जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड कार्यालय परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इसके तहत अंचल सह प्रखण्ड कार्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र मे प्रखंड व अंचल कमियों ने साफ सफाई की बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने आस-पास के लोगों को सफाई रखने के प्रति प्रेरित किया। वहीं अंचल कार्यालय परिसर में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का जन्यंती मनाया गया। इस अवसर पर नंद कुमार राम अंचल निरीक्षक अनिल होरो सहित उपस्थित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। मौके पर अंचल नाजिर अजय मुंडा, वीएलडब्लू प्रकाश कुमार, ब्लाक कोर्डिनेटर पंकज कुमार, शशि कुजुर, आलोक दुबे, सुरेंद्र, पासवान, सुनील,अंचल अमीन संजय यादव, राजेन्द्र यादव, पंचम रामखेलावन, राकेश कुमार सिंह, प्रीतम कुमार, बिन्देश्वर राम सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहे।

### जयंती पर याद किए गए महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री

**प्रतापपुर (चतरा)।** बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रीमियर अकादमी में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के शाहनवाज, शिक्षकों और बच्चों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर फूल अर्पित कर नमन किया। दोनों के जीवन संघर्ष एवं देश के प्रति उनके योगदान की चर्चा करते हुए विद्यालय प्रबंधक शाहनवाज खान ने कहा कि देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा हमें दोनो से सीखनी चाहिए। गांधी जी की आत्मकथा सत्य के प्रयोग की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी जीवनी से हमे एक अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देती है। शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी, और आत्मविश्वास से हम सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विद्यालय के मृत्युंजय शर्मा, केके यादव, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की खुदकुशी, पति व देवर गिरफ्तार

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिटूवा ग्राम निवासी सोम मुंडा की 19 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकी इस मामले में मृतका की मां ने दहेज को लेकर प्रताड़ीत कर आत्महत्या करने पर मजबूर करने का अरोप लगाते हुए लिखित आवेदन देकर पत्थलगड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि मृतका की मां ने 1 अक्टूबर को लिखित आवेदन दिया था। जिसमें बताया गया है कि ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए सोनी को मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी, जिससे तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतिका के मां के लिखित शिकायत पर दर्ज मृतका के पति सोम मुंड़ा और भाई चम्पा संगा, पिता लोदरो मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेजा दिया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में एसआई अरविंद रविदास, विजय यादव, चौकीदार संतोष यादव, कमलेश गंझू व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### पौधारोपण कर मनाई गांधी व शास्त्री की जयंती

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में बुधवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार बक्सी के नेतृत्व में गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने माल्यार्पण कर नमन किया। मंच संचालन प्रो. नुरूल्लाह ने किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आस-पास के गांवों में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया और वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### उपभोक्ताओं के बीच बंटा बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र

**कुंदा (चतरा)।** विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी तोहफा दी है। मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 यूनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के बकाया घरेलू बिजली बिल सरकार ने माफ कर दी गई। इसे लेकर बुधवार को सुपरवाइजर पिंटू सिंह ने मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के प्रखंड के लगभग दो दर्जन बिजली उपभोक्ताओं के बीच बिजली माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सुपरवाइजर पिन्टू सिंग ने बताया की झारखंड सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में अगस्त माह 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है। इसके तहत कुन्दा निवासी बिजली उपभोक्ता राधेश्याम गुप्ता का 14000, जानकी प्रसाद गुप्ता 12000 ,कृष्णा कुमार गुप्ता का 10000 रुपए,लहेश प्रसाद सिन्हा, अजीत कुमार मिश्रा समेत लगभग 2 दर्जन उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र बांटा गया। प्रमाण पत्र वितरण के मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू,ऊर्जा मित्र मनीष कुमार, प्रगुण कुमार,जाहिद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई गई

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में गांधी जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड के चंदवा पूर्वी, जमीरा,माल्हन,बोदा, लाधुप,चकला,बारी समेत अन्य कई पंचायत सचिवालय में इस अवसर पर गांधी जयंती के साथ साथ विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर मुखिया व जनप्रतिनिधियों के द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। क्रिएटिव एकेडमी में मनाई गई। शहर के गैरेज लेन स्थित क्रिएटिव एकेडमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। स्कूल के संचालक मनु कुमार गुप्ता व शिक्षकों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। जयंती के अवसर पर मनु गुप्ता ने कहा है कि देश की स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने कई आंदोलन किए। इसमें सत्याग्रह आंदोलन,नमक सत्याग्रह,डांडी यात्रा आदि शामिल है। गांधी जी ने देश की आजादी की लड़ाई में अहिंसा के सिद्धांत को अपनाया। हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच सौहार्द और एकता बढ़ाने का प्रयास किया। मौके पर संजना श्रीवास्तव,पम्मी कुमारी,खुशी कुमारी,मिथलेश कुमार,चंदा प्रसाद,पवन कुमार, सरस्वती देवी आदि मौजूद थे।

### महुआडांड़ में मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

**महुआडांड़।** दो अक्टूबर बुधवार को प्रखंड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महुआडांड़ समेत विभिन्न जगहो में राजनीतिक दलो और समाजसेवीओ द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया। गांधी के विचारों को अमल करना हीं सही मायने में उनको याद करना है। गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज के परिवेश में युवाओं को इसपर अमल करने की ज्यादा जरूरत है। समाजसेवी और राजनीतिक दल अहिंसा के पथ प्रदर्शक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर महुआडांड़ स्थित गांधी चौक पर महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर समाजसेवी मो. निजामुद्दीन, नसीम अंसारी आदि मौजूद थे। महुआडांड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अजित पाल कुजूर, अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, नसीम अंसारी, नुरूलहसन, रानू खान, सुहेल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर याद किया गया।

## इंडिया

# गांधी को अप्रासंगिक और शास्त्री को धूमिल करती राजनीति



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

दो दिनों से महात्मा गांधी के नाम पर सत्ता प्राप्त करने वाली और उनका ढोल पीटकर व्यवसाय चलाने वाली कथित गांधीवादी संस्थाएं समाचारों में छाई हुई हैं पर 2 अक्तूबर को ही जन्मे गुदड़ी के लाल का नाम लेवा कोई नहीं क्योंकि गांधी एक ब्रांड हैं जिन्हें भुनाया जा सकता है पर सादगी और ईमानदारी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री उनके समकालीन होते हुए भी चर्चा से बाहर हैं। छिटपुट औपचारिकताओं की बात अपवाद स्वरूप हैं। प्रधानमंत्री के पद को भी देश के प्रति एक जिम्मेदारी मानने वाले शास्त्री जी का जय जवान जय किसान का नारा भी अब उनके नाम की तरह धूमिल हो गया है जबकि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी तक उनके भारतीयों के दिलों में बसे नारे में जय विज्ञान भी जोड़ा था ।पढ़ाई के दौरान पैसे के अभाव में गंगा नदी तैर कर पार करने वाले पीएम कथित महापुरुषों के नामों और स्मारकों से सजी दिल्ली में अपनी संदिग्ध और बिना जांच की मृत्यु के बाद भी जगह नहीं पा सके जबकि विदेशी हमलावरों और मुगल शासकों के नाम पर पर बनी सड़कों पर भाजपा के नेताओं से लेकर सोशल मीडिया के सैनिक सवाल उठाते रहे हैं। वैसे गांधी जी के नाम पर उनकी सत्य,अहिंसा,ब्रह्मचर्य और अस्तेय की विचारधारा भी लगभग कागजों में सीमित होती जा रही है ।नयी पीढ़ी तो न शास्त्री को जानती है न बापू को मानती है ।लाल बहादुर शास्त्री के बेटे सुनील शास्त्री ने अपनी किताब 'लाल बहादुर शास्त्री, मेरे बाबूजी' में देश के पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े कई आत्मीय प्रसंग साझा किए हैं। उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि उनके पिता सरकारी खर्चे पर मिली कार का प्रयोग नहीं करते थे। एक बार उन्होंने अपने पिता की कार चला ली तो उन्होंने किलोमीटर का हिसाब कर पैसा सरकारी खाते में जमा करवाया था ।शास्त्रीजी एक बार अपनी पत्नी और परिवार की अन्य महिलाओं के लिए साड़ी खरीदने मिल गए थे। तब वे देश के प्रधानमंत्री भी थे। मिल मालिक ने उन्हें कुछ महंगी साड़ी दिखाई तो उन्होंने कहा कि उनके पास इन्हें खरीदने लायक पैसे नहीं हैं। मिल मालिक ने जब साड़ी गिफ्ट



देनी चाही तो उन्होंने इसके लिए सख्ती से इनकार कर दिया।अभी ऐसा उदाहरण दुर्लभ है। पहले मुख्यमंत्री ही क्या प्रधानमंत्री तक से लोग मिल सकते थे। जनसभाओं में कई प्रधानमंत्रियों से आम लोग मिलते थे पर अब सुरक्षा इतना बड़ा प्रश्न बन गया है कि एस सोचा भी नहीं जा सकता। तब पीएम तक से मिलना या सवाल करना संभव था उनके सम्मान में लोग कुछ भी कर सकते थे आज की राजनीति में मुख्यमंत्री क्या विधायक तक कमांडो सुरक्षा में चलते हैं और उनसे सवाल शायद कि कोई पूछ पाए जबकि कुछ वर्षों पूर्व तक संवाददाता सम्मेलन होते थे अब के विधायक,मंत्री और मुख्यमंत्री की गाड़ी के कुछ देर खुलने वाले शीशे के सामने माइक लेकर झपटते यूट्यूबर टाइप पत्रकारिता ने इन्हें दुर्लभ और नॉट रिचेबल वीआइपी बना दिया है । स्वस्थ प्रजातंत्र के लिए कितना भी बड़ा अफसर या नेता क्यों न हो उसे जनता की ओर से पूछे जाने वाले सवालों के जवाब देने की जिम्मेदारी है न कि महाराजों की तरह बयान देना । ऐसे में शास्त्री जी लगभग रोज याद आते हैं जब नेताओं के लिए सबसे महंगी गाड़ियां और महंगे बंगले की सुविधाओं के लिए होड लगती है ।आज दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास और कार्यालय में कोरोना काल हुए विवादास्पद खर्च की चर्चा हो रही है जिसमें घर पर 33.49 करोड़ और ऑफिस पर 19.22 करोड़ रुपए खर्च हुए विजिलेंस डिपार्टमेंट की 12 मई 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, केजरीवाल के घर पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। वहीं 19.22 करोड़ रुपए उनके ऑफिस पर खर्च हुए। उनके पुराने बंगले को गिराकर नया बंगला बनाया गया था। जबकि बिसरा दिए गए शास्त्रीजी के घर पर सरकारी विभाग की तरफ से कूलर लगवाया गया। जब देश के पूर्व प्रधानमंत्री को इस बारे में पता चला तो उन्होंने परिवार से कहा, 'इलाहाबाद के पुश्तैनी घर में कूलर नहीं है। कभी धूप में निकलना पड़ सकता है। ऐसे आदतें बिगड़ जाएंगी।' उन्होंने तुरंत सरकारी विभाग को फोन कर कूलर हटवा दिया।शास्त्रीजी बहुत कम साधनों में अपना जीवन जीते ते। वह अपनी पत्नी को फटे हुए कुर्ते दे दिया करते थे। उन्हीं पुराने कुर्तों से रुमाल बनाकर उनकी पत्नी उन्हें प्रयोग के लिए देती थीं। आज की युवा पीढ़ी को शास्त्री जी के बारे में भी बताना चाहिए जिन्हें हाशिये पर डाल दिया गया है।

# बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा सेना का हेलीकॉप्टर मुजफ्फरपुर में दुर्घटनाग्रस्त



**एजेंसी। पटना**

बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड में राहत सामग्री लेकर जा रहा सेना का हेलीकॉप्टर बुधवार दोपहर क्रैश हो गया है। औराई के बाढ ग्रस्त इलाके में यह हादसा हुआ है। इस हादसे में पायलट और सेना के जवान सुरक्षित हैं। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। जानकारी के मुताबिक, सेना का हेलीकॉप्टर सीतामढ़ी से बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर टेकऑफ हुआ था। इसी दौरान औराई के नया गांव वार्ड संख्या 13 में हेलीकॉप्टर अनियंत्रित होकर बाढ़ के पानी में गिर गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुची हैं।

## पुणे : हेलिकॉप्टर क्रैश, दो पायलट समेत तीन की मौत



मुंबई। पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ के बावधन इलाके में केके राव पहाड़ी इलाके में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो जाने से उसमें सवार दो पायलट और एक इंजीनियर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। मामले की छानबीन पुणे पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के पास हेलीपैड से जुहू जाने के लिए करीब साढ़े सात बजे उड़ान भरा था। महज पांच मिनट बाद करीब 1.5 किमी दूर जाकर हेलीकाफ्टर क्रैश हो गया। क्रैश होते ही उसमें आग लग गई, जिससे हेलीकाफ्टर में सवार तीनों लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हिंजेवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। मुंबई से छह लोगों की टीम पुणे के लिए रवाना हो गई है। बताया जा रहा है कि इस हेलीकाफ्टर से राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे मुंबई से सुतारवाड़ी की हवाई यात्रा करने वाले थे। उन्हीं को लेने के लिए हेलीकाफ्टर पुणे से मुंबई के लिए रवाना हुआ था। मामले की छानबीन की जा रही है।

## प्रधानमंत्री स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी की अंतिम तारीख 31 तक बढ़ाई गई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

> नीलामी की एक प्रमुख विशेषता पैरा ओलंपिक 2024 की खिलाड़ियों की वस्तु है

संस्कृति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्राप्त स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी की अंतिम तारीख को 2 अक्टूबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया है। यह नीलामी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत को दर्शाती है। बुधवार को मंत्रालय ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति आधिकारिक वेबसाइटः ॅ**स्र२://स्रौील्ल*ङ्ग२.ङ्ग५.रल्ल/ के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं और नीलामी में शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्राप्त हुए उपहारों की प्रदर्शनी और ई-नीलामी उनके जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के लिए लगाई गई थी, जिसकी अंतिम तारीख को अब बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है। इस ई नीलामी में पारंपरिक कला का अनूठा कलेक्शन है, जिसमें पेंटिंग, उत्कृष्ट मूर्तियां, स्वदेशी हस्तशिल्प, मनोरम लोक और आदिवासी कलाकृतियां हैं। इनमें पारंपरिक अंगवस्त्र, शॉल, टोपी और औपचारिक तलवारें भी हैं। नीलामी की एक प्रमुख विशेषता पैरा ओलंपिक, 2024 की खिलाड़ियों की वस्तु है। इस नीलामी से जमा होने वाली राशि को नमामि गंगे परियोजना को दिया जाएगा।

# महाकालेश्वर मंदिर और रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी। उज्जैन/भोपाल**



जैश-ए-मोहम्मद के नाम से मिला पत्र, लिखा-जिहादियों की मौत का बदला लेंगे

मध्य प्रदेश के कुछ रेलवे स्टेशनों और उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। उज्जैन के पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बुधवार को बताया कि मीडिया के जरिए सूचना मिली है। हम सतर्कता बरत रहे हैं। राजस्थान पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की जाएगी। महाकाल मंदिर के आसपास पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ सर्चिंग शुरू कर दी है। गौरतलब है कि यह धमकी भरा पत्र राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को मिला था। स्टेशन अधीक्षक ने पत्र खोला तो गोल मुहर में पोस्ट ऑफिस कोड 14440 और पंजाबी में कुछ लिखा मिला। पत्र पर हनुमानगढ़ पोस्ट ऑफिस की 30 सितंबर की मुहर है। लिफाफे के अंदर पुराना लाइनदार कागज मिला है, जिसमें दो नवम्बर को महाकालेश्वर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। साथ ही जयपुर, उदयपुर, बूंदी, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, हनुमानगढ़ और गंगानगर रेलवे स्टेशनों को बम 30 अक्टूबर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पत्र में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा है। यह पत्र डाक के जरिए भेजा गया है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने स्टेशन पहुंचकर पत्र की जांच की और इसकी जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दी। पत्र मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई और सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है। पत्र में लिखा है, हे खुदा मुझे माफ कर, जम्मू-कश्मीर में मारे जा रहे हमारे जिहादियों की मौत का बदला जरूर लेंगे। हम ठीक 30 अक्टूबर को जयपुर, जोधपुर, अलवर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, बूंदी, उदयपुर, बीकानेर, जयपुर मंडल, मध्य प्रदेश के भी रेलवे स्टेशन, 2 नवम्बर को उज्जैन महाकाल मंदिर, जयपुर के कई धार्मिक स्थानों, रेलवे स्टेशन और सैन्य अड्डों को बम से उड़ा देंगे। राजस्थान और मध्य प्रदेश को खून से रंग देंगे। जैश-ए-मोहम्मद, खुदा हाफिज। धमकी भरा पत्र मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया गया है। महाकाल मंदिर के आसपास पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ सर्चिंग शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि मीडिया के जरिए सूचना मिली है, लेकिन हम सतर्कता बरत रहे हैं। स्थानीय पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं और तलाशी लीं। धमकी वाला पत्र भेजे जाने के संबंध में रेलवे पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पत्र भेजने वाले का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### प्रधानमंत्री ने फोन कर अभिनेता रजनीकांत का हालचाल जाना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को फिल्म अभिनेता रजनीकांत की पत्नी को फोन कर बीमार सुपरस्टार का हाल जाना। तमिलनाडु के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री ने टेलीफोन पर लता रजनीकांत के साथ फोन पर बातचीत कर सुपरस्टार का के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री को सर्जरी के बाद रजनीकांत के हालात के बारे में बताया गया। उन्होंने फिल्म अभिनेता के जल्द ठीक होने की कामना की। उल्लेखनीय है कि 73 वर्षीय अभिनेता का चेन्नई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## आजादी की लड़ाई में खादी ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई : जेपी नड्डा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



महात्मा गांधी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में खादी ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। महात्मा गांधी ने हमेशा खादी को अपनाया और इसके जरिए देशवासियों को आजादी के लिए एकजुट किया, इसलिए खादी बहुत महत्वपूर्ण रही है। इसने देशवासियों के स्वावलंबन और एकजुटता को साकार किया है। बुधवार को जेपीनड्डा ने कनॉट प्लेस स्थित खादी स्टोर से वस्त्र खरीदे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में नड्डा ने कहा कि आजादी के बाद खादी लंबे समय तक उपेक्षित रही लेकिन 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए तो उन्होंने दो चीजों पर जोर दिया। पहला 'वोकल फॉर लोकल' और दूसरा 'खादी फॉर नेशन, फैशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन'। इसी तरह खादी की बिक्री और रोजगार बढ़ाने के लिए भी पिछले दशक में काफी काम किया गया है। नड्डा ने कहा कि खादी फॉर नेशन-फॉर फैशन- फॉर ट्रांसफॉर्मेशन' को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ खादी के विक्रय और उपयोग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र में लोगों की आजीविका को संबल प्राप्त हुए हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर अत्यधिक संख्या में खादी को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने भी महात्मा गांधी की जयंती पर खादी भंडार में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

## गोविंदा गोली कांड : अस्पताल में मिलने पहुंचीं रवीना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन बुधवार को मुंबई के जुहू इलाके में एक अस्पताल में एक्टर गोविंदा से मिलने गईं। एक्टर को अस्पताल में निगरानी में रखा गया है। उन्होंने गलती से खुद के पैर में गोली मार ली थी। रवीना ने मीडिया से बात नहीं की और सीधे अस्पताल के अंदर चली गईं। इससे पहले, एक्टर की पत्नी सुनीता आहूजा ने गोविंदा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी थी। अस्पताल से बाहर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गोविंदा की हालत में सुधार हो रहा है। मुझे लगता है कि कल या परसों उन्हें छुट्टी मिल जाएगी। वह पूरी तरह से ठीक हैं। कुछ महीनों के बाद वह फिर से डांस करना शुरू कर देंगे। गोविंदा ने मंगलवार की सुबह अपनी अलमारी साफ करते समय कथित तौर पर अपनी बंदूक से गलती से गोली चला दी, जो उनके पैर में लग गई।

## 500 किलो से ज्यादा कोकीन बरामद

**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक अंतराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 500 किलो से ज्यादा कोकीन बरामद की है। जिसकी कीमत दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 560 किलो से ज्यादा की कोकीन को बरामद किया गया। इसकी कीमत 2 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‌ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## गांधी जी के नेतृत्व में चला आंदोलन अंग्रेजी राज को समाप्त करने में रहा सफल : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी के महानायक थे। महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र और मानवता के लिए किए गए योगदान के प्रति देश कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। मान्यता थी कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य कभी अस्त नहीं होता था, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन उनके सूर्य को अस्त करने में सफल रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की जयंती पर क्षेत्रीय गांधी आश्रम में अपने विचार रखे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। सीएम ने यहां खादी के वस्त्रों की खरीदारी भी की। फिर ऑनलाइन पेमेंट भी किया। सीएम योगी ने कहा कि स्वदेशी जब तक भारत की आजादी का मंत्र नहीं बना था, तब तक आजादी की लड़ाई एकजुट होकर नहीं दिख रही थी। भारत की आजादी के आंदोलन के साथ महात्मा गांधी का जुड़ना और उसे स्वदेशी के साथ जोड़ने का जो अभियान रहा, इससे आजादी के लिए हर नागरिक के मन में गौरव व स्वावलंबन का भाव जागृत हुआ। खादी उसका प्रतीक बना।

## गांधी जी ने हमें सिखाया कि अगर जीना है, तो हमें बिना डर के जीना होगा : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा, बापू ने ही मुझे सिखाया है, जीना है तो डरे बिना जीना है। महात्मा गांधी के योगदान और उनके विचारों को याद करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि गांधी जी केवल एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक सोचने और जीने का तरीका थे। गांधी जी ने हमें सिखाया कि अगर हमें जीना है, तो हमें बिना डर के जीना होगा। चाहे हमें जेल में डाल दिया जाए या तीन गोलियां छाती में लगे, हमें कभी नहीं डरना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि जब हम प्रेम से काम लेते हैं, तो हम दुनिया को बदल सकते हैं। यह नफरत का देश नहीं है। भारत वह पहला देश है जिसने स्वतंत्रता की लड़ाई मोहब्बत से लड़ी। मेरी तमन्ना है कि हमारा देश ऐसा बने कि पूरी दुनिया कहे कि अगर आजादी पाना है, तो हिंदुस्तान के जैसे आजाद बनना है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जो संरचना स्थापित की, वह इस संवाद को सहजता से आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। मेरे लिए स्वतंत्रता का मतलब केवल राजनीतिक आजादी नहीं है।

## सोनिया, मल्लिकार्जुन ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार सुबह महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के दोनों नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संसद परिसर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे।

## बापू और लाल बहादुर शास्त्री का प्रधानमंत्री ने किया श्रद्धापूर्वक स्मरण

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों महान व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 155वीं जयंती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट पहुंच कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों की ओर से पूज्य बापू को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित उनका जीवन और आदर्श देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी- 'देश के जवान, किसान और स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।'

## निर्माण से लेकर तोड़फोड़ की मशीन बनने तक की यात्रा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश से चर्चित हुआ बुलडोजर अब देश के कई राज्यों में चर्चा का विषय बन चुका है, और इसकी चर्चा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है। हाल ही में, बुलडोजर का उपयोग विशेष रूप से निर्माण ढांचे को ध्वस्त करने के लिए किया जा रहा है, जिसके कारण यह चर्चा का केंद्र बना हुआ है। क्या आपको पता है कि बुलडोजर का इतिहास क्या है और इसे किस काम के लिए बनाया गया था। दरअसल, बुलडोजर का निर्माण खेती के काम के लिए किया गया था, लेकिन अब इसका इस्तेमाल तोड़फोड़ के लिए किया जाता है। तो आईए जानते हैं खेती के लिए बुलडोजर के निर्माण से लेकर तोड़फोड़ की मशीन बनने तक की यात्रा कैसी है। साल 1923 में खेती के काम को आसान बनाने के लिए बुलडोजर का निर्माण किया गया था। शुरुआत में इसका इस्तेमाल खेतों की जुताई, मिट्टी समतल करने, और कृषि में सहायक उपकरण के रूप में इस्तेमाल होता था।क्योंकि, कई जमीनें इतनी उबड़-खाबड़ होती थीं कि उन्हें सपाट करके भुरभुरी उपजाऊ जमीन में तब्दील करना बहुत मुश्किल होता था। 18 दिसंबर 1923 को अमेरिका के कंसास में एक किसान जेम्स कुमिंग्स और एक ड्राफ्ट्समैन जे अर्ल मैकलेयोड ने मिलकर पहला बुलडोजर तैयार किया था। बाद में इसकी क्षमता और ताकत के कारण इसे बड़े पैमाने पर निर्माण कार्यों में भी प्रयोग किया जाने लगा। हाल के वर्षों में बुलडोजर का इस्तेमाल तोड़फोड़ के लिए बढ़ गया है।

## प्रधानमंत्री आज बायो गैस संयंत्र का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**ग्वालियर।** राष्ट्रपति महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर नवाचार के क्षेत्र में ग्वालियर में नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को ग्वालियर की आदर्श गौशाला लाल टिपारा में बायो सीएनजी प्लांट (कंप्रेस्ड बायो गैस संयंत्र) का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी वर्चुअल इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## जन सुराज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष होंगे मनोज भारती

**एजेंसी। पटना**




गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को पटना के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का एलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी नवंबर में बिहार के चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भाग लेगी। कार्यक्रम में उपस्थित समर्थकों को संबोधित करते हुए पीके ने कहा कि उअगर आप चाहेंगे तो हमें 2025 तक का इंतजार करना नहीं होगा। उन्होंने बताया कि पार्टी को चुनाव आयोग की तरफ से मंजूरी भी मिल गई है। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के नाम की भी घोषणा की गई। मनोज भारती को जन सुराज पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। पीके ने कहा कि जन सुराज पहला ऐसा दल होगा, जिसमें उम्मीदवारों का चुनाव दल के द्वारा नहीं जनता के द्वारा किया जाएगा। मनोज कुमार भारती ने आईआईटी से पढ़ाई की और वह आईएफएस अधिकारी रहे हैं। वह बेलारूस, यूक्रेन सहित चार देशों में भारत के राजदूत रहे और बिहार का गौरव बढ़ाने का काम किया। भारती को इसलिए नहीं चुना गया कि वह दलित समाज से हैं, बल्कि उनको चुनने के पीछे की वजह उनकी काबिलियत है।

## महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन को साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए : अमित शाह

**एजेंसी। मुंबई**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने का सुझाव दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अमित शाह को आश्वस्त किया है कि महाराष्ट्र में आगामी सरकार एनडीए गठबंधन की ही बनेगी। मुख्यमंत्री शिंदे ने बुधवार को अमित शाह से राज्य में जल्द से जल्द एनडीए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा किए जाने की भी मांग की है। अमित शाह मंगलवार से दो दिनों के लिए महाराष्ट्र दौरे पर हैं। बुधवार को अमित शाह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मिले और राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अमित शाह को शिवसेना की ओर से संभावित सीटों की सूची पर कहा कि सीटों का बंटवारा जल्द किया जाना जरुरी है अन्यथा लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा में भी नुकसान हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे किसी भी कीमत पर राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार लेकर आएंगे। इसमें कोई शक नहीं है लेकिन सीटों के आवंटन का मामला जल्द निपटाया जाना चाहिए। इसी प्रकार अमित शाह ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी चर्चा की । इसके साथ ही राकांपा अजीत पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे भी अमित शाह से मिले और राकांपा को मिलने वाली सीटों का तत्काल निपटारा करने की भी मांग की। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने आज सुबह सह्याद्रि अतिथिगृह में जाकर अमित शाह से मुलाकात की थी। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा नेताओं से चर्चा की और उनका विचार सुन लिया है। अमित शाह आज दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि दिल्ली में ही महाराष्ट्र में कौन सहयोगी दल कितनी सीटें लड़ेगा, इसका निर्णय होने वाला है।



## मां शैलपुत्री पूजन मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु शैलपुत्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
वन्दे वांच्छित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्?। वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम?।।

# दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।

शारदीय नवरात्र की शुरुआत 3 अक्टूबर 2024 से होने वाली है। इस दौरान 9 दिनों तक देवी स्वरूपों की पूजा की जायेगी। लोग अपने घरों में कलश स्थापित करते हैं, 9 दुर्गा का व्रत रखते हैं और कन्याओं को भोजन खिलाकर इसका समापन करते हैं। हर एक दिन अलग-अलग देवियों को समर्पित है।



## घटस्थापना के शुभ मुहूर्त

- प्रातः 6:15 बजे से प्रातः 7:22 बजे तक।

इस साल शारदीय नवरात्रि पर घटस्थापना के लिए 2 शुभ मुहूर्त हैं। एक मुहूर्त प्रातः काल में है और दूसरा मुहूर्त दोपहर में।

मातारानी के भक्तों को घटस्थापना के लिए 1 घंटा 7 मिनट का शुभ समय प्राप्त होगा। जो लोग सुबह में कलश स्थापना करना चाहते हैं, उनके लिए यह समय ठीक है।

नवरात्रि के घटस्थापना के लिए दूसरा शुभ मुहूर्त प्रातः 11:25 से दोपहर 12:35 बजे के बीच घटस्थापना कर सकते हैं। सुबह के बाद दिन में कलश स्थापना के लिए 70 मिनट का मुहूर्त है।

## नवरात्र में न करें ये गलतियां

- शारदीय नवरात्र में यदि आप अखंड दीया जल रहे हैं तो नौ दिनों तक यह दीपक बुझना नहीं चाहिए।
- नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक घर में सात्विक भोजन करना चाहिए। तामसिक भोजन यानी लहसुन-प्याज नहीं खाना चाहिए।
- शारदीय नवरात्र में घर और मंदिर की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें।
- यदि घर में अखंड दीया जला रहे हैं तो घर कभी भी खाली नहीं छोड़ना चाहिए।
- नवरात्र में देवी मां की पूजा करते समय काले या सफेद रंग के कपड़े नहीं पहनना चाहिए।
- शारदीय नवरात्र के नौ दिनों में दाढ़ी, मूंछ और बाल नहीं कटवाना चाहिए।
- इन दिनों में मांस-मदिरा, शराब और लहसुन-प्याज का सेवन नहीं करना चाहिए।
- इस दौरान किसी के लिए गलत विचार अपने मन में नहीं लाना चाहिए और न ही घर में लड़ाई-झगड़ा करना चाहिए।

शैलपुत्री



## क्या है इस त्योहार का महत्व?

नवरात्र का पौराणिक महत्व है और ये समय मां दुर्गा की आराधना के लिए सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। कहा जाता है कि इन 9 दिनों में अगर पूरी लगन और निष्ठा के साथ मां दुर्गा की पूजा की जाए तो इसका काफी महत्व है। ऐसा माना जाता है कि ये पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है और इसकी पौराणिक मान्यता भी बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के तौर पर याद रखी जाती है। इस दिन मां दुर्गा के 9 रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।

## क्या है पौराणिक कथाएं?

आश्विन महीने की प्रतिपदा तिथि से लेकर दसवी तक शारदीय नवरात्र का पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दौरान दुर्गा मां के भक्तों का अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इससे जुड़ी दो कथाएं प्रचलित हैं। पहली कथा मां दुर्गा से जुड़ी है तो वहीं दूसरी कथा भगवान राम से जुड़ी हुई है। पहली कथा की मानें तो एक बार महिषासुर नाम का राक्षस हुआ करता था जो ब्रह्मा जी का बहुत बड़ा भक्त था। अपने तप से उसने ब्रह्मा जी को खुश कर दिया और उसे वर भी मिले। वो इतना शक्तिशाली हो गया कि कोई भी उसे धरती पर हरा नहीं पा रहा था। तब मां दुर्गा का रौद्ररूप सामने आया और उन्होंने 10 दिनों तक चले भीषण युद्ध में महिषासुर को दसवें दिन मात दे दी। इसके बाद से ही इस दिन को विजयदशमी के नाम से मनाया जाता है।

## दूसरी कथा क्या है?

दूसरी कथा की बात करें तो ये भगवान राम से जुड़ी है और ज्यादा प्रचलित है। रावण को हराने के लिए भगवान राम ने मां दुर्गा की उपासना की थी और 9 दिन तक नवरात्र का व्रत रखा था। इसके बाद उन्होंने रावण को हरा दिया था। इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है कि जब धरती पर दानवों का अत्याचार बढ़ जाता है तो फिर उसे रोकने के लिए मां शक्ति स्वयं आती हैं और जगत् का कल्याण करती हैं। नवरात्र के मौके पर जगह-जगह पर माता का पंडाल लगता है और कीर्तन होता है।



ब्रह्मचारिणी

चंद्रघंटा



## शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री देंगी सुख-समृद्धि

हिंदू धर्म में नवरात्र का पर्व बहुत ही शुभ माना जाता है। यह मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार यह आश्विन माह में 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं, जो नवमी के दिन समाप्त हो जाएंगे।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन नौ दिनों साधक देवी दुर्गा के 9 अलग-अलग रूपों की पूजा करते हैं, जिससे उनकी सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

मां शैलपुत्री का प्रिय भोग

नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है। देवी को सफेद रंग बेहद प्रिय है। इसलिए उन्हें सफेद रंग की चीजों का भोग लगाना बेहद शुभ माना जाता है। यदि आप इस नवरात्र पर माता शैलपुत्री की पूर्ण कृपा प्राप्त करना चाहते हो, तो आपको उन्हें सफेद बर्फी, घर पर दूध से बनी शुद्ध मिठाई, हलवा, रबड़ी या मावे के लड्डू आदि चीजों का भोग लगाना चाहिए।

शारदीय नवरात्र 2024 तिथि और समय हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 3 अक्टूबर की सुबह 12 बजकर 19 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 4 अक्टूबर की सुबह 2 बजकर 58 मिनट पर होगा। पंचांग के आधार पर इस साल शारदीय नवरात्र 3 अक्टूबर 2024, दिन गुरुवार से शुरू हो रहे हैं।

## शारदीय नवरात्र में पालकी पर आई हैं मां दुर्गा

हर साल दुर्गा मां जब भी आती हैं तो अलग-अलग सवारी में आती हैं, और माता के प्रस्थान की सवारी वार अनुसार तय होती है। आइए जानते हैं मां दुर्गा किस पर सवार होकर आएंगी और क्या होगा मां दुर्गा के प्रस्थान का वाहन।

**माता के आगमन की सवारी?**

3 अक्टूबर 2024 को गुरुवार से नवरात्र शुरू हो रही है। इस दिन जब माता का आगमन पृथ्वी पर होता है तो मां दुर्गा पालकी में सवार होकर आती है। माता का आगमन पालकी या डोली में होगा, जो अशुभ माना जाता है। इससे अर्थव्यवस्था में गिरावट,व्यापार में मंदी, हिंसा, देश-दुनिया में महामारी के बढ़ने और अप्राकृति घटना के संकेत मिलते हैं।

**माता के प्रस्थान की सवारी?**

नवरात्र में माता के प्रस्थान की सवारी भी वार के अनुसार ही तय होती है। इस साल नवरात्र 12 अक्टूबर शनिवार को समाप्त हो रही है, ऐसे में माता दुर्गा के प्रस्थान की सवारी चरणायुद्ध (मुर्गा) होगी, जो शुभ संकेत बिलकुल भी नहीं है। माता के इस वाहन को अमंगलकारी माना जाता है। ये शोक, कष्ट का प्रतीक है।यह देश दुनिया पर बुरा असर डालने वाला है। लड़ाई-झगड़े बढ़ेंगे, आंशिक महामारी फैलेगी, प्राकृतिक आपदाओं की घटना ज्यादा घटेगी, राजनीतिक उठक-पठक भी हो सकती है।

सिद्धिदात्री



कुष्मांडा



स्कंदमाता



कात्यायनी



कालरात्रि



महागौरी



नई दिल्ली। स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने अभियान की सफलता के लिए लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक जन आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छता की सेवा में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व उपराष्ट्रपति ने भी योगदान दिया है, जिसने देश को एक बड़ी प्रेरणा दी है। इस काम के लिए मैं राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति महोदय का भी हृदय से अभिनंदन और धन्यवाद करता हूं। देश भर में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं और लोग अपने गांव, शहर, मोहल्लों और सोसायटियों में सफाई कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम का हिस्सा बने हैं और इसका नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पखवाड़े में देशभर में करोड़ों लोगों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लिया था। उन्होंने जानकारी दी कि इस सेवा पखवाड़े के 15 दिनों में देश भर में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करके ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की गई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वाटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। उन्होंने नमामि गंगे परियोजना और कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोवर्धन प्लांट के काम का भी उल्लेख किया, जो स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि स्वच्छ भारत अभियान इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सफल जन भागीदारी वाला जन आंदोलन है। उन्होंने इसे ह्लजन नेतृत्व वाला आंदोलनह्व करार दिया और कहा, ह्लइस मिशन ने मुझे ईश्वर रुपी जनता जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के दर्शन कराए हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोग एक साथ सफाई करने के लिए जुटे। हर जगह स्वच्छता का संदेश छा गया। किसी ने अपनी बकरियां बेचकर, तो किसी ने अपना मंगलसूत्र बेचकर शौचालय बनवाने का काम किया। किसी ने अपनी जमीन दान की और किसी ने अपनी पेंशन स्वच्छता के लिए समर्पित की।

# स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने लोगों का किया धन्यवाद



## गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया

**नई दिल्ली।** गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वच्छता संबंधित गतिविधियों में भाग लेकर स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर स्वच्छता गतिविधियों की कुछ तस्वीरें शेयर की और कैप्शन में लिखा, आज, गांधी जयंती पर, मैंने अपने युवा दोस्तों के साथ स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप भी दिन के दौरान किसी न किसी गतिविधि में भाग लें और साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत करते रहें। पीएम मोदी ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा, आज हम स्वच्छ भारत के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जो भारत को स्वच्छ बनाने और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण सामूहिक प्रयास है। मैं उन सभी लोगों को सलाम करता हूं जिन्होंने इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए काम किया है ! इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की जयंती पर 'एक्स' पर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। पीएम मोदी ने लिखा, देश के जवान, किसान और स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, सभी देशवासियों की ओर से पूज्य बापू को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित उनका जीवन और आदर्श देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। बता दें कि गांधी जयंती के अवसर पर देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान स्वच्छता और सादगी के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया है, ताकि स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। देश भर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का उद्देश्य सफाई को बढ़ावा देने के साथ-साथ महात्मा गांधी के सिद्धांतों को जीवित रखना है।

> *"**प्रधानमंत्री मोदी** ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर स्वच्छता गतिविधियों की कुछ तस्वीरें शेयर की और कैप्शन में लिखा, आज, गांधी जयंती पर, मैंने अपने युवा दोस्तों के साथ स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया।*

- **स्वच्छता :** सामान्य शब्दों में स्वच्छता का आशय कीटाणु, गंदगी, कचरा और अपशिष्ट से मुक्त होने की स्थिति और उसे बनाए रखने की स्थिति से है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वच्छता का तात्पर्य मानव अपशिष्ट के सुरक्षित प्रबंधन हेतु सुविधाओं और सेवाओं के प्रावधान से है। व्यापक तौर पर स्वच्छता में ठोस कचरे और जानवरों के कचरे का सुरक्षित प्रबंधन भी शामिल होता है।
- **स्वच्छ भारत अभियान** : स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती के अवसर पर राजघाट, नई दिल्ली से की गई।

## स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य

- भारत में खुले में शौच की समस्या को समाप्त करना अर्थात् संपूर्ण देश को खुले में शौच करने से मुक्त (ओ.डी.एफ.) घोषित करना, हर घर में शौचालय का निर्माण, जल की आपूर्ति और ठोस व तरल कचरे का उचित तरीके से प्रबंधन करना है।
- इस अभियान का उद्देश्य सड़कों और फुटपाथों की सफाई, अनधिकृत क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाना, मैला ढोने की प्रथा का उन्मूलन तथा स्वच्छता से जुड़ी प्रथाओं के बारे में लोगों के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।
- इस अभियान में दो उप-अभियान स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) तथा स्वच्छ भारत अभियान (शहरी) सम्मिलित हैं। इसमें जहाँ ग्रामीण इलाकों के लिये 'पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय' व 'ग्रामीण विकास मंत्रालय' जुड़े हुए हैं, वहीं शहरों के लिये शहरी विकास मंत्रालय ज़िम्मेदार है।

# स्वच्छ भारत अभियान और शहरी चुनौतियां

देश में सार्वभौमिक स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के प्रयासों में तेज़ी लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 2 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। गौरतलब है कि इस मिशन को दो अलग-अलग मंत्रालयों- ग्रामीण क्षेत्रों के लिये पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय और शहरी क्षेत्रों के लिये आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। अभियान को दो भागों में बाँटकर देखने का मुख्य कारण यही है कि दोनों क्षेत्रों (ग्रामीण और शहरी) की अपनी स्वच्छता संबंधी अलग-अलग आवश्यकताएँ हैं, जिन्हें अलग-अलग दृष्टिकोणों की आवश्यकता है। खुले में शौच की समस्या, जिसका उन्मूलन स्वच्छ भारत अभियान का प्राथमिक उद्देश्य है, सिर्फ ग्रामीण भारत तक ही सीमित नहीं है। जहाँ एक ओर संपूर्ण स्वच्छता का कार्यान्वयन ग्रामीण भारत में एक बड़ी चुनौती है, वहीं शहरी स्वच्छता के मोर्चे पर कुछ अलग गंभीर चुनौतियाँ मौजूद हैं, जिनसे अलग दृष्टिकोण से निपटने की आवश्यकता है।

- **स्वच्छता :** सामान्य शब्दों में स्वच्छता का आशय कीटाणु, गंदगी, कचरा और अपशिष्ट से मुक्त होने की स्थिति और उसे बनाए रखने की स्थिति से है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वच्छता का तात्पर्य मानव अपशिष्ट के सुरक्षित प्रबंधन हेतु सुविधाओं और सेवाओं के प्रावधान से है। व्यापक तौर पर स्वच्छता में ठोस कचरे और जानवरों के कचरे का सुरक्षित प्रबंधन भी शामिल होता है।
- **स्वच्छ भारत अभियान :** स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती के अवसर पर राजघाट, नई दिल्ली से की गई।
- खुले में शौच मुक्त हुए गाँव का अनुपात 95.6 प्रतिशत से गिरकर 90.7 प्रतिशत रह गया। इससे निष्कर्ष निकलता है कि ग्रामीणों के व्यवहार में परिवर्तन लाना एक बड़ी चुनौती है, और सरकार को इस ओर प्रयास करने की आवश्यकता है।
- इसमें जहाँ ग्रामीण इलाकों के लिये 'पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय' व 'ग्रामीण विकास मंत्रालय' जुड़े हुए हैं, वहीं शहरों के लिये शहरी विकास मंत्रालय जिम्मेदार है।







**प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आचरण से फिर दिया स्वच्छता का संदेश, समुद्र किनारे की साफ-सफाई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आचरण से देश को एक बार फिर स्वच्छता का संदेश दिया। 12 अक्टूबर 2019 को तमिलनाडु के मामल्लापुरम यानी महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री मोदी सुबह की सैर पर निकले। इस दौरान उन्होंने समुद्र तट पर साफ-सफाई की और कचरा भी उठाया।

## स्वच्छ भारत मिशन गांधी के अभियान को ऊंचाई देने का प्रयास



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उन अभियानों को ऊंचाई देना है, जिनकी प्रासंगिकता न केवल 100 वर्ष पहले, बल्कि आज भी उसी रूप में बनी है। जिस मिशन को पीएम मोदी ने दस वर्ष पहले प्रारंभ किया था, वह आज भी नई ऊंचाई को प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। देश में 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण न केवल स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान भी है। नारी सशक्तिकरण के बिना समाज को स्वावलंबी नहीं बना सकते। स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, स्वदेशी व स्वावलंबन के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वचनों की प्रासंगिकता आज भी बनी है। वहीं देश में पीएम मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वदेशी अभियान को नई ऊंचाई प्रदान करने का कार्यक्रम है।

## शहरों से अलग हैं गांव

वर्ष 2017 के आँकड़ों के अनुसार, देश की तकरीबन 66 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और इतनी बड़ी आबादी को संपूर्ण स्वच्छता की ओर ले जाने में सबसे बड़ी चुनौती लोगों की मानसिकता में परिवर्तन लाना था ताकि वे खुले क्षेत्रों में शौच करने के बजाय घरेलू शौचालयों का उपयोग करें। ग्रामीण मानसिकता के कारण वहाँ के अधिकांश घरों में शौचालय नहीं थे, इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लिये स्वच्छ भारत अभियान के घटकों में शौचालयों के निर्माण के साथ-साथ सूचना, शिक्षा और संचार संबंधी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करना भी शामिल था। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में एक समर्पित सीवरेज नेटवर्क की आवश्यकता कम होती है, क्योंकि वहाँ जो भी शौचालय मौजूद होते हैं वे घर के सोक पिट (Soak Pit) से जुड़े हुए होते हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू कचरे को भी बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जाता है क्योंकि यह कार्य घरेलू स्तर पर किया जाता है, अतः इसके अधिकांश हिस्से का प्रयोग खेतों में किया जाता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र के स्वच्छता स्तर में सुधार करना शहरी क्षेत्र की अपेक्षा बहुत कम जटिल है।

## दिग्गजों ने सराहा

### रतन टाटा ने स्वच्छता अभियान के 10 साल पूरे होने पर दी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई



मशहूर उद्योगपति रतन टाटा ने बुधवार को स्वच्छता अभियान के 10 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा, "आज (2 अक्टूबर) स्वच्छता अभियान के 10 साल पूरे हो चुके हैं। इस अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद शुरू किया था, ताकि लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सके। इस अभियान का ग्रामीण भारत में अनेकों लोगों के बीच लाभ पहुंचा है। कई लोग इस अभियान से लाभान्वित हुए हैं। हम खुद ही इस अभियान का हिस्सा रहे हैं और आगे भी इसी तरह से समर्थन देते रहेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान का आगाज किया था। इस अभियान का मुख्य मकसद लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को आज दस साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर कई केंद्रीय मंत्रियों ने हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता का संदेश लोगों के बीच दिया, ताकि लोग साफ-सफाई के प्रति जागरूक हो सकें। इस अभियान के दस साल पूरे होने के मौके पर कई मंत्रियों ने इस बात को स्वीकार किया है कि इसका सकारात्मक असर बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। इस अभियान के दस साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों का आभार प्रकट किया। प्रधानमंत्री ने कहा, "स्वच्छता की सेवा में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व उपराष्ट्रपति ने भी योगदान दिया है, जिसने देश को एक बड़ी प्रेरणा दी है। इस काम के लिए मैं राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति महोदय का भी हृदय से अभिनंदन और धन्यवाद करता हूं। देश भर में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं और लोग अपने गांव, शहर और मोहल्लों में सफाई कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम का हिस्सा बने हैं और इसका नेतृत्व कर रहे हैं।

### बिल गेट्स ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना की, कहा- मोदी के नेतृत्व में हुई अद्भुत प्रगति



माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस पर एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन की प्रशंसा की। वीडियो संदेश में बिल गेट्स ने कहा, महात्मा गांधी की जयंती पर मनाए जाने वाले स्वच्छ भारत दिवस पर भारत के लोगों को बधाई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को एक दशक पहले पूरे देश में खुले में शौच को खत्म करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। तब से, भारत ने स्वच्छता और सफाई में सुधार के लिए बहुत बड़ी प्रगति की है। इसने लाखों शौचालय स्थापित किए हैं और हजारों मल उपचार संयंत्र बनाए हैं, जिससे 10 लाख लोगों के लिए सुरक्षित स्वच्छता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने आगे कहा, भारत के दृष्टिकोण ने समुदाय संचालित कार्यक्रमों के एक मॉडल के रूप में काम किया है, जिसने पूरे भारत में लोगों को प्रेरित और संगठित किया है। स्वच्छता और स्वास्थ्य पर इस मिशन का प्रभाव अद्भुत रहा है, खासकर गरीबों और महिलाओं के लिए। मिशन की सफलता बड़े पैमाने पर सार्थक बदलाव लाने की भारत की क्षमता का प्रमाण है। अद्भुत प्रगति के लिए एक बार फिर बधाई। बता दें कि स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल 2 अक्टूबर 2024 को पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों का धन्यवाद किया। पीएम मोदी ने देश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान आज एक जन आंदोलन बन चुका है। स्वच्छता की सेवा में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व उपराष्ट्रपति ने भी योगदान दिया है, जिसने देश को एक बड़ी प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि पिछले पखवाड़े में देशभर में करोड़ों लोगों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लिया था। इस सेवा पखवाड़े के 15 दिनों में देश भर में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

**2014** में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के समय मात्र 38.7 प्रतिशत ग्रामीणों के पास शौचालय की सुविधा थी। आज यह बढ़कर 99.1 प्रतिशत हो गई है। गोवा और ओड़ीशा को छोड़कर अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण अंचल खुले में शौच से मुक्त हो चुके हैं। भारत के नगरों में भी स्थिति बहुत सुधर चुकी है।

*ये आंकड़े आधिकारिक तौर पर लिये गए हैं। इन पर संदेह किया जा सकता है। परन्तु राष्ट्रीय वार्षिक ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण भी इसका अनुमोदन करता है। यह सर्वेक्षण स्वतंत्र एजेंसी द्वारा करवाया गया था। इसमें एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था, जिसमें कई सेवानिवृत्त अधिकारी तथा विपक्षी दल के भी कुछ सदस्य थे। साथ ही विश्व बैंक, यूनीसेफ, वाटर एड, वी एम जी एफ आदि के सदस्य शामिल हुए थे।*

**2018-19** के इस सर्वेक्षण में लगभग 90,000 परिवारों को शामिल किया गया था। राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए डाटा से पता चलता है कि 93.1 प्रतिशत घरों में शौचालय की सुविधा है। 90.7 प्रतिशत ग्राम खुले में शौच मुक्त हो चुके हैं। 95.04 प्रतिशत गांवों में कूड़े के ढेर और रुके हुए पानी की समस्या न्यूनतम स्तर पर है।

- मिशन की सफलता के संदर्भ में अक्सर यह सवाल उठता रहा है कि शौचालयों के होने पर भी बहुत से घरों में उनका उपयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण में पाया गया कि 96.5 प्रतिशत लोग शौचालयों का उपयोग करते हैं।
- इसका प्रमाण इस बात में भी है कि जहाँ 2017-18 में 77 प्रतिशत लोग ही शौचालयों का प्रयोग करते थे, वहीं 2018-19 में 93.1 प्रतिशत लोग इनका उपयोग करने लगे हैं। इस प्रकार शौचालय का उपयोग करने वाले परिवारों का अनुपात 93.4 प्रतिशत से बढ़कर 96.5 प्रतिशत हो गया।



# भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच डब्लूटीसी फाइनल में पहुंचने की जंग

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को मिली जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) की अंक तालिका में भारत काफी मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। हालांकि डब्लूटीसी के फाइनल में जगह बनाने के लिए रोहित शर्मा एंड कंपनी को अभी कई और जीत की आवश्यकता है। मौजूदा डब्लूटीसी चक्र में 26 टेस्ट मैच शेष हैं और पहले दो स्थान में जगह बनाने की दौड़ काफी रोमांचक होती जा रही है। एक नजर डालते हैं कि अभी तमाम टीमें किस स्थिति में हैं।

**भारत : प्रतिशत अंक : 74.24, शेष सीरीज : न्यूज़ीलैंड (3 टेस्ट, घर पर) और ऑस्ट्रेलिया (5 टेस्ट, बाहर)**

कानपुर में बेहतरीन जीत हासिल करने के बाद भारत अंक तालिका में शीर्ष पर और भी मजबूत हो गया है। शेष सभी मैच जीतने पर उनके 85.09 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। हालांकि उनकी कोशिश यही होगी कि वह कम से कम इतने अंक हासिल कर लें कि डब्लूटीसी फाइनल खेलने के लिए उन्हें अन्य नतीजों पर निर्भर न रहना पड़े। इसके लिए उन्हें कम से कम चार टेस्ट मैच जीतने होंगे और दो टेस्ट मैच ड्रॉ (56 अंक) कराने होंगे। जिसकी बदौलत वह 67.54 प्रतिशत अंक तक पहुंच जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका अगर अपने शेष सभी छह टेस्ट जीत लेती है तब वह 69.44 अंकों तक पहुंच सकती है। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया चार टेस्ट जीतती है और दो टेस्ट ड्रॉ समाप्त होता है (यह मानते हुए कि वह भारत से एक टेस्ट हारती है, और दो ड्रॉ होता है जबकि अन्य चार टेस्ट जीत लेती है) तब वह 64.04 अंकों तक ही पहुंच सकती है। अगर भारत को 56 से कम अंक हासिल होते हैं तब हो सकता है कि वह शीर्ष दो स्थानों में न रहें।

अगर वह चार मैच जीतते हैं और एक मैच ड्रॉ होता है (52 अंक) तब ऐसा संभव है कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्र का भारत से आगे निकल जाएं। श्रीलंका भी 67 से अधिक प्रतिशत अंक के साथ अंक तालिका समाप्त कर सकती है लेकिन उन्हें यहां तक पहुंचने के लिए दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी जो कि भारत के पक्ष में ही काम करेगा।

**श्रीलंका :** प्रतिशत अंक - 55.56, शेष सीरीज - दक्षिण अफ्रीका (2 टेस्ट, बाहर), ऑस्ट्रेलिया (2 टेस्ट, घर पर). न्यूजीलैंड की टीम को श्रीलंका ने बीती टेस्ट सीरीज में 2-0 से मात दी थी। इस शानदार जीत की वजह से श्रीलंका की टीम को 24 महत्वपूर्ण अंक हासिल हुए हैं। इस कारण से श्रीलंका की टीम भी अब डब्लूटीसी फाइनल में पहुंचने की दावेदार बन गई है।

**बांग्लादेश :** प्रतिशत अंक : 34.38, शेष सीरीज : वेस्टइंडीज (2 टेस्ट, बाहर), दक्षिण अफ्रीका (2 टेस्ट, घर पर). भारत के खिलाफ दो मैच हारने के बाद बांग्लादेश 45.83% प्रतिशत अंक से 34.38 तक पहुंच गई है। अगर वे अपने शेष चार मैच भी जीत लेते हैं तब भी वह 56.25 प्रतिशत अंकों तक ही पहुंच पाएंगे, जो कि शीर्ष दो स्थान तक पहुंचने के लिए काफी नहीं होंगे।

**न्यूज़ीलैंड :** प्रतिशत अंक : 37.50, शेष सीरीज : भारत (3 टेस्ट, बाहर), इंग्लैंड (3 टेस्ट, घर पर). कागज पर न्यूजीलैंड अभी भी अपने शेष सभी छह मैच जीतकर 64.29 प्रतिशत अंक तक पहुंच सकती है, लेकिन उनका हालिया फॉर्म इस संभावना के सच होने की उम्मीद पैदा नहीं करता।



**ऑस्ट्रेलिया :** प्रतिशत अंक : 62.50, शेष सीरीज : भारत (5 टेस्ट, घर पर), श्रीलंका (2 टेस्ट, घर पर)। ऑस्ट्रेलिया अभी 62.5 प्रतिशत अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने सभी सात मैच जीत जाती है तब उसके खाते में 76.32 प्रतिशत अंक हो सकते हैं। जिन दो टीमों, भारत और श्रीलंका के खिलाफ उसे दो श्रृंखलाएं खेलनी हैं वे भी फाइनल में पहुंचने के प्रबल दावेदार हैं। पांच जीत उन्हें 65.79 प्रतिशतअंकों तक पहुंचाएगी लेकिन भारत और दक्षिण अफ्र ीका तब भी ऑस्ट्रेलिया से आगे जाने की स्थिति में होंगे।

**दक्षिण अफ्रीका :** प्रतिशत अंक : 38.89, शेष सीरीज : श्रीलंका, (2 टेस्ट, घर पर), पाकिस्तान (2 टेस्ट, घर पर), बांग्लादेश (2 टेस्ट, बाहर). अगर दक्षिण अफ्र ीका अपने सभी शेष मैच जीत लेता है तब उनके खाते में 69.44 प्रतिशत अंक होंगे जो कि फाइनल में जगह बनाने के लिए काफी होंगे। क्योंकि तब भारत और ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक ही इस आंकड़े को पार कर पाएगा। पांच मैच में जीत और एक मैच ड्रा होने पर दक्षिण अफ्रीका के पास 63.89 प्रतिशत अंक होंगे और तब भी वह दावेदार बने रहेंगे।

**इंग्लैंड :** प्रतिशत अंक : 42.19, शेष सीरीज : पाकिस्तान (3 टेस्ट, बाहर), न्यूजीलैंड (3 टेस्ट, बाहर)। श्रीलंका के खिलाफ अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड की हार ने यह तय कर दिया है कि वह इस चक्र में 60 प्रतिशत अंकों से आगे नहीं जा सकते। अपने शेष सभी छह टेस्ट जीतकर वह 57.95 अंकों तक ही पहुंच सकते हैं। ऐसी स्थिति में भी उन्हें अन्य नतीजों पर निर्भर रहना होगा।

**पाकिस्तान :** प्रतिशत अंक : 19.05, शेष सीरीज : इंग्लैंड (3 टेस्ट, घर पर), दक्षिण अफ्र ीका (2 टेस्ट, बाहर), वेस्टइंडीज (2 टेस्ट, घर पर). बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान को न सिर्फ दो टेस्ट मैचों में हार मिली बल्कि धीमी ओवर गति रेट के चलते उन्हें छह अंकों का नुकसान भी उठाना पड़ा। इसके चलते उनका प्रतिशत अंक 36.66 से 19.05 के आंकड़े पर आ गया है।

**वेस्टइंडीज :** प्रतिशत अंक : 18.52, शेष सीरीज : बांग्लादेश (2 टेस्ट, घर पर), पाकिस्तान (2 टेस्ट, बाहर). वेस्टइंडीज ने अब तक चार श्रृंखलाएं खेल ली हैं और इस दौरान वह 108 में से 20 अंक ही हासिल कर पाए हैं। अगर वह शेष चार टेस्ट मैच जीत भी लेते हैं तब भी वह 43.59 प्रतिशत अंकों तक ही पहुंच पाएंगे।

## महिला टी20 विश्व कप 2024 में स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का प्रयोग होगा

एजेंसी

**दुबई ।** महिला टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत तीन अक्टूबर से हो रही है। यह पहला ऐसा आईसीसी टूर्नामेंट होगा, जहां स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा। इस टेक्नोलॉजी का प्रयोग इससे पहले आईपीएल 2024 और द हंड्रेड में किया जा चुका है। आईसीसी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "हर मैच में कम से कम 28 कैमरों की कवरेज होगी, जिसे कई तरह के विश्लेषणात्मक और दृश्यात्मक सुधारों के साथ पेश किया जाएगा। सभी मैचों में डिसीज़न रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) उपलब्ध होगा, जिसमें हॉक-आई स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। यह टीवी अंपायर को विभिन्न कोणों से एकसाथ आने वाले फुटेज़ की तुरंत समीक्षा कर सटीक निर्णय लेने में मदद करेगा।" स्मार्ट रिप्ले सिस्टम के तहत टीवी




अंपायर को सीधे दो हॉक-आई ऑपरेटरों से जानकारी मिलेगी, जो अंपायर के साथ एक ही कमरे में बैठेंगे और उन्हें मैदान में लगे हॉक-आई के आठ हाई-स्पीड कैमरों द्वारा कैद किये गए दृश्य को दिखाएंगे। अब तक टीवी प्रसारण निदेशक, तीसरे अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच मध्यस्थ का काम करते थे। अब प्रसारण निदेशक की मध्यस्थता की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह सिस्टम टीवी अंपायर को पहले से अधिक दृश्य देखने की सुविधा भी देता है, जिसमें स्प्लिट-स्क्रीन भी शामिल हैं। स्मार्ट रिप्ले सिस्टम के तहत स्टंपिंग रेफरल के मामले में टीवी अंपायर हॉक-आई ऑपरेटरों से स्प्लिट-स्क्रीन विजुअल मांग सकते हैं। मान लीजिए कि अगर गेंद और बल्ले के बीच अच्छा-ख़ासा गैप है तो टीवी अंपायर अल्ट्रा एज़ (यह देखने के लिए कि क्या यह कैच आउट था) के लिए नहीं पूछेंगे और इसके बजाय सीधे स्टंपिंग के लिए साइड-ऑन रिप्ले की जांच करेंगे। यदि टीवी अंपायर को बैट और गेंद के बीच स्पष्ट दूरी नहीं दिखती है, तभी वह अल्ट्रा एज़ जांच करेंगे।

स्टंपिंग के मामले में स्मार्ट रिव्यू सिस्टम के तहत टीवी अंपायर को ट्राई-विज़न दृश्य दिखेंगे। एक ही फ्रेम में साइड-ऑन कैमरा और फ्रंट-ऑन कैमरा दोनों से फुटेज़ दिखाया जाएगा।

## टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज़ बने बुमराह अश्विन को पछाड़ा

**दुबई ।** कानपुर टेस्ट में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज़ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज़ बन गए हैं। उन्होंने हमवतन और भारत-बांग्लादेश सीरीज़ में प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ रहे आर अश्विन को पछाड़ा, जो अब बुमराह से एक रेटिंग अंक कम होकर 869 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बुमराह के 870 रेटिंग अंक हैं। यह दूसरी बार है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बने हैं। इससे पहले वह इस साल फ़रवरी में भी नंबर एक गेंदबाज़ बने थे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज़ गेंदबाज़ थे। कानपुर टेस्ट में दो अर्धशतकों के साथ प्लेयर ऑफ़ द मैच बनने वाले सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल अब बल्लेबाज़ों की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं।

## 'मां शक्ति, वात्सल्य और समर्पण का रूप होती है', पीएम ने नीरज चोपड़ा की मां को लिखा पत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की मां को पत्र लिखा है, और उनके स्नेह भाव के लिए उनका धन्यवाद करते हुए उनके भेजे चूरमा की तारीफ की। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा, ''आदरणीया सरोज देवी जी, सादर प्रणाम! आशा है आप स्वस्थ, सकुशल और सानंद होंगी। कल जमैका के प्रधानमंत्री जी की भारत यात्रा के अवसर पर आयोजित भोज में मुझे भाई नीरज से मिलने का अवसर मिला। उनसे चचार्ओं के बीच मेरी खुशी तब और बढ़ गई, जब उन्होंने मुझे आपके हाथों से बना स्वादिष्ट चूरमा दिया। आज इस चूरमे को खाने के बाद आपको पत्र लिखने से खुद को रोक ना सका। भाई नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया।''आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने,



मुझे मेरी मां की याद दिला दी। मां शक्ति, वात्सल्य और समर्पण का रूप होती है। यह संयोग ही है कि मुझे मां का ये प्रसाद नवरात्र पर्व के एक दिन पहले मिला है। मैं नवरात्रि के इन 9 दिनों में उपवास करता हूं। एक तरह से आपका ये चूरमा मेरे उपवास के पहले मेरा मुख्य अन्न बन गया है। जिस तरह आपका बनाया भोजन जैसे भाई नीरज को देश के लिए मेडल जीतने की ऊर्जा देता है। वैसे ही ये चूरमा, अगले 9 दिन मुझे राष्ट्र सेवा की शक्ति देगा। शक्ति पर्व नवरात्र के इस अवसर पर मैं आपके साथ, देशभर की मातृशक्ति को ये विश्वास दिलाता हूं कि मैं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए और अधिक सेवाभाव से निरंतर काम में जुटा रहूंगा। आपका हृदय से आभार! ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ अपनी मस्ती भरी 'चूरमा' वाली बातचीत के लिए वो और पीएम मोदी कई बार चर्चा में आए हैं।

पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक से पहले ओलंपिक में भारतीय दल का नेतृत्व करने जा रहे नीरज चोपड़ा से खास डिमांड भी की थी। पीएम मोदी ने गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से उनकी मां के हाथों से बना चूरमा लाने के लिए कहा था। नीरज ने ओलंपिक से लौटकर पीएम मोदी को मां के हाथ का बना खास चूरमा खिलाने का वादा किया, जिसे उन्होंने अब पूरा कर दिया।



## ग्रामीण भारत में ऋण-आधारित खपत में वृद्धि 'क्रांतिकारी बदलाव' : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छोटे शहरों और कस्बों में ऋण-संचालित खपत में जबरदस्त वृद्धि की सराहना करते हुए इसे एक 'क्रांतिकारी बदलाव' बताया। उन्होंने कहा कि ये सब प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के कारण संभव हुआ है। टियर 2, 3 और 4 शहरों और यहां तक कि इससे भी आगे के क्षेत्रों में घरेलू खपत में निर्णायक वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका प्रमाण छोटे शहरों और कस्बों में दोपहिया वाहनों, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और एफएमसीजी की बिक्री में वृद्धि है। वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, ग्रामीण भारत अब भारत के विकास का निष्क्रिय पर्यवेक्षक (मूक दर्शक) नहीं है, बल्कि वह इसका सक्रिय चालक है। हाल ही में अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाने वाली प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे करोड़ों ग्रामीण भारतीय पहली बार औपचारिक वित्तीय प्रणाली (फॉर्मल फाइनेंशियल सिस्टम) में शामिल हुए हैं। वित्त मंत्री ने कहा



*"वित्त मंत्री ने कहा कि 80 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय वयस्कों के पास अब औपचारिक वित्तीय खाते (फॉर्मल फाइनेंशियल अकाउंट) हैं, जो 2011 में केवल 50 प्रतिशत थे। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्तीय समावेशन के अभियान का परिणाम है, जिसने आधुनिक भारतीय इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया है।*

कि 80 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय वयस्कों के पास अब औपचारिक वित्तीय खाते (फॉर्मल फाइनेंशियल अकाउंट) हैं, जो 2011 में केवल 50 प्रतिशत थे। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्तीय समावेशन के अभियान का परिणाम है, जिसने आधुनिक भारतीय इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया है। रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि ग्रामीण भारत में 62 प्रतिशत दोपहिया वाहन खरीद अब ऋण द्वारा संचालित होते हैं, जो शहरी क्षेत्रों में 58 प्रतिशत से अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन की बिक्री में भी जबरदस्त वृद्धि हुई है। उद्योग के अनुसार, विभिन्न उपभोक्ता वित्त व्यवस्था (फाइनेंसिंग) विकल्पों ने इस शानदार वृद्धि को संभव बनाया है।

सरकार के अनुसार, इन बैंक खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये की जमा राशि जमा हुई है और इसके परिणामस्वरूप 36 करोड़ से अधिक मुफ्त रुपे कार्ड जारी किए गए हैं, जिन पर 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी मिलता है। मार्च 2015 में पीएमजेडीवाई खातों की कुल संख्या 14.7 करोड़ थी, जिसमें 15,670 करोड़ रुपये जमा थे, जो जमा राशि बढ़कर 53 करोड़ हो गई है, जिसमें कुल शेष राशि 2.31 लाख करोड़ रुपये है। बैंक खातों की संख्या और जमा राशि में वृद्धि इस योजना की वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, भारत की ग्रामीण आबादी को पहले एक ऐसी व्यवस्था ने छोड़ दिया था जो वित्तीय समावेशन की बातें तो करती थी, लेकिन वास्तव में गरीबों तक ऋण पहुंच का विस्तार करने में बाधाएं खड़ी करती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने ग्रामीण गरीबों को वित्तीय प्रणाली में लाने और उनकी क्षमता को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए कई प्रो-पुअर सुधारों और कल्याणकारी नीतियों को लागू किया है, जबकि विपक्ष ने प्रगति को अवरुद्ध किया। आरबीआई ने हाल ही में कहा कि चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) की दूसरी तिमाही में घरेलू खपत में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आ रही है और ग्रामीण मांग में पहले से ही सुधार हो रहा है।

## ओला इलेक्ट्रिक के ईवी स्कूटर की बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक के मार्केट शेयर में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है और सितंबर में यह गिरकर 27 प्रतिशत हो गया है। इसकी वजह दोपहिया ईवी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का बढ़ना और कंपनी के ईवी स्कूटर में लगातार ग्राहकों को समस्या का सामना करना है। सरकारी पोर्टल वाहन से मिली जानकारी के अनुसार, कंपनी द्वारा पिछले महीने 24,665 इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री की गई है। अगस्त में यह आंकड़ा 27,587 यूनिट्स का था। इस दौरान कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 31 प्रतिशत थी। ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट शेयर गिरने की वजह बाजार में प्रतिस्पर्धा का बढ़ना है।

## शेयर बाजार में आएगी आईपीओ की सुनामी 1 दिन में 15 कंपनियों ने जमा किए ड्राफ्ट पेपर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक उतार-चढ़ाव के बीच भारत के प्राथमिक बाजार में तेजी का दौर जारी है। सितंबर के आखिरी दिन रिकॉर्ड 15 कंपनियों ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) लाने के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा कराए हैं। बीते महीने 41 कंपनियों ने आईपीओ लाने के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा कराए गए हैं। यह किसी एक महीने में बाजार नियामक के पास ड्राफ्ट पेपर जमा करने का सबसे बड़ा आंकड़ा है। बाजार के जानकारों के मुताबिक, कंपनियों द्वारा बड़ी संख्या में ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)




जमा करने की वजह 31 मार्च तक के ऑडिटेड फाइनेंसियल का 30 सितंबर को एक्सपायर होना था। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक महावीर लुनावत ने कहा, "हमारा अनुमान है कि इस साल 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की पूंजी आईपीओ के द्वारा जुटाई जाएगी, क्योंकि आने वाले समय में कई मल्टीनेशनल कंपनियों के पब्लिक इश्यू बाजार में आने वाले हैं। जानकारों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई के करीब बने हुए हैं। इसकी वजह अमेरिकी फेड द्वारा सितंबर के मध्य में ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती करना है, जिसके कारण बाजार में पैसे का प्रवाह बढ़ा है। घरेलू निवेशकों की ओर से लगातार खरीदारी भी शेयर बाजार में तेजी की बड़ी वजह है।

इसके अतिरिक्त जून में जेपी मॉर्गन की ओर से बॉन्ड इंडेक्स में भारत को शामिल किया गया था, जिससे पिछले एक साल में देश में 18 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। अब अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती के बाद इसके और अधिक बढ़ने की संभावना है।

## सेबी ने फ्यूचर्स और ऑप्शन ट्रेडिंग के नियम किए सख्त

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से फ्यूचर्स और ऑप्शन (एफएंडओ) ट्रेडिंग के नियमों को सख्त कर दिया गया है। अब इस सेगमेंट में कारोबार करने के लिए ट्रेडर्स को पहले के मुकाबले अधिक पैसे खर्च करने होंगे। बाजार नियामक द्वारा अब इंडेक्स डेरिवेटिव में कॉन्ट्रैक्ट साइज की न्यूनतम वैल्यू




को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही साप्ताहिक एक्सपायरी को प्रति एक्सचेंज एक इंडेक्स तक सीमित कर दिया है। ऐसे में अब एक एक्सचेंज की ओर से सप्ताह में एक ही एक्सपायरी देखने को मिलेगी। सेबी की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया कि डेरिवेटिव्स में उच्च जोखिम को देखते हुए और मार्केट की वृद्धि के अनुरूप कॉन्ट्रैक्ट के साइज में पुनर्संयोजन यह सुनिश्चित करेगा कि प्रतिभागियों के लिए अपेक्षित मानदंड बने रहें। बाजार नियामक की ओर से यह कदम रिटेल निवेशकों द्वारा एफएंडओ सेगमेंट लगातार किए जा रहे बड़े नुकसान के कारण उठाया गया है। हाल ही में सेबी की ओर से एक स्टडी जारी की गई थी। इसमें बताया गया था कि बीते तीन वर्षों में 1.10 करोड़ ट्रेडर्स की ओर से संयुक्त रूप से 1.81 लाख करोड़ रुपये का नुकसान किया गया है। इसमें से केवल 7 प्रतिशत ट्रेडर्स ही पैसा कमाने में सफल हुए हैं। इसके कारण बाजार से जुड़े कई लोगों ने एफएंडओ नियमों को सख्त बनाने की बात कही थी।

# आज से हेमंत सरकार की विदाई यात्रा शुरू : हिमंता बिस्वा सरमा

**हजारीबाग(हि.स.)।** झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि आज परिवर्तन यात्रा संपन्न हुई और हेमंत सरकार की विदाई यात्रा प्रारंभ हुई है। उन्होंने कहा कि जनता ने परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। सभा में उमड़ा जन सैलाब यह साफ साफ बता रहा कि जनता हेमंत सरकार से ऊब चुकी है। हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन पर सभा को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि वादा खिलाफी, झारखंड के मान-सम्मान पर चोट, बदलती डेमोग्राफी, तुष्टिकरण, जल जंगल जमीन की लूट, भ्रष्टाचार के मुद्दे झारखंड की जनता के दिलो-दिमाग में समा गया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा से नए झारखंड का जन संकल्प सामने आया है।

इससे पूर्व कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया। सभा की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी एवं सभा का संचालन विधायक नीरा यादव ने किया। इस दौरान मंच पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, चम्पई साईर, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, क्षेत्रीय संगठन प्रभारी नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, सांसद मनीष जायसवाल, काली चरण सिंह, समीर उरांव, निशिकांत दुबे, बीड़ी राम, विद्युत वरण महतो, ढुल्लू महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, अमित यादव, शशि भूषण मेहता, नारायण दास, रामचंद्र चन्द्रवंशी, अनंत ओझा, बिरंची नारायण, नीलकंठ सिंह मुंडा, रणधीर सिंह, पुष्पा देवी, सीपी सिंह, राज सिन्हा, आलोक चौरसिया, नवीन जायसवाल, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह व सभा स्थल पर लाखों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## सरकार ने पांच साल तक झारखंड की जल जंगल, जमीन को लूटा: बाबूलाल मरांडी



**हजारीबाग (हि.स.)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन पर कहा कि झारखंड में 20 सितंबर से परिवर्तन यात्रा चल रही थी। झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में यह यात्रा पहुंची और हजारीबाग में यात्रा का समापन हुआ है। राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्रों के 40 लाख लोग इस यात्रा में शामिल हुए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा ने झारखंड के विकास के संदेशों को जनता तक पहुंचाने का काम किया। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी सरकार में हुए भ्रष्टाचार को लोगों तक पहुंचाने का काम किया गया। पिछले पांच सालों तक जेएमएम सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। गठबंधन सरकार की कुशासन, कुव्यवस्था और राज्य सरकार की विफलता को जनता के बीच पहुंचाने का काम परिवर्तन यात्रा ने किया। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी तीनों मिलकर सरकार चला रहे हैं,लेकिन 5 वर्षों कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचारी सरकार सिर्फ कमाने और अपनी तिजोरी भरने में पूरा समय लगा दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को बीते 5 वर्षों का हिसाब देना होगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले 5 वर्षों तक झारखंड की जल, जंगल, जमीन, बालू, पत्थर को लूटा है। लूटने में जेएमएम की सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ा है। आगे कहा कि झारखंड में विकास हो इसके लिए राज्य में परिवर्तन करने की जरूरत है।

## भ्रष्टाचारी व लूट की सरकार को उखाड़ फेंकना है: बाउरी



अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचारी और लूट की सरकार को उखाड़ फेंकना है। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार झारखंड पुंचे। जमशेदपुर से परिवर्तन महारैली की शुरूआत की। भारी बारिश के बावजूद जनता से मिलने रांची से सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज हजारीबाग में परिवर्तन महारैली का समापन है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी दूसरी बार झारखंड पहुंचे है। इस परिवर्तन रैली में हमलोगों ने संकल्प लिया है, राज्य की मौजूदा भ्रष्ट गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेकना है।

# भाजपा ने 35 सीटों के लिए तैयार की संभवित उम्मीदवारों की सूची

### 14 नए चेहरे व 3 पूर्व सासंद सूची में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी रणनीति तैयार कर ली है। एनडीए गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग हो चुकी है। वहीं इंडी गठबंधन में अभी सब कुछ साफ नहीं दिखाई दे रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक सूची तैयार कर ली है।

उम्मीदवारों की पहली सूची चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय चुनाव समिति को भेज दिया है। यह कयास लगया जा रहा है कि इसी सप्ताह भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श किया जायेगा। वहीं अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में उम्मीदवारों के नाम की घोषणा हो सकती है। संभावित सूची में तीन पूर्व सांसदों का भी नाम शामिल है। इसमें गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय, दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन और सिंहभूम की पूर्व सांसद गीता कोड़ा हैं।

**इन नए चेहरों को चुनावी मैदान में उतार सकती है भाजपा :** भाजपा इस बार नए चेहरे पर भी दांव खेल सकती है। इसमें राजीव ओझा, विनीता पासवान, तारा देवी, जयश्री सोरेन, शेखर सिंह, शत्रुघ्न महतो, सुरेश साहु, रंजीत राय, रोहित लाल सिंह, सत्यनारायण पाठक, घर्मजीत सिह, योगेन्द्र प्रताप सिंह और दुगराज मंडल शामिल है।

**ये है संभावित उम्मीदवार**

- मनिका : बाबूलाल मरांडी
- दुमका : लुईस मरांडी
- शिकारीपाड़ा - परितोष सोरेन
- जमताड़ा - दुगराज मंडल, सीता सोरेन
- जामा- सीता सोरेन (जयश्री सोरेन), सुनील सोरेन
- बेरमो- योगेश्वर महतो (बाटुल), रवींद्र पांडेय
- टुंडी- राजीव कुमार ओझा, विक्रम पांडेय
- झरिया - रागिनी सिंह
- बाघमारा- शेखर सिंह, शत्रुघ्न महतो
- खूंटी- नीलकंठ सिंह मुंडा
- सारयकेला- चंपाई सोरेन
- जगन्नाथपुर- गीता कोड़ा
- सिसई - अरूण उरांव
- धाटशिला - बाबूला सोरेन
- गुमला - मिसिर कुजूर
- राजमहल - अनंत ओझा
- गोड्डा - अमित मंडल
- भवनाथपुर - भानु प्रताप शाही
- गिरिडीह- सुरेश साहु ,रंजीत राय
- बोकारो- बिरंची नारायण,रोहित लाल सिंह
- चंनदकीयारी -अमर बाउरी
- बरही-मनोज यादव, योगेन्द्र प्रताप सिंह
- बरकट्ठा-अमित कुमार यादव
- नाला- सत्यानंद झा(बाटुल), माधव चन्द्र महतो
- पोड़ैयाहाट- ममता देवी, सत्यनारायण पाठक
- सिंदरी- तारा देवी, घर्मजीत सिह
- लातेहार-प्रकाश राम
- मधुपुर- राज पालीवाल, गंगा नारायण सिह
- देवघर- नारायण दास, विनिता पासवान
- गांडेय- दिलीप वर्मा, महादेव दूबे
- जमुआ- केदार हाजरा
- सारठ - रणधीर सिंह
- निरस- अपर्णा सेन गुप्ता, गणेश मिश्रा

## पीएम सरना धर्म कोड पर क्यों साधे हुए हैं चुप्पी : सुप्रियो

**रांची (हि.स.)।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के मुख्य स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी 15 दिनों बाद हजारीबाग पहुंचे थे, वहां सभा में उन्होंने बहुत सी बाते कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के चेहरे पर आदिवासी-मूलवासियों का भय साफ दिख रहा था, उन्हें डर सताने लगा है। जिस प्रकार से लेह, लद्दाख और कारगिल के 150 आदिवासी सड़क पर उतर कर छठी अनुसूची में शामिल करने को लेकर आंदोलन कर रहे है और उन्हें छह हजार पुलिस उतार कर गिरफ्तार कर लिया गया। यहां तक कि सोनम वांगचुक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। कारण स्पष्ट था कि वहां की जमीन अडानी को और लिथियम बैटरी को देने का सौदा कर लिया गया है। इसी प्रकार झारखंड में भी अब उन्हें आदिवासी-मूलवासी से डर सताने लगा है, इन्हें आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से डर लगता है। क्योंकि एनडीए के सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री, वर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सहयोगी पार्टनर सुदेश महतो ओबीसी आरक्षण 27 से घटा कर 14 कर दिया। जबकि हमारी सरकार ने इसे फिर से 27 प्रतिशत करने का बिल पास कर दिया। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी हित की बात करने वाले प्रधानमंत्री और भाजपा सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे हुए है। लोकसभा चुनाव में झारखंड से एकत्रित की गयी मिट्टी खूंटी में अमित शाह को सौंपी गयी थी, हाल सभी को पता है। पांचों की पांचों आदिवासी सीट में साफ।

## करोड़ों के गबन के आरोपी को बेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने चार करोड़ का गबन करने वाले बिपिन कुमार उर्फ अनमोल राम को जमानत दे दी है। रांची सिविल कोर्ट ने 10 अप्रैल 2023 को बिपिन को दोषी करार देते हुए सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी। साथ ही ट्रायल कोर्ट ने बिपिन पर एक करोड़ का जुमार्ना भी लगाया था। सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ दोषी ने हाईकोर्ट में अपील याचिका दाखिल की थी। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में सुनवाई हुई। बिपिन की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय ने बहस की। एसबीआई और यूबीआई की 20 अलग-अलग एटीएम में साल 2019 में एसआइएस कर्मियों को 4.07 करोड़ डालने का जिम्मा मिला था। लेकिन पूरी प्लानिंग के साथ सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों ने नौ से 15 दिसंबर के बीच चार करोड़ से अधिक राशि गबन कर ली। पैसे गबन करने के बाद एजेंसी के सुरक्षाकर्मी फरार हो गये। इसके बाद एटीएमों में डाली जाने वाली कैश का ऑडिट एसआइएस के अधिकारियों ने किया। ऑडिट में पता चला कि बैंक की ओर से दी गयी पूरी राशि एटीएम में डाला ही नहीं गयी। इसके बाद सिक्योरिटी एजेंसी एसआइएस के कैश मेनेजमेंट के सहायक प्रबंधक कंचन ओझा ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसका केस नंबर 578/2019 है। इसके बाद पुलिस ने रांची और बिहार समेत अन्य राज्यों में छापेमारी कर 2 करोड़ 57 लाख कैश बरामद किये थे।

# झारखंड पुलिस 3 अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट की नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पुलिस के तीन अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक मामले में चार्जशीट दाखिल करने के लिए अवमानना नोटिस जारी किया है। जबकि अदालत ने एफआईआर में आगे कोई कार्रवाई करने पर अंतरिम रोक लगा दी। दरअसल न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ एक एसएलपी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गयी थी, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी की पत्नी (अब दिवंगत) द्वारा अपने मकान मालिक के खिलाफ दर्ज करायी गयी प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया है, उसमें तत्कालीन डीएसपी सिटी रांची दीपक कुमार व दयानंद कुमार शामिल हैं। दोनों अधिकारी संबंधित समय में लोअर बाजार पुलिस स्टेशन रांची से जुड़े थे। इसके अलावा तारकेश्वर प्रसाद केसरी को भी अवमानना नोटिस जारी किया गया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 4 नवंबर 2024 को तीनों अधिकारी व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है। मामला मकान मालिक और किरायेदार के बीच हुए विवाद से संबंधित है। झारखंड के तत्कालीन डीजीपी की पत्नी ने लोअर बाजार थाना में मकान मालिक के परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि कई बार मकान मालिक के परिवार और अन्य लोगों ने जबरन उसके घर में घुसकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। डीजीपी की पत्नी ने मारपीट करने का भी आरोप लगाया। मकान मालिक ने तर्क दिया कि किरायादार किराया नहीं दे रहा था। घर खाली कराने की प्रक्रिया उप-विभागीय मजिस्ट्रेट के माध्यम से कानूनी रूप से शुरू की गयी थी। हालांकि मकान मालिक के अनुसार, किरायेदार ने बदले की भावना से कार्रवाई के रूप में आपराधिक मामला दायर किया।

### प्रदेश किसान मोर्चा की बैठक में चुनाव पर चर्चा

## झारखंड सरकार की झूठे वायदे को उजागर करना है : पवन साहू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मोर्चा की भूमिका क्या होगी, इन सब बातों से संबंधित चर्चा की। वहीं झारखंड सरकार की झूठे वायदे को जनता के सामने उजागर करने की बात कही। उन्होंने कहा की सरकार को उखाड़ फेंकने व किसानों की मुआवजा देने की मांगों को लेकर 7 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने कहा कि मोदी जी द्वारा किसानों के हित में लाई गई 430 योजनाओं से जनता को अवगत करायें। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह, रंजय भारती, रीता प्रसाद, विक्रांत उपाध्याय, अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, सदानंद महतो, कमलेश मंडल, प्रणिता झा, विनोद ठाकुर, कोषाध्यक्ष टोनी जैन साहित अन्य शामिल थे।

## तमाड़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज तमाड़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सलगाडीह इंटर कॉलेज मैदान, तमाड़ में किया जाएगा। मौके पर सभी चूल्हा प्रमुख पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, बोड़ेया, रांची में 3 अक्टूबर को पार्टी द्वारा मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है। इस मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में करन महतो अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

सिल्ली विधानसभा अंतर्गत सोनाहातु के बारेंदा स्थित महातीर्थ सतीघाट मंदिर निर्माण हेतु भूमि एवं शिला पूजन कार्यक्रम का आयोजन कल किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे।

# भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही है सरकार : सुदेश महतो

### सुदेश महतो ने गोमिया और डुमरी में अपना आजसू 247 सेवा केंद्र का किया शुभारंभ

**रांची/बोकारो।** राज्य सरकार पिछले पांच वर्षों से जनाकांक्षाओं के विपरीत कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार का उद्देश्य जनता की आवश्यकताओं को समझते हुए उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना होता है लेकिन यह सरकार अपने ही लोगों को ठगने में लगी है। झूठ की बुनियाद पर खड़ी सरकार से जनता परेशान है और बदलाव चाहती है। जनता ने अपना मत जिस उम्मीद के साथ इस सरकार को दिया था इन्होंने सभी उम्मीदों को तोड़ दिया है। भारत के सबसे बड़े नेता का विचार आज खतरे में है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गोमिया विधानसभा में आयोजित झारखंड नवनिर्माण यात्रा के दौरान कही। यात्रा गोमिया हाई स्कूल से 1बी मार्केट से स्वांग डीएवी स्कूल तक निकाली गई। आजसू पार्टी द्वारा इस यात्रा का आयोजन आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। जेएमएम और कांग्रेस के झूठ, वादाखिलाफी और चरित्र का वास्तविक चेहरा बेनकाब हो चुका है। जनता अब इनके झूठे वादों के भ्रमजाल में फंसने वाली नहीं है। इनके कार्यकाल में अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। राजधानी रांची में हाई कोर्ट के अधिकवक्ता पर गोली चला कर अपराधी फरार हो गए यह इनकी चरमराई कानून व्यवस्था का एक और नमूना है। आए दिन ऐसे कई मामले राज्य के विभिन्न जिलों से सामने आते हैं। राज्य में नक्सली घटनाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के सारे वादे खोखले साबित हुए है। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डुमरी विधानसभा के इसरी बाजार और गोमिया विधानसभा अंतर्गत पेटरवार में अपना आजसू 247 सेवा केंद्र की शुरूआत की। सुदेश कुमार महतो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दोनों महानुभावों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव एवं विधायक लम्बोदर महतो, उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, नजरूल हसन हासमी, यशोदा देवी, दुर्योधन महतो, संतोष महतो, नवीन महतो, अनुप पाण्डेय, सतीश महतो, बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन महतो, चंदन सिन्हा, श्रीधर महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झामुमो हो रहा है मजबूत : मुस्ताक आलम

**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति के रातु प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा, युवा मोर्चा और क्रीड़ा मोर्चा के गठन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दीं। झामुमो आंदोलन की पार्टी है। संघर्ष कर हमने अलग राज्य पाया। उन्होंने कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हटाने के लिए साजिश रच रही है। मौके पर कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम , जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, जिला संगठन सचिव जुल्फिकार खान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, झामुमो रातु प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

**घुसपैठियों का वोट बैंक...**
घोटाले की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का गरीब से गरीब परिवार भी अपने घर के बाहर राहगीरों की सेवा के लिए पानी का मटका रखता है, लेकिन ये लोग पानी की योजना का पैसा भी खा गए। झारखंड में विगत महीनों में जांच एजेंसियों की कार्रवाई में करोड़ों की रकम बरामदगी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पैसे की ऐसी बंदरबांट कहीं और नहीं दिखी। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में हूं। सीएम और पीएम रहा, लेकिन इतने नोट कभी नहीं देखे, जितने झारखंड में कांग्रेस के नेताओं के घरों से बरामद होते टीवी पर देखा। जेएमएम और कांग्रेस सरकार की विदाई होने को है तो इन्होंने भ्रष्टाचार की स्पीड और बढ़ा दी है।

**ट्रांसफर-पोस्टिंग का बड़ा उद्योग चल रहा :** पिछले दो सप्ताह में हजारों ट्रांसफर हुए हैं। यहां ट्रांसफर-पोस्टिंग का बड़ा उद्योग चल रहा है। करोड़ों रुपए का खेल जेएमएम ने किया है। लेकिन, यह खेल अब नहीं चलने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल्द ही सरकार भी बदलेगी और लूट का हिसाब भी होगा। उन्होंने कहा, अब पाई-पाई का हिसाब होने वाला है।

**आदिवासियों को अल्पसंख्यक बनाना चाहती है झामुमो :** झामुमो पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि यह पुरानी झामुमो नहीं है। आज इस पार्टी को वे लोग चला रहे हैं, जो झारखंड की सदियों पुरानी पहचान को मिट्टी में मिलाना चाहते हैं। इनके लोग और कांग्रेस में बैठे इनके आका झारखंड में आदिवासी समाज को अल्पसंख्यक बनाना चाहते हैं। उन्होंने आदिवासियों को हमेशा ठगा है।

**आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही कांग्रेस :** प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर आरक्षण खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग एससी-एसटी और पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं, लेकिन जब तक भाजपा है, तब तक आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता।

**बम विस्फोट कर रेलवे...**
के अनुसार साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगा घुट्ठ टोला से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एमजीआर रेल लाइन पोल संख्या 40/1 के समीप बुधवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने बम विस्फोट कर दिया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को बुधवार की अहले सुबह उस वक्त हुई जब वे वहां से गुजर रहे थे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना एनटीपीसी के कर्मियों व पुलिस अधिकारियों को दी। ग्रामीणों के अनुसार, उस ट्रैक से ललमटिया से फरक्का की ओर जाने वाली एक मालगाड़ी करीब सुबह छह बजे गुजरने वाली थी लेकिन उससे पहले ही ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक को देख लिया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गयी। इसके बाद एनटीपीसी के कर्मियों ने उस मालगाड़ी को पोल संख्या 42/2 के पास रोक दिया। एनटीपीसी के नाइट गार्ड जितेंद्र साह ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 11.30 बजे में ड्यूटी के दौरान उसने विस्फोट की आवाज सुनी थी लेकिन टायर फटने की आशंका की वजह से वह उस वक्त ध्यान नहीं दिया। सुबह मुंशी द्वारा पटरी में बम ब्लास्ट की सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना से महज 10 फीट की दूरी पर एक तार भी बरामद किया गया है।

**आदिवासियों के विकास के...**
विद्युतीकरण भी राष्ट्र को समर्पित किया। 170.74 करोड़ रुपये की लागत से 75,884 लाभार्थियों के घर बिजली पहुंची। प्रधानमंत्री जनमन के तहत 5,557 लाभार्थी गांवों में पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। उन्होंने इसको भी राष्ट्र को समर्पित किया। 120 आंगनबाड़ी, 250 बहुउद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास का तोहफा भी दिया। इसके अलावा 3,000 गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल मेडिकल इकाइयों और 500 आंगनबाड़ी केंद्रों का भी लोकार्पण किया।

## एनटीपीसी की फरक्का-ललमटिया रेलवे ट्रैक को उड़ाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा घुटू टोला के पास अपराधियों ने रेलवे ट्रैक को विस्फोट कर उड़ा दिया है। यह घटना मंगलवार की देर रात की बतायी जा रही है। अपराधियों ने जिस रेलवे ट्रैक को उड़ाया है वह एनटीपीसी की फरक्का-ललमटिया रेलवे ट्रैक है। इस घटना के बाद कोयले की ढुलाई ठप हो गयी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है और मामले की जांच में जुटी हुई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विस्फोट इतना भयानक था कि रेलवे ट्रैक का टुकड़ा घटनास्थल से काफी दूर जाकर गिरा। विस्फोट के कारण रेल लाइन में 470 सेंटीमीटर का गैप हो गया है। इस रेल लाइन से गोड्डा जिले में स्थित ललमटिया कोयला परियोजना से एनटीपीसी फरक्का को कोयले की आपूर्ति की जाती है। इस लाइन पर केवल मालगाड़ी ही चलती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




# हम ईरान के हमले का जवाब देंगे, हमारा प्लान तैयार है, लेकिन समय और जगह हम चुनेंगे : आईडीएफ



## मध्य पूर्व में युद्ध की आहट जी-7 ने बुलाई बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईजरायल और हमास-हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष यह ईरान और इजरायल के बीच औपचारिक युद्ध में बदलता दिख रहा है। 27 सितंबर को हिजबुल्लाह प्रमुख नसरल्ला के इजरायली हमले में मारे जाने के बाद मध्य पूर्व एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने मंगलवार को इजरायल पर 180 बैलेस्टिक मिसाइल दाग कर एक तरह से औपचारिक युद्ध की शुरूआत कर दी है। वहीं इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि हम ईरान के हमले का जवाब देंगे, हमारा प्लान तैयार है, लेकिन समय और जगह हम चुनेंगे। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है।

यरुशलम में सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने एक बड़ी गलती की है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पहले इसी साल अप्रैल में सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए हमले के बाद ईरान ने इस्राइल पर हवाई हमले किए थे। ईरान ने उस वक्त इस्राइल पर 330 मिसाइलें दागी थीं। इस दौरान ड्रोन हमले भी किए गए थे। उधर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इस हमले को जायज ठहराया है। पेजेशकियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान किसी भी खतरे के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। मालूम हो कि इसके कुछ समय पूर्व हिजबुल्लाह के कई नेताओं, उग्रवादियों व समर्थकों के पेजर, वॉकी-टॉकी और सोलर उपकरणों में विस्फोट में बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए थे।

### भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने करने को कहा

भारत ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के संबंध में बुधवार को कहा कि हम पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति के बिगड़ने पर चिंतित हैं। भारत ने सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि यह जरूरी है कि मौजूदा संघर्ष व्यापक क्षेत्रीय रूप अख्तियार न करे। भारत ने सभी मुद्दों को विचार-विमर्श और कुटनीति के जरिए हल किए जाने पर जोर दिया है। बयान में इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमले और उसके पहले के घटनाक्रम का सीधे रूप से उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, तनाव की स्थिति को देखते हुए इटली की प्रधानमंत्री जोर्जिया मेलोनी ने जी-7 की बैठक बुलाई है।

### दोस्त के जानी दुश्मन बनने की कहानी




### इस्लामिक क्रांति के बाद दोस्त से दुश्मन बन गए इजरायल और ईरान

ईरान और इस्राइल रिश्तों की शुरूआत साल 1948 से होती है। इस्राइल की स्थापना के बाद उसे मान्यता देने वाला ईरान तुर्की के बाद दूसरा मुस्लिम-बहुल देश था। उस वक्त ईरान में पहलवी राजवंश का शासन था। पहलवी राजवंश अमेरिका का समर्थक था जबकि इस्राइल अमेरिका का समर्थन करता था। दोनों ने एक दूसरे के यहां अपने राजदूत नियुक्त किए। व्यापारिक संबंध भी बढ़े और जल्द ही ईरान इस्राइल के लिए तेल आपूर्ति का प्रमुख स्त्रोत बन गया। दोनों ने 1968 में एक पाइपलाइन शुरू की जिसका उद्देश्य ईरान के तेल को इस्राइल और फिर यूरोप भेजना था। ईरान में 1979 में हुई इस्लामी क्रांति ने दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास ला दी।

### हूति विद्रोहियों ने ड्रोन हमले का किया दावा

**सना।** यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को इजरायली क्षेत्रों में ड्रोन हमले करने का दावा किया। ईरान समर्थित ग्रुप ने कहा कि हमले इजरायल के जाफा क्षेत्र और उसके बंदरगाह शहर ईलात में 'सैन्य ठिकानों' पर किए गए। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेई ने कहा, हमने एक ड्रोन जाफा क्षेत्र में एक सैन्य टारगेट पर दागा और चार 'सम्मद-4' ड्रोनों से ईलात में मिलिट्री टारगेट्स को निशाना बनाया।

## करोड़ों की उल्टी की तस्करी तैरता सोना कहा जाता है



एजेंसी

**मुंबई।** ठाणे पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 6.20 करोड़ रुपये मूल्य का 5.6 किलो एम्बरग्रीस (व्हेल की उल्टी) जब्त किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनिल भोसले, अंकुश शंकर माली और लक्ष्मण शंकर पाटिल के रूप में हुई है। ठाणे क्राइम ब्रांच की कल्याण यूनिट को सूचना मिली थी कि ये लोग पाइपलाइन रोड से बदलापुर तक एक कार में एम्बरग्रीस की तस्करी करने की कोशिश कर रहे हैं।पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। तीनों आरोपियों को मंगलवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि पकड़ा गया एम्बरग्रीस अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचा जाना था। यह घटना इस बात का सबूत है कि वन्यजीवों से जुड़े अपराध का दायरा कितना बड़ा है। पुलिस इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है ताकि पता चल सके कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।एम्बरग्रीस एक दुर्लभ पदार्थ है जिसका उपयोग परफ्यूम बनाने में किया जाता है। परफ्यूम बनाने वाली कंपनियों में इसकी बहुत मांग है। इसका इस्तेमाल परफ्यूम को लंबे समय तक सुरक्षित और सुगंधित रखने के लिए किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। इसके अलावा व्हेल की उल्टी का प्रयोग दवाइयां बनाने की लिए भी किया जाता है। वहीं महंगी शराब और सिगरेट बनाने में भी ये उल्टी काम आती है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने लिखा चीन के राष्ट्रपति को पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को



पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश भेजा है। 1 अक्टूबर 1949 को चीन में कम्युनिस्ट शासन की स्थापना हुई थी। पार्टी नेता माओत्से तुंग ने इस दिन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के निर्माण की घोषणा की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 27 सितंबर को चीन के राष्ट्रपति को यह पत्र लिखा था। चीन के भारत में राजदूत जू फेइहोंग ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पत्र को साझा किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने पत्र में कहा है कि भारत और चीन दो बड़े पड़ोसी देश हैं, जिनके साझा क्षेत्रीय हित और कई विकासात्मक चुनौतियां हैं। इसे देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि दोनों देश शांतिपूर्ण एवं स्थिर संबंधों की दिशा में प्रयास करें।

## द. अफ्रीका में हाथियों को मारने के फैसले का विरोध

एजेंसी

**लुसाका।** जाम्बिया स्थित अंतरराष्ट्रीय संरक्षण निकाय अफ्रीकन रिवर्स ने दक्षिणी अफ्रीकी देशों में हाथियों को मारने की योजना का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की घटनाओं का न केवल लोगों पर बल्कि वन्यजीवों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कुछ दक्षिणी अफ्रीकी देशों द्वारा जंगली जानवरों को मारने का प्रस्ताव लाया जा रहा है, जो मानव और वन्यजीव कल्याण के लिए सही नहीं है। अफ्रीकन रिवर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बॉबसन सिकला ने कहा, ''वन्यजीवों को मारने से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ जाएगा। पशुओं की आबादी कम होने के साथ टूरिज्म में भी घाटा होगा।'' सिकला ने आगे कहा, ''हमारा संगठन संबंधित सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ



मिलकर सही उपायों को लागू करने के लिए तैयार है, जिससे 95 प्रतिशत हाथियों और अन्य वन्यजीवों को मारे जाने से बचाया जा सकेगा और सूखे से प्रभावित लगभग 60 प्रतिशत लोगों को भोजन भी मिल सके।'' उन्होंने बताया कि अफ्रीकी रिवर्स ने इसके लिए 2024-2025 क्षेत्रीय परियोजना विकसित की है, जिसका उद्देश्य हाथियों और अन्य वन्यजीवों को बचाना है।

### जमैका के पीएम एंड्रयू होलनेस वाराणसी पहुंचे

**वाराणसी।** जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस बुधवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर राष्ट्रीय हवाईअड्डे के एप्रन पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल,प्रदेश के संसदीय कार्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस का गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट से बाहर निकलने पर सांस्कृतिक ग्रुप के कलाकारों ने मनोहारी नृत्य से स्वागत किया। मेहमान प्रधानमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच वाहनों के काफिले में प्रधानमंत्री एंड्रू होलनेस सारनाथ के लिए रवाना हुए। ऐतिहासिक सारनाथ में मेहमान प्रधानमंत्री पुरातात्विक खंडहर, संग्रहालय, स्तूप आदि का अवलोकन करेंगे। सुरक्षा कारणों से सारनाथ में आम पर्यटकों के लिए पुरातात्विक खंडहर परिसर व पुरातात्विक संग्रहालय बंद कर दिया गया।

## बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर अल्पाका बरामद किया

एजेंसी

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर वन्यजीव तस्करी की एक और कोशिश को विफल कर दिया है। जवानों ने बांग्लादेश से भारत में तस्करी करके लाए जा रहे अल्पाका को बरामद किया है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी और प्रवक्ता एन के पांडे ने कहा, बानपुर सीमा चौकी पर तैनात 32 बटालियन बीएसएफ के जवानों ने सीमा बाड़ के पार कुछ हलचल देखी। पास पहुंचने पर उन्होंने देखा कि तीन बांग्लादेशी तस्कर बांस की सीढ़ी का इस्तेमाल कर एक जानवर को भारत में भेजने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि बाड़ के दूसरी ओर चार भारतीय तस्कर खड़े थे, जो अल्पाका (जानवर) को पकड़ने का इंतजार कर रहे थे। जानवर बाड़ पर गिर गया था।



प्रवक्ता ने कहा, जवानों ने चेतावनी दी और फिर फायरिंग की। बांग्लादेशी लोग शून्य रेखा पार करके भाग गए, जबकि भारतीय तस्कर आम के बगीचे में छिप गए। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवान जानवर को बानपुर सीमा चौकी ले गए, जहां उसकी पहचान अल्पाका के रूप में हुई। अल्पाका को उचित पुनर्वास और देखभाल के लिए वन विभाग को सौंप दिया गया है।

## एजुकेशन/करियर

भारत में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने स्वयं पोर्टल को लाया है। इस पोर्ट में ओनलाईन माध्यम से पढ़ाया जाता है। इसमें भारत के लाखों विद्यार्थी जूड़े हुए है।स्वयं भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है, जिसे शिक्षा नीति के तीन मुख्य सिद्धांतों, पहुंच, समता और गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रयास का उद्देश्य सबसे अधिक वंचितों सहित सभी को सर्वोत्तम शिक्षण अधिगम संसाधन उपलब्ध कराना है। स्वयम उन छात्रों के लिए डिजिटल अन्तराल को पाटने का प्रयास करता है जो अब तक डिजिटल क्रांति से अछूते रहे हैं और ज्ञान अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल नहीं हो पाए हैं। स्वयम एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जो कक्षा 9 से लेकर पोस्ट-ग्रेजुएशन तक किसी भी समय, किसी भी स्थान पर किसी को भी एक्सेस करने के लिए सभी पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रदान करता है। सभी पाठ्यक्रम इंटरैक्टिव हैं, जो देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए हैं और किसी भी शिक्षार्थी के लिए मुफ्त उपलब्ध हैं।

# स्वयं पोर्टल में होती है फ्री ऑनलाइन पढ़ाई

### स्वयम पर होस्ट किए गए पाठ्यक्रम 4 भाग में हैं

- वीडियो लेक्चर,
- विशेष रूप से तैयार की गई पठन सामग्री जिसे डाउनलोड / प्रिंट किया जा सकता है
- परीक्षण और क्विज़ के माध्यम से स्व-मूल्यांकन परीक्षण
- संदेह दूर करने के लिए एक ऑनलाइन चर्चा मंच । ऑडियो-वीडियो, मल्टीमीडिया और कला शिक्षण / प्रौद्योगिकी की स्थिति का उपयोग करके सीखने के अनुभव को समृद्ध करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

### जानिए **स्वयं पोर्टल** के बारे में कुछ विशेष बातें

- स्वयं एक ऑनलाईन लर्निंग पोर्टल है. जो विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क है. इसलिए स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स भी निशुल्क है.
- इस पर 9वीं कक्षा से लेकर स्नाताकोतर तक के कोर्स उपलब्ध है.
- जो छात्र प्रमाणपत्र लेना चाहेंगे. उन्हें कुछ फीस लेकर कोर्स को सफलतापूर्वक उतीर्ण करने के बाद प्रमाणपत्र दिया जाएगा.
- स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध पाठयक्रम के 4 भाग हैं - विडियो व्याख्यान खास तौर से तैयार की गई अध्ययन सामग्री जो डाउनलोड और मुद्रित की जा सकती है, परीक्षा तथा प्रशनोतरी के माध्यम से स्व्मूल्यांकन परीक्षा तथा अंतिम शंकाओं के समाधान के लिए ऑनलाईन विचार-विमर्श।
- स्वयं पोर्टल पर इंजीनियरिंग,साइंस, मानविकी, भाषा ,कॉमर्स, मैनेजमेंट,लाइब्रेरी , शिक्षा आदि विषयों के कोर्स उपलब्ध है।




### जानिए स्वयं पोर्टल का उपयोग कैसे करें

- स्वयं पोर्टल का उपयोग करने के लिए आपको पोर्टल की अधिकारिक पर जाना होगा। स्वयं पोर्टल की www.swayam.gov.in है।
- आप चाहे तो अपने एंड्रोयड फोन में इसका एप डाउनलोर्ड करकर भी पोर्टल का इस्तेमाल कर सकते है।
- स्वयं पोर्टल पर कोर्स को पढने के लिए आपको रजिस्टर करना पडेगा. जिसके लिए आपको एक रजिस्ट्रेशन फोर्म में मांगी गई आवश्यक जानकारी को सही-सही भरना है।रजिस्टर करने के बाद आप कभी भी स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स को पढ सकते है।

### ..जानिए स्वयं पोर्टल से ऑनलाइन फ्री कोर्स कैसे करें

- हमने ऊपर बताया कि स्वयं पोर्टल भारत सरकार का ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल है. जिसका उद्देश्य विद्यार्थी के शिक्षा को उच्च गुणवता की ऑनलाइन एजुकेशन उपलब्ध करवाना है। स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स सीखने वालों के लिए मुफ्त है। जिनमें एडमिशन लेकर हर कोई फ्री ऑनलाइन कोर्स कर सकता है।